उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में कालीन उद्योग का योगदान

(ROLE OF CARPET INDUSTRY IN ECONOMIC DEVELOPMENT OF UTTAR PRADESH)

(इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी0 फिल0 उपाधि के लिए प्रस्तुत)

शोध प्रबन्ध

अनुसन्धाता

सुरेश चन्द्र

एम०काम०

दिग्दर्शक

प्रो० रमेन्दु राय

वाणिज्य एव व्यवसाय प्रसाशन विभाग,

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

1999

श्रद्धेय स्वर्गीया माता जी की स्मृति में समपित

प्राक्कथन

लघु एवं कुटीर उद्योग किसी देश की आर्थिक विकास का प्रमुख निर्धारक कारक होता है। इससे न केवल स्थानीय लोगों में रोजगार का सृजन होता है बल्कि इससे देश के शाश्वत विकास में एवं समृद्धि में भी सहायता मिलती है। भारत जैसे विकासशील देश में लघु एवं कुटीर उद्योगों का स्थान अद्वितीय है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के द्वारा कालीन उद्योग का उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में क्या योगदान है ? तथा उसका सामाजिक, रोजगारोन्मुखी योगदान पर भी अध्ययन किया गया है।

यद्यपि अध्ययन के द्वारा जन सामान्य लोगों के विचारों एव उनके द्वारा प्रेषित सुझावों का विश्लेषण इस शोध प्रबन्ध में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, और अधिक से अधिक निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया गया है। किन्तु इस पर अधिक शोध की आवश्यकता राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक है, जिनसे जन सामान्य को पूरे देश में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढावा देने के प्रति प्रेरित किया जा सके, जो कि देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में उ0 प्र0 के आर्थिक विकास में कालीन उद्योग के योगदान एवं कालीन उद्योग की समस्याओं, विशेष कर श्रम की समस्या पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है। भारत में लघु एवं कुटीर उद्योगो के प्रति चेतना का अभाव होने के कारण इसके उत्पादिता में कोई खास प्रगति नहीं हुई है।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध पाँच अध्यायों में बाँटा गया है और प्रत्येक

अध्याय को आवश्यकतानुसार उप-अध्यायों में विभाजित करके अलग-अलग शीर्षक के अन्तर्गत अध्ययन किया गया है। अध्यायों का विवरण निम्नलिखित है।

1. शोध अध्ययन का स्वरूप, औचित्य एव प्रमुख बातें।
2. शोध अध्ययन की परिकल्पना एवं उद्देश्य।
3. उ0प्र0 में कालीन उद्योग का विश्लेषणात्मक अध्ययन।
4. उ0प्र0 में कालीन उद्योग में बाल श्रमिक एक विश्लेषण।
5. शोध अध्ययन का निष्कर्ष एव संस्तुतियाँ।

प्रस्तुत शोध ग्रन्थ में प्रथम अध्याय में यह दर्शाया गया है, कि शोध अध्ययन का स्वरूप क्या है, तथा कालीन उद्योग की ऐतिहासिक भूमिका क्या रही है ? एवं वर्तमान से पाश्चात्य का कालीन उद्योग का सम्बन्ध किस प्रकार जुड़ा रहा, जो वर्तमान में विद्यमान है तथा इसी अध्याय में कालीन उद्योग का विकास किस प्रकार हुआ है, और यह उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये कहाँ तक महत्वपूर्ण है, इसका अध्ययन किया गया है।

द्वितीय अध्याय में शोध अध्ययन की परिकल्पना एवं शोध अध्ययन का उद्देश्य तथा शोध अध्ययन की विधि के साथ उपलब्ध साहित्य की समीक्षा, प्रश्नोत्तरी एवं जाँच समस्या आदि बिन्दुओं पर विस्तृत अध्ययन कर उल्लेखित किया गया है।

तृतीय अध्याय में उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग की प्रकृति, उ0प्र0 में कालीन उत्पादन का क्षेत्र, भदोही-मिर्जापुर में कालीन उद्योग का इतिहास, उ0प्र0 में कालीन निर्यात की इकाइयाँ कौन-कौन सी है,

और कहाँ स्थित है ? उ0प्र0 में कालीन की गुणवत्ता, किस्म, एवं मूल्य क्या रहा है। तथा उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग का संगठनात्मक ढाँचा एवं उत्पादन प्रक्रिया किस प्रकार है। कालीन उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ क्यों कही जाती है ? उ0प्र0 की अर्थव्यवस्था में कालीन उद्योग का योगदान किस प्रकार कितना है ? कालीन उद्योग में प्रयोग किये जाने वाले कच्चे माल की समस्या, इसमें प्रयुक्त होने वाले आधुनिक तकनीक का अभाव तथा इसमें कार्य करने वाले प्रशिक्षित बुनकरों का प्रादुर्भाव, कालीन उद्योग के आधारभूत ढाँचे से सम्बन्धित समस्यायें, कानून एव कर सम्बन्धी समस्याओं के साथ, पर्याप्त वित्तीय सहयोग का अभाव किस प्रकार इस उद्योग का प्रभावित कर रहा है। कालीन उद्योग में सरकार कहाँ तक सहयोग कर सकी है, कालीन उद्योग में मूलभूत ढाँचागत सुविधायें कहाँ तक प्रदान की जा सकी है ? वित्तीय सहायता कहाँ तक प्राप्त है ? कच्चे माल की आपूर्ति किस प्रकार रही है ? और बेहतर विपणन व्यवस्था कैसे प्रदान की जा सकती है ? निर्यात बढावा योजनायें कौन-कौन सी है। कालीन उद्योग में प्रयुक्त होने वाले डिजाइनों का विकास किस प्रकार रहा है, तथा इसमें किस प्रकार से विकास किया जा सकता है। आधुनिक तकनीको द्वारा इस उद्योग का बाजार अनुसंधान किस प्रकार किया जा सकता है। जिससे कालीन उद्योग के उत्पादन एवं निर्यात में प्रोत्साहन प्रदान किया जा सके। बाजार विकास फण्ड की स्थिति कैसी है, इसमें सुधार के कौन-कौन से उपाय और कैसे हो सकते है, प्रदर्शनी और प्रचार के द्वारा इस उद्योग को संजीवनी किस प्रकार की जा सकती है, साथ ही प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य नियंत्रण किस प्रकार स्थापित किया जा सकता है ? इत्यादि समस्याओं का अध्ययन एवं सुझाव पर विस्तृत विचार व्यक्त किये गये है।

चतुर्थ अध्याय के अन्तर्गत कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की पृष्ठभूमि, कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की प्रकृति, कालीन निर्माण में बाल श्रमिकों की भूमिका, कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की कार्य परिस्थतियॉ एवं मजदूरी, कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों के प्रयोग के क्या कारण है? कालीन उद्योग में बाल श्रमिक को नियोजित किये जाने के परिणामस्वरूप देशी व विदेशी आपत्तियॉ क्या है? बाल श्रमिक एव बधुवॉ मजदूर की समस्या आदि तथ्यों पर अध्ययन किया गया है।

पंचम अध्याय के अन्तर्गत प्रस्तुत शोध ग्रन्थ में अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष क्या है? जैसे-विश्व कालीन बाजार, कालीन में निर्यात, कालीन उद्योग में प्रबन्धन, कालीन उद्योग में बाल श्रमिक आदि बिन्दुओं का अध्ययन कर शोधकर्ता द्वारा प्राप्त किया गया निष्कर्ष एवं सुझावों को उल्लेखित किया गया है।

मै सबसे पहले स्वर्गीय डा0 श्री लक्ष्मण स्वरुप भूतपूर्व रीडर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रति आभार व्यक्त करता हूॅ तथा उनके दिवगंत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ, कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें, साथ ही उनके परिवार को इस असामयिक निधन पर शोक एवं पीड़ा को सहन करने की ईश्वर शाक्ति दें, जिनके प्रेरणा से मैं अपने आपको शोध प्रबन्ध के क्षेत्र में प्रस्तुत किया, ऐसे श्रेष्ठ पुरुष को मेरा कोटिशः प्रणाम।

वर्तमान में अपने शोध निर्देशक रमेन्दु राय, प्रोफेसर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग-इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रति आभारी हूँ, जिनके पुत्रवत स्नेहाशीष आर्शीर्वाद के परिणाम स्वरुप

यह शोध प्रबन्ध प्रस्तुत रूप में तैयार हो सका।

मै सम्माननीय ज्ञान के मसीहा माननीय प्रो0 जगदीश प्रकाश, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रति अत्यन्त आभारी हूँ, जिन्होंने विभाग में मुझे शोध का अवसर प्रदान कर, इस कार्य के लिए प्रेरित किया।

मैं अपने परमपूज्यनीय प्रो0 एस0पी0 सिंह, डीन, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रति अत्यन्त आभार व्यक्त करता हूँ जिनके प्रेरणा श्रोत से प्रस्तुत शोध साकार रूप लेने में पर्याप्त मदद मिली है।

मै डॉ0 रजना दास, वक्शीकला दारागज, इलाहाबाद को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिनके सुझाव एवं प्रयास से यह कृत अत्यधिक परिपूर्ण हो सका, और मैं इनके द्वारा विषम पारिस्थतियों में समसहयोग के लिये विशेष अभारी हूँ।

मैं अपने अनुज डॉ0 जितेन्द्र नाथ दूबे भूतपूर्व शोध छात्र, वाणिज्य एव व्यवसाय प्रशासन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद को कोटिशः धन्यवाद देता हूँ, जिनके निरन्तर प्रयास से इस ग्रन्थ को बनाने में अपूर्णनीय सहयोग प्राप्त हुआ है, और साथ–साथ प्रेरणा के श्रोत रहें श्री सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद तथा बडे भाई श्री मोती लाल विश्वकर्मा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद को धन्यवाद देना चाहूँगा कि उनके सहयोग से इस शोध कार्य को पूरा करने में अत्यन्त मदद मिली है।

इसके अलावा डॉ० बी० शर्मा, निदेशक, श्रमिक विद्यापीठ, इलाहाबाद के प्रति भी आभार प्रकट करता हूँ जिनके सुझाव एवं परामर्श से इस तरह का शोघ कार्य करने की मुझे प्रेरणा मिली।

मैं डॉ० कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, भूतपूर्व शोध छात्र, वाणिज्य विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद एवं डॉ० मनीष कुमार सिन्हा, प्रवक्ता चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कालेज, इलाहाबाद को भी धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने समय-समय पर हमारे शोध की प्रगति में रुचि लेकर मेरा उत्साहवर्धन करते रहें। वाणिज्य विभाग के समस्त अध्यापकों तथा शोधार्थियों का भी मैं आभारी हूँ, जिन्होंने न केवल मुझे अपना पूरा सहयोग दिया, बल्कि समय-समय पर बहुमूल्य सुझाव भी दिये। मैं श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, वालेण्टरी इन्स्टीच्यूट फॉर कम्यूनिटी एप्लाइड साइन्स-विकास, एच डी.-८६, ए.डी.ए. कालोनी, नैनी, इलाहाबाद को भी धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने मुझे शोध कार्य के शिखर अवधि मे तमाम कार्यालय सम्बन्धी कार्यो से मुक्त रखा।

श्री आर०एल० विश्वकर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, विज्ञान वेधशाला, नैनीताल उ०प्र०, डॉ० मेवा लाल ''चैतन्य'' निदेशक ''पातंजली योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, तेलियरगंज, इलाहाबाद श्री कल्लन प्रसाद शर्मा, हण्डिया, इलाहाबाद, श्री सतीश चन्द्र त्रिपाठी, उप जेल अधीक्षक, कानपुर उ०प्र०, श्री राहुल अग्रवाल, (एम.बी.ए.) नैनी, इलाहाबाद, डॉ० लक्ष्मीकान्त शर्मा, करछना, इलाहाबाद, श्री प्रेमराज सिंह, निदेशक, विनय टेरिटेबुल संस्थान, करछना, इलाहाबाद का भी मैं आभारी हूँ जिन्होंने मेरे शोध कार्य में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया।

मै अपने पिता एवं स्वर्गीया माता जी, भाईया-भाभी तथा अनुज एंव उसकी पत्नी तथा अपनी बहनों के प्रति भी विशेष आभारी हूँ, जिनका आशीर्वाद और स्नेह हमेशा हमारे साथ रहा, साथ ही मै

अपने पत्नी के परिवार का भी आभारी हूँ, जिन्होंने हमेशा ही हमारा उत्साह बढाया है।

मै अपनी जीवन संगिनी श्रीमती कमला देवी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके धैर्य एवं असीम सन्वोष के फलस्वरूप यह कार्य सम्भव हो सका है। मैं ईश्वर से कामना करता हूँ कि मुझे जन्म जन्मातर तक इनका पत्नी के रूप में सहयोग मिलता रहे, साथ ही अपने बच्चों के प्रति भी आभारी हूँ। जिनके प्यार एवं सहयोग से कार्य पूरा हुआ है।

अन्त में मैं अजय शर्मा (कप्म्यूटर प्वाइन्ट) श्री रजनीश श्रीवास्तव, मुद्रक· कृष्णा प्रिन्टर्स, (कृष्णा कम्प्यूटर) ए0डी0ए0 कालोनी, नैनी, इलाहाबाद को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिनके परिश्रम और लगन के साथ, प्रस्तुत शोध ग्रन्थ को मुद्रित कर इस शोध कार्य को पूरा करने में विशेष योगदान किया।

सुरेश चन्द्र

(सुरेश चन्द्र)

विषय – वस्तु

अध्याय–एक

शोध अध्ययन का स्वरूप, औचित्य एवं प्रमुख बातें

1.1 प्रस्तावना, शोध अध्ययन का स्वरूप

1.2 ऐतिहासिक, भूमिका एवं वर्तमान से पाश्चात्य का सम्बन्ध

1.3 कालीन उद्योग का विकास एवं महत्व

अध्याय—एक

शोध अध्ययन का स्वरूप, औचित्य एवं प्रमुख बातें

1.1 प्रस्तावन एवं शोध अध्ययन का स्वरूप :

प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य इस बात का विस्तृत अध्ययन एवं आर्थिक विकास के अन्तर्गत भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास समस्यायें तथा उनके समाधान हेतु कालीन उद्योग का महत्व एवं उसका योगदान क्या है? योजनाबद्ध आर्थिक विकास के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की प्राथमिकताओं एवं विकास प्रक्रिया के नियोजन में लघु उद्योगों एवं कुटीर उद्योगों का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आर्थिक नियोजन एवं पांच वर्षीय योजनाओं में भी लघु एवं कुटीर उद्योगों को महत्व दिया गया है।

भारत में नियोजन के सर्वोपरि लक्ष्यों में औद्योगीकरण का प्रमुख स्थान है। योजनाकाल में भारत के औद्योगिक उत्पादन में विविधता आयी है, जिससे अनेक नई किस्म की वस्तुओं का उत्पादन होने लगा है। देश का औद्योगिक स्वरूप पूर्णतया परिवर्तित हो गया है। वस्तुतः भारत सरकार द्वारा प्रथम पंचवर्षीय योजना आरम्भ करने के साथ ही औद्योगिकरण के लिए गम्भीर प्रयास किये। यद्यपि औद्योगिक नीति सम्बन्धी प्रस्ताव 1948 ने इस सम्बन्ध में आधारभूत ढंचा प्रदान किया, जहां कुटीर एवं लघु उद्योगो के विकास पर बल दिया गया था, साथ ही औद्योगिक सम्बन्धों को सुधारने के लिए उचित मजदूरी

एवं श्रमिको के लिए आवास सुविधा बढ़ाने की बात स्वीकार की गयी थी। औद्योगिकरण के जुझारू तथा सचेत प्रयास विस्तृत आधार वाली औद्योगिक नीति सम्बन्धी प्रयास 1956 में ही किये गये।

अर्थ व्यवस्था के औद्योगिक विकास एवं ढांचा में बड़े उद्योगों के साथ-साथ लधु एवं कुटीर उद्योगो एवं निजी उद्योगों को शामिल किया जाता है। क्योंकि लधु एवं कुटीर उद्योगों में पूंजी का विन्नियोग तो चाहे भले ही कम हो, परन्तु श्रम का उपयोग ज्यादा होता है। क्योंकि लघु एवं कुटीर उद्योग वास्तव में छोटे आकार के होने के कारण उत्पादन पारम्परिक वस्तुओं का करते है। लघु एवं कुटीर उद्योगो में मजदूरों का प्रयोग सामान्य तौर पर किराये पर न करके एक ही परिवार के सदस्यों के साथ पूरा किया जाता है, परव्तु इसके अलावा यदि आवश्यकता के अनुसार जब उत्पादन स्थानीय के अलावा अन्य बाहरी बाजारों के लिए भी किया जाता है, तो श्रम को किराये पर भी लिया जा सकता है। इसके साथ-साथ लघु एवं कुटीर उद्योगों का उत्पादन हस्त विद्याओं को प्रमुखता के दाश परम्परागत वस्तुओं का उत्पादन होता है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने उद्योगों के अधिकाधिक स्थापना हेतु उद्योगों को चार श्रेणियों में बाँटा है।

(I) लघु एवं कुटीर उद्योग :

लघु एवं कुटीर उद्योग धन्धे वे धन्धे है, जो अंशत. परिवार के सदस्यों के द्वारा ही चलाये जाते है। यह कार्यपूर्ण

एवं आंशिक कार्य के रूप में किया जाता है, और ऐसे उद्योगों की पूँजी निवेश की सीमा ज्यादा से ज्यादा रूपये 5 लाख तक होती है।

(ii) लघु उद्योग :

लघु उद्योग की श्रेणी में वे उद्योग आते है, जिनकी पूॅजी निवेश सीमा ज्यादा से ज्यादा रूपये 60 लाख होती है। तथा कम से कम रूपये 5 लाख होती है, और यदि उद्योग जो अपने द्वारा उत्पादित उत्पाद का 30% निर्यात करता है, तो उसका विनियोजित पूॅजी की अधिकतम् सीमा रूपये 60 लाख के स्थान पर रूपये 75 लाख होगी। परन्तु निर्धारित सीमा जो लघु उद्योग भी है उसी सीमा के अन्दर ही समझा जायेगा।

(iii) सहायक उद्योग :

सहायक उद्योगों की अधिकतम् पूँजी निवेश की सीमा रूपये 75 लाख तक होता है।

(iv) बृहद उद्योग :

बृहद उद्योग के अन्तर्गत ऐसे उद्योग आते है, जिनकी पूँजी निवेश सीमा रूपये 75 लाख से ज्यादा होती है, ऐसे उद्योग की श्रेणी में सरकारी प्रतिष्ठान, अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान, अर्न्तराष्ट्रीय कम्पनियाॅ आदि बृहद उद्योग की श्रेणी में आते है।

परन्तु सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 97-98 लघु आकार की औद्योगिक

इकाइयों के संयत्र एवं मशीनरी के विनियोग की ऊपरी सीमा में रूपये 60 लाख को बढ़ाकर रूपये 3.00 करोड़ कर दी गयी है। इसी प्रकार निर्यातोन्मुख उद्योगों की भी रूपये 75 लाख के विनियोग सीमा रूपये 3.00 करोड़ कर दी गयी, और लघु एवं कुटीर उद्योग की ऊपरी सीमा रूपये 5 लाख से बढ़ाकर रूपये 25 लाख कर दी गयी है।

15 अगस्त सन् 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद यह हमेशा अहसास किया जाता रहा है कि वर्षो के गुलामी में जकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था एवं समाज को आर्थिक, धार्मिक, राजनैतिक परिदृश्य से सम्पन्न करने के लिए लघु एवं कुटीर उद्योग का विकास करना अत्यन्त आवश्यक ही नहीं अपरिहार्य है क्योंकि मात्र कृषि के विकास करने से अर्थव्यवस्था में सृजनात्मक दृष्टिकोण नहीं अपनाया जा सकता है। इसलिए भारतीय सविधान के निर्माणकर्ताओं ने अनुच्छेद 43 में राज्य के नीति निर्धारक सिद्धान्तों के संदर्भ में कहा गया है कि "राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों के व्यक्तिगत या सहकारी आधार पर विकसित करने का प्रयास करेगा"। इसलिए प्रत्येक पाँच वर्षीय योजना के प्रतिवेदनों में विकेन्द्रित आधार पर बृहद संख्या में रोजगार अवसरों के निर्माण, दस्तकारों के वर्तमान दशा को सुधारने और उपभोक्ता एवं निर्यात के लिए वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए ग्रामोद्योग के विकास को अत्यन्त महत्व दिया गया। ऐसा करने के पीछे यह आशा की गयी कि इससे स्थानीय उपलब्ध संसाधनों एवं श्रम का उपयोग उपयुक्त तकनीकी के माध्यम से हो सकेगा। जो खेती एवं बृहद उद्योगों के बीच में काम

करेंगे जिससे रोजगार के अवसर को बढ़ाया जा सकेगा।

लघु एवं कुटीर उद्योग की श्रेणी में हमारे देश का एक उद्योग कालीन उद्योग भी है। यह उद्योग हमारे देश में दस्तकारी युग से प्रभावी रहा है। जो हमारे देश के लिए नया उद्योग नहीं है, और यह उद्योग लोगों को एवं अर्थव्यवस्था में गतिशीलता प्रदान करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान देता चला आ रहा है वर्तमान में कालीन उद्योग उ0प्र0 में यदा कदा लगभग सभी स्थानों पर छोटी बड़ी इकाई के रूप में स्थापित है तथा भारतीय कालीन के बुनाई का कार्य हो रहा है। परन्तु कालीन उद्योग उ0प्र0 राज्य में सबसे ज्यादा सन्त रविदासनगर जिला (भदोही) में बुनाई होती है। इनके अलावा उ0प्र0 के अन्य जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, इलाहाबाद, बलिया, जौनपुर, आगरा, आदि स्थानों पर भी कालीन बुनाई होता है, परन्तु भदोही जो कि सन्त रविदासनगर जनपद में एक स्थान है जहॉ लगभग 80% जनता एवं ग्रामीण समुदाय इस उद्योग से जुड़े है, जिनकी आय का एक मुख्य श्रोत है जो उनकी रोजी-रोटी चलाता है। इसलिए इस क्षेत्र में रहने वाली समस्त जनता का आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को ऊँचा उठाने एवं उनके विकास का एक महत्वपूर्ण साधन है, इसलिए देश में बढ़ती हुई औद्योगिक एवं कृषि सम्बन्धी गतिविधियों के साथ-साथ छोटे-छोटे उद्योगों की भी माँग बढ़ती जा रही है। रोजगार की बढ़ती हुई माँग की पूर्ति के लिए पारम्परिक उद्योगों से श्रोत का प्रयोग अत्यधिक बढ़ने की संभावना है, अतः यह अनुभव किया जा रहा है कि नवकरणीय उद्योग के श्रोत का उपयोग करने से न केवल

वस्तुओं के उत्पादन में सहायता मिलेगी, बल्कि इनके उपयोग से पारम्परिक उद्योगों के श्रोत का और अधिक विकास के साथ–साथ इस दिशा में सार्थक भूमिका का निर्वाह भी होगा। चूँकि नये एवं नवकरणीय उद्योगों के श्रोत में निर्वाध रूप से उत्पादन होता है जिनसे पर्यावरण एवं परिस्थितिकीय सन्तुलन बनाये रखने में मदद मिलती है, और वह श्रोत पर्यावरण में हमें आसानी से उपलब्ध एवं सुलभ है अतः लघु एवं कुटीर उद्योग के विकास एवं उपयोग से देश की ग्रामीण क्षेत्र की काया ही पलट जायेगी और सामाजिक आर्थिक राजनैतिक जीवन स्तर ऊँचा स्वत· उठ जायेगा। नये एवं नवकरणीय उद्योगों के श्रोत का दूरदराज एवं पहाड़ी क्षेत्रों में विकेन्द्रीकृत रूप से लाभप्रद उपयोग किया जा सकता है। नये एवं नवकरणीय उद्योगों से सम्बन्धित परियोजनाए बहुत कम समय में चलायी जा सकती है। और ऐसी योजनाए महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कारगर सिद्ध होगी।

देश के तीव्र आर्थिक विकास एवं लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए बेहतर से बेहतर तथा समुन्नत बनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान एवं भविष्य के उद्योगों के दृश्य पटल के मूल्यांकन से यह स्पष्ट पता चलता है कि आसन्न उद्योगों के संकट का सामना करने के लिए एक मूलभूत नीति तैयार करने की आवश्यकता है, उद्योगों के कमी को देखते हुए न केवल यह आवश्यक है। कि नये उद्योगों की स्थापना की जाय, बल्कि साथ–साथ पारम्परिक उद्योगो को भी बढ़ावा मिलना चाहिए । और यदि कालीन उद्योग को विकेन्द्रीकृत स्वरूप प्रदान किया जाय तो अत्यधिक उपयोगी होगा।

कालीन, फर्श पर बिछाया जाने वाला एक भव्य आवरण है, जो प्रायः कक्षों, बैठकों, कमरों आदि की सज्जा के लिए प्रयोग किया जाता है। अनूठे डिजाइनों वाले कालीन, अभिजात्य वैभव के प्रतीक होता है, भारत में राजा, महाराजाओं, नबावो-उमराओं, सेठो रम्ब रईसों एवं सम्पन्न परिवारों में कालीन का प्रयोग काफी समय से होता चला आ रहा है। किन्तु अब पच सितारा होटलों, विशाल शो रूमों, स्वागत कक्षों, सरकारी अतिथि गृहों, उच्चकोटि के रेस्तराओं, काफी हाउसों, क्लबों आदि में कालीन सजावट का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह न केवल भव्यता वरन् स्वागत सत्कार के लिए अनिवार्य रूप हो गया है।

कालीन उद्योग हस्तशिल्पों का एक महत्वपूर्ण एवं सगठित उद्योग हैं। मुख्यत. यह उद्योग जिससे हजारो बुनकर अपनी जीविका आर्जित कर रहे है या अपनी आय को सम्पूरित कर रहे है। एक बुनकर से लेकर ग्राहक के हाथ में पहुंचने से पहले कालीन को कुछ मध्यस्थों के हाथों से गुजरना पड़ता है। ये लोग बुनकर को प्रायः कच्चा माल उपलब्ध कराते है, और जब बुनकर कालीन को तैयार कर देते हैं तो उसे कम मूल्य पर खरीद लेते हैं। इस प्रकार लाभ का एक बड़ा भाग प्रायः विचौलिए ले लेते हैं बुनकर को पारिश्रमिक के रूप प्रायः कम धनराशि ही मिलती है। आजकल कुछ बड़ी कम्पनियों एवं फर्मो ने इस उद्योग में पर्याप्त पूंजी निवेश करके व कुछ प्रतिष्ठित विदेशी कम्पनियों के साथ तालमेल करके कालीन के उत्पादन एवं निर्यात में विशेष सफलता प्राप्त की है। कुछ अन्य देशों की कड़ी प्रतियोगिता के बावजूद विदेशों में भारतीय कालीन की माँग

निरन्तर बढ़ रही है।

हाथ के गढ़े कालीनों की उत्पत्ति फारस देश (आज का ईरान) में हुयी मानी जाती है। प्राचीन काल से ही तेहरान ऊनी एवं कालीन व्यवसाय का एक सुप्रसिद्ध केन्द्र रहा है। यह कला भारत में मुगल काल के समय में आयी कश्मीर में गलीचा बुनने का कार्य 14वीं शताब्दी से हो रहा है। जब अन्य हस्तशिल्पों के साथ-साथ ईरान से इसका यहाँ पर प्रवेश हुआ मुगल बादशाहों तथा भारतीय राजाओं के आश्रय से यह कला उत्तर भारत के कई केन्द्रों जैसे आगरा, मिर्जापुर, वाराणसी, जयपुर, ग्वालियर, अमृतसर आदि शहरों में पनपी।

कालीन उद्योग भारत के लिए एक उपयुक्त उद्योग है, क्योंकि श्रम प्रधान होने के साथ-साथ यह गांवों में केन्द्रित है इसमें काफी लोगों के परिश्रम की आवश्यकता होती है। ईरान, चीन व पाकिस्तान जैसे देशों से कड़ी प्रतियोगिता के बावजूद भारतीय कालीन विश्वभर में लोकप्रिय है। जिन स्थानों पर इस उद्योग ने जडे जमायी हैं वहाँ पर उस गावों वालों का जीवन स्तर में वृद्धि की है, और खेती बाड़ी के अलावा उनको एक स्थायी व्यवसाय भी प्रदान किया है।

यद्यपि भारत के अनेक स्थानों पर कालीन बुनाई का कार्य होता हैं, किन्तु उसमें कश्मीरी कालीनों का गौरव पूर्ण स्थान है। भारत में कश्मीर ही एक ऐसा मात्र प्रदेश है जहाँ रेशमी कालीन तैयार किया जाता है चूंकि कालीन की कला ईरान से सीधे कश्मीर में आयी थी, अतः कश्मीरी कालीनों

पर ईरानी छाप स्पष्ट दिखाई देती है, इसमें न केवल गाठें ईरानी तरीके से होती है वरन् नमूने भी ईरानी मूल के होते है। जिन कालीनों को दुकानदार ईरानी कालीन कहकर बेचते है वास्तव में वे कश्मीर में ही बुने जाते है। अरदेबिल, कशान, कुम और इस्फहान कालीनों का अर्थ हैं किये इन नामों के नमूनों पर तैयार किये गये हैं। सभी कश्मीरी कालीन हाथ से गढ़े जाते है। जिससे वे काफी टिकाऊ होते है। इस प्रकार अधिकांश कालीन 100 वर्षो से कही ज्यादा चलते हैं।

कश्मीर में कालीन बुनने का कार्य 14वीं शताब्दी से हो रहा है, अन्य हस्त शिल्पों के साथ-साथ ईरान से इस कला का प्रवेश जबसे हुआ, तभी से इस राज्य के राजस्व में इस कुटीर उद्योग की बड़ी भूमिका है। इसका न केवल कश्मीरी कालीनों की अर्न्तराष्ट्रीय मॉग है, बल्कि कुछ अंशो तक राज्य सरकार के गम्भीर प्रयास भी है, जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण घाटी के आर-पार दूर दराज से गाँवों में भी कालीन बुनने के प्रशिक्षण केन्द्र खोले गये हैं।

कालीन उद्योग के केन्द्र में बुनकर (जुलाहा) होता है। जिसे इस कार्य का बहुत लम्बा अनुभव होता है। अन्य लोग जो इस उद्योग से जुड़े रहते है वे है धागों को रंगने वाला, नमूने बनाने वाला, जो ग्राफ पर डिजाइनों तैयार करता है, और फिर वह व्यक्ति जो ग्राफ बनाए गये नमूनों को कालीन बुनने में उतारता है। करघे का मालिक, थोक व्यापारी, निर्यातक तथा खुदरा व्यापारी भी इस उद्योग के प्रमुख अंग

है। कालीन बुनकर अधिकाशतः पुरूष है। अतः अब धीरे-धीरे कुछ स्त्रियाँ भी इस उद्योग में प्रवेश कर रही हैं।

कालीन न केवल बड़े महानगरों में वरन् किसी भी ऐसे छोटे शहरों में जहाँ पर्यटकों का आवागमन है वहाँ पर कालीन उपलब्ध है, अधिकांश दुकानें साख वाले ऋणपत्र भी स्वीकार कर लेती है और ग्राहक की प्रार्थना पर खरीदी गयी वस्तुओं को समुद्री मार्ग से उसके देश को भेज देती है।

कालीन बनाने के प्रक्रम को यद्यपि बुनना कहा जाता है, किन्तु इसके लिए अधिक उपयुक्त शब्द "गठना" है। कालीन के पीछे की ओर से गाठे गिनी जा सकती है किसी में कालीन में प्रति वर्ग इंच में लगभग 324 से 2000 तक गाठें हो सकती है। अतः जितनी अधिक गाँठे होती है कालीन का नमूना उतना ही उत्तम माना जाता है। इसलिए बहुत से ग्राहक तो कालीन खरीदतें वक्त उसमें लगी गाँठों को गिनकर कालीन खरीदते है। गाँठे केवल नमूनों को बनाने के लिए ही नहीं वरन् रेखाओं, अंगीभूत विचारों और फूलों आदि को स्पष्ट रूप से बनाने के लिए अनिवार्य होती है।

कालीनों में पर्शियन डिजाइन होते हैं, अधिकांश नमूने दोहरे होते है, अर्थात वे दोनों ओर से देखे जा सकते है। इनमें कुछ उल्लेखनीय अपवाद भी होते है। जैसे जीवन वृक्ष, जो कि एक वृक्ष को ब्रहमाण्ड को प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है जिसमें शाखायें, पत्तियों, फूल, प्राणी, पक्षी

सभी कुछ हैं। अन्य नमूने है, गुलदस्ता, आम की पत्ती, प्रार्थना, आखेट के दृश्य, या ईरानी पौराणिक कथाओं का चित्रात्मक निरूपण, उमर खम्याय, लैला मजनू और शीरी फरहाद आदि कुछ ईरानी मिथकों के उदाहरण हैं। चूंकि प्रत्येक कालीन बुनकर कला को प्रतिविम्बित करता है। अतः जितने अधिक मोटिफ (Motifs) तथा रंग कालीन में होते है उतना ही उच्चतर उसमें बुनकर का हस्त कौशल होता है। सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में सम्यक विकास, तथा समस्याओं में समाधान हेतु विशेष सन्दर्भ कुटीर एवं लघु उद्योग के बढ़ते हुये महत्व से जहाँ यह आशा की जा रही है कि इससे न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध होगे साथ-साथ सामाजिक सुधार का विशेष योगदान मिलेगा। वहीं लघु एवं कुटीर उद्योग का कालीन उद्योग से सम्बन्धित अध्ययनों, सर्वेक्षणों और अनुभवों से यह भी शंका व्यक्त की जा रही है कि व्यापक पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में असंगठित कालीन कुटीर उद्योग अनियोक्ति ढंग से चलाया जा रहा है। फलतः ग्रामीणों एवं सामाज के लोगों को इसका सही-सही लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसमें उनको इन उद्योग के प्रति उदासीनता दिखाई देती है। क्योंकि कालीन उद्योग में विचौलियों के चलते काफी लाभ की राशि उनके द्वारा हड़प कर ली जाती है। अतः कालीन उद्योग के सामने यह सबसे बड़ी समस्या एवं चुनौती है, कि कालीन उद्योग को संगठित एवं समाजोपरक बनाया जाय।

1.2 ऐतिहासिक भूमिका एवं वर्तमान से पाश्चात्य का सम्बन्ध :

कालीन का प्रयोग प्राचीन काल से होता आ रहा है। न

केवल वर्तमान समय में बल्कि प्राचीन समय से ही कालीन वैभव एवं विलासिता का पर्याय रहा है। प्राचीन समय की तुलना में वर्तमान में रहन–सहन में भारी परिवर्तन के बावजूद आज भी कालीन का होना निम्न अथवा माध्यम वर्ग के व्यक्तियों के लिए एक स्वप्न के समान है। कालीन का प्रयोग सबसे पहले किसने किया यह एक अनसुलझी पहेली है। लेकिन यह निश्चित है कि कालीन का प्रयोग सबसे पहले पूरब में ही हुआ। पश्चिमी देश तो मध्यकालीन युग तक न केवल कालीन निर्माण में बल्कि उसके प्रयोग में भी पिछड़े रहे।

आमतौर पर यह अवधारणा है कि कालीन इस्लामिक संस्कृति की देन है लेकिन यह बात सत्य से काफी परे है। क्योंकि कालीन का प्रयोग इस्लाम के जन्म से एक हजार वर्ष पूर्व से ही होता आ रहा है। कालीन जिन धागों से बना होता है वह वातावरण की नमी व अन्य घटकों के कारण जल्द ही नष्ट हो जाता है। हलाकि अत्यन्त प्राचीन कालीनों के अवशेष अब नहीं है लेकिन प्राचीन साहित्यों से पता चलता है कि कालीन का प्रयोग ईसा पूर्व से होता आ रहा है। प्राचीन यूनानी लेखकों जैसे जीनोफॉन तथा हीरोडाट्स के अनुसार प्राचीन ईरान के आकमीनियन राजवंश के संस्थापक साइरस महान, जो छठी ईसापूर्व शताब्दी में हुआ था मृत्यु के बाद उसकी कब्र को भव्य कालीनों से ढक दिया गया था। यह ऐतिहासिक विवरण इस तथ्य को निर्विवाद रूप से प्रदर्शित करता है कि कालीन का प्रचलन ईसा पूर्व शताब्दी से होता आ रहा है।

इसी प्रकार सासानिड राजवंश के कोसरास द्वितीय (531 से 579) के समय में कालीन उद्योग एक स्थापित उद्योग माना जाता था। समकालीन, पुस्तकों में लिखे विवरण के अनुसार सासानिड की राजधानी टेसीफान में स्थिति राजमहल भव्य कालीनों से सुसज्जित था। इसी प्रकार प्राचीन यूनानी साहित्य तथा बाइबल में भी कालीन का उल्लेख मिलता हैं। कालीन के इतिहस के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण घटना 1949 में घटी। इस वर्ष सोवियत पूरातत्व वेत्ताओं के एक दल प्रो0 एस0आई0 रुडेनकों के नेतृत्व में रुस तथा बाहरी मंगोलिया के सीमा पर स्थित अल्तार्ड पर्वत श्रृंखला की पार्जीक घाटी में खुदाई की। इस खुदाई की सबसे बड़ी उपलब्धि थी–एक प्राचीन कालीन जो 6 फीट 7 इंच लम्बा तथा 6 फीट चौड़ा था। अत्यन्त प्राचीन होने के बावजूद इस कालीन का केवल एक कोना ही क्षतिग्रस्त था। यह कालीन एक मकबरे के पार्श्व कमरे से प्राप्त हुआ था। ''पार्जीक कालीन'' के नाम से जाने जाते इस कालीन का समय 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व माना गया है। वर्तमान में लगभग 2400 वर्ष पूर्व के इस कालीन की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसके रंग जो आज भी उतने ही प्रभावी हैं जितने कि एक नये कालीन के होते हैं। डिजाइन एवं तकनीकी दृष्टि से भी यह कालीन बहुत प्रभावी है। यह कालीन इस तथ्य का प्रमाण है कि कालीन इस्लामिक संस्कृति की देन नहीं है। रुटेनकों ने 'पार्जीक कालीन' से भी प्राचीन कालीनों के अवशेष प्राप्त किये गये हैं। यह अवशेष मुख्यतः साइबेरिया, तुर्कीस्तान, मिस्त्र, एनाटोलिया (आधुनिक तुर्की) आदि से प्राप्त किये गये हैं।

सातवीं शताब्दी में इस्लाम के उदय के साथ ही कालीन कला पर भी इस्लामिक संस्कृति का प्रभाव पड़ा और धीरे-धीरे यह प्रभाव इतना प्रभावी हो गया कि एक समय में यह लगने लगा कि कालीन इस्लामिक संस्कृति की ही देन है। 7वीं शताब्दी से कालीन कला की मुख्य सिद्धान्त विभिन्न प्रकार के फूल पत्तियों की आकृतियाँ, पशु-पक्षी, दरबार के दृश्य, शिकार के दृश्य तथा कुरान की आयतें। फारसी भाषा में लिखी कुरान की यह आयतें बहुत ही सज्जापूर्वक एवं भव्य रूप में लिखी जाती थी। जिससे कालीन कला को नया आयाम मिला।

कालीन निर्माण में ईरान प्राचीन काल से वर्तमान तक अपना एक विशिष्ट स्थान रखता आया है। कालीन और ईरान एक दूसरे के पर्याय बन चुके है। लेकिन वर्तमान में ईरान के 16वीं शताब्दी से पूर्व के कालीन नष्ट हो चुके हैं। ईरान के सफाविद राजवंश (1501-1722 ई0 तक) के समय में कालीन उद्योग अपने स्वर्णिम काल में पहुँच गया था। तमाम प्राचीन कालीनों में से सबसे विख्यात है आर्डिविल कालीन। इस कालीन को सफाविद राजवंश के संस्थापक शाह इस्माइल की कब्र के ऊपर ढका गया था। कालीनों पर लिखे एक अभिलेख के अनुसार इस कालीन का निर्माण सन् 1939-40 में हुआ। 30 फीट लम्बा तथा 17 फीट 8 इंच चौड़ा यह विशाल कालीन अपनी भव्य कलाकृति के कारण विश्वभर में विख्यात है। बाद में यह कालीन मेनचेस्टर फर्म के एक प्रतिनिधि ने खरीद लिया था जिससे यह कालीन ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने 12,500 पाउण्ड में खरीद लिया था। वर्तमान में यह भव्य कालीन लन्दन के अलबर्ट

संग्रहालय की शोभा बढ़ा रहा है। जहाॅ एक कालीन पर उत्कीर्ण डिजाइन, चिन्ह तथा अन्य कला कृतियों का प्रश्न है, तो प्राचीन कालीनों पर दृश्यों जैसे दरबार के दृश्य, शिकार के दृश्य, आदि से सम्बन्धित चित्र नहीं के बराबर हैं। इनके स्थान पर प्राचीन कालीनों पर विभिन्न चिन्ह, कलाकृति, अभिलेख आदि मिलते है। कालीनों का अन्य आकर्षण अरबी और फारसी भाषा में लिखे अभिलेख है। यह अभिलेख मुख्यतः कुरान की आयतों, फारसी पुस्तक 'बुक ऑफ किंग्स' तथा उमर खैयाम की रूबाइयों से लिये गये हैं।

भारत में कालीन का प्राचीन काल में विवरण नहीं के बराबर मिलता है। भारत में कालीन का प्रचलन मुगल काल में आरम्भ हुआ। 16वीं शदी में मुगल वंश की स्थापना के साथ ही भारत में भी कालीनों का उल्लेख मिलता है। 16वीं शदी में आगरा, फतेहपुर तथा लाहौर कालीन निर्माण के के प्रमुख केन्द्र थे। भारतीय कालीनों पर ईरानी शैली का प्रभाव साफ-साफ झलकता है। इस काल में कालीन कला का मुख्य केन्द्र फूल पत्तियों के आकर्षक डिजाइन, बाग-बगीचे तथा शिकार के दृश्य हुआ करते थे। लेकिन 17वीं शदी में भारत में कालीन कला के एक पृथक शैली का उद्‌भव हुआ। जिसमें प्राकृतिक सौन्दर्य से सम्बन्धित दृश्यों की प्रमुखता प्रदान की जाती थी। इसके साथ-साथ पशु-पक्षियों, दरबार के दृश्यों, शिकार के दृश्यों की भी प्रमुखता दी जाने लगी।

वर्तमान में हस्त निर्मित भारतीय कालीन के प्रमुख केन्द्र भदोही (सन्तरविदासनगर), खमरिया, वाराणसी, मिर्जापुर,

आगरा, शाहजहांपुर के अलावा मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान तथा काश्मीर सहित देश के विभिन्न भागों में इस समय 40 X 60 सेमी0 से लेकर 500 X 600 सेमी0 तक के आकार के तथा 3–30 नाट्स से लेकर 16–80 तक के उच्चकोटि के कालीन बूने जा रहे है। जिसमें लगभग 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है तथा सरकार को वर्ष 1997–98 में 2060.04 करोड़ रूपये विदेश मुद्रा के रूप में राजस्व प्राप्त हो रहा है।

1.3 कालीन उद्योग का विकास एवं महत्व :

हस्त निर्मित कालीन का इतिहास बहुत पुराना है। आज से लगभग चार सौ पूर्व मुगल काल में शहंशाह कुछ ईरानी कारीगरों के सहयोग से भारत में इसकी स्थापना कराकर ऊनी एवं रेशमी कालीन की बुनाई की शुरूआत की तथा जहांगीर और शाहजहां बादशाहों ने इस कला को काफी बढावा देकर परवान चढ़या। जिससे धीरे-धीरे एक उद्योग का रूप धारण कर लिया। हस्त निर्मित भारतीय कालीन के प्रमुख केन्द्र भदोही, खमरिया, वाराणीस, मिर्जापुर, आगरा, शाहजहांपुर के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थानी आदि देश के विभिन्न भागों मे इस समय 40 X 60 सेमी0 500 X 600 सेमी0 तक के आकर क्रार तथा 3 X 30 से लेकर 16 X 80 नाट्स तक के उच्च कोटि के कालीन बुने जा रहे है। भारतीय हस्त निर्मित कालीन उद्योग शत प्रतिशत निर्यातपरक, श्रमप्रधान असंगठ्ति क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्यत· ग्रामीण कुटीर उद्योग है, जो उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, वाराणी, गाजीपुर, बलिया, जौनपुर, एवं इलाहाबाद जिलों में प्रमुख रूप से केन्द्रित है। यह उद्योग जिलों के लगभग 50 हजार वर्ग किलोमीटर में 15 लाख

बुनकरों एवं ग्रामीण श्रमिकों को उनके घरों या गांवों में ही रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ देश के लिए लगभग 2000 करोड़ रूपये मूल्य को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी अर्जित करता है। कालीन उद्योग का महत्व इसलिए और भी है, क्योंकि थोड़े समय में इसने निर्यात के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति भी है। जहां वर्ष 1960-61 में मात्रा रूपये 4.42 करोड़ रूपया के कालीन का निर्यात किये गये थे, वही वर्ष 1970-71 में रूपये 10.94 करोड तथा 1981-82 में रूपये 173.48 करोड़ तथा 1990-91 में रूपये 507 00 करोड़ का निर्यात किया गया। इसी प्रकार 1991-92 में रूपये 745 00 करोड़, 1992-93 में रूपये 992.00 करोड़, 1993-94 में करोड़ 1390.00 करोड तथा 1994-95 में रूपये 1822.40 करोड़ तथा 1995-96 में रूपये 1959.80 करोड़, 1996-97 में रूपये 2060.04 करोड़ का निर्यात किया गया। इससे स्पष्ट है कि कालीन निर्यात एवं विकास में निरन्तर वृद्धि हुयी है।

कालीन उद्योग के निर्यात एवं उत्पादन में भदोही मिर्जापुर का केन्द्र जो कालीन उत्पादन क्षेत्रा के नाम से विश्व प्रसिद्ध है, की केन्द्रीय भूमिका है। क्योंकि कुल उत्पादन का 80% भाग इसी क्षेत्र से होता है तथा सम्पूर्ण उत्पादन का 99% से अधिक भाग विदेशों में निर्यात कर दिया जाता है। कुल कालीन निर्यात में इस क्षेत्रा का हिस्सा लगभग 80% है निर्यात सम्बन्धी विगत कुछ वर्षो के आकड़ें इस प्रकार है।

वर्ष	निर्यात करोड़ (रू0में)
1961 – 1962	4.42
1970 – 1971	10.94
1981 – 1982	173.48
1990 – 1991	507.00
1991 – 1992	745.00
1992 – 1993	992.00
1993 – 1994	1390.00
1994 – 1995	1822.40
1995 – 1996	1959.80
1996 – 1997	2060.04

श्रोत सी.ई.पी.सी. कालीन भवन, भदोही उ0प्र0

विगत वर्षो के आंकड़ों के अवलोकन से यह साफ–साफ परिलक्षित होता है, कि कालीन उद्योग निरन्तर वृद्धि एव विकास के पथ पर है। इस उद्योग में जहा तक सरकारी प्रयास का प्रश्न आता है, तो वहां पर भारत सरकार के हस्तशिल्प विकास आयुक्त द्वारा नियुक्त "नेशनल काउन्सिल आफ एप्लाइड एकानामिक रिसर्च" व्यापक सर्वेक्षण के पश्चात् 15 लाख श्रमिकों को मात्रा 7.58% लगभग 8 से 14 साल के बच्चों का उद्योग से सम्बन्ध स्वीकार किया है जिसमें 3.6% बाहरी है और शेष अपने परिवार के साथ कालीन बुनाई का कार्य सीख रहे है। उक्त सर्वेक्षण रिपोर्टो में यह भी बताया गया कि 56% बाहरी बच्चों में पूर्वी उ0प्र0 एवं बिहार से अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार्यरत है तथा लगभग 7 3% 12 से 14 वर्ष के बीच के आयु के है। इस विषय परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये भारत सरकार ने इस उद्योग के प्रति कुछ कदम उठाया है जो इस प्रकार है –

1. उ0प्र0 सरकार ने भदोही के लिए "स्पेशल लेबर सेल" का गठन किया है जो बाल श्रमिकों के प्रयोग के हर स्तर पर रोकेगी। इसी क्रम में सचल अदालत का भी प्रस्ताव है।
2. उ0प्र0 सरकार ने बाल श्रमिक उन्मूलन हेतु एक कमेटी का गठन किया है, जो कि जिलाधिकारी से समन्वय करके इस समस्या का निराकरण करेगी।
3. राज्य सरकार ने बाल श्रमिकों के सम्बन्ध में कार्यवाही तेज कर दिया है , तथा सितम्बर 1992 से निरीक्षण कार्य श्रम विभाग द्वारा कराये जा रहे है।
4. राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में श्रमिकों के मजदूरी पुनर्निरीक्षण

की कार्यवाही तेजी के साथ हो रही है।

5. उ0प्र0 सरकार बुनकरों को सेन्सस कर रही है जिससे उनको विकास से सीधा जोड़ा जा सकें।

6. राज्य सरकार स्वयं सेमिनार आदि का आयोजन कर रही है।

7. सरकार ने "राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना" के अन्तर्गत 20 विशेष स्कूल वाराणसी एवं मिर्जापुर जनपद में स्थापित किया है जिसमें 40 बच्चे प्रति स्कूल में होंगे। उक्त परियोजना के अन्तर्गत मध्याह्न भोजन के साथ 100/- रूपये प्रतिमाह स्टाइपेण्ड के रूप में बच्चों को दिया जाता है।

8. अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन के सहयोग से आठ कार्यक्रम भारत सरकार ने "इन्टरनेशनल प्रोग्राम फॉर एलिमिनेशन आफ चाइल्ड लेबर" के तहत शुरू करने का निर्णय लिया है।

9. सरकार ने बिहार राज्य में कालीन बुनकरों के पर्याप्त प्रशिक्षण हेतु "ट्रेनिंग सेण्टर" स्थापित किया है।

10. महिलाओं को कालीन बुनाई की प्रशिक्षण दिलाने के लिए 4 केन्द्र स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से शुरू किया गया है तथा 3 महिला प्रशिक्षण केन्द्र अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (भदोही) के माध्यम से शुरू किया गया है।

उक्त सरकारी प्रयासों के अलावा कालीन निर्माताओं की सबसे बड़ी संस्था 'अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ' (एकमा) इस समस्या के निराकरण हेतु विशेष रूप से निम्नाकित कदम उठाये हैं :-

1. संघ (एकमा) एवं कालीन निर्यात सवंर्धन परिषद (सी0ई0पी0सी0) अपने सदस्यों हेतु आचार सहिता तैयार

किया है जिसके अन्तर्गत सदस्य सुनिश्चित करेंगे कि किसी लूम (करघा) पर बाल श्रम का उपयोग न हो। साथ ही दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से कालीन करघों (लूमों) का पंजीकरण शुरू किया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक कालीन दरी, लूमों का पंजीयन आवश्यक है। कोई भी निर्यातक गैर रजिस्टर्ड लूमों को बुनने का कार्य नहीं देगा। यदि लूम होल्डर बाल श्रम का उपयोग करता पकडा गया, तो उसका पंजीकरण निरस्त कर उसके विरुद्ध सवैधानिक कार्यवाही का प्रावधान किया गया है।

2. अखिल भारतीय कालीन निर्माता सघ (एकमा) ने ''ग्रामीण चेतना कार्यक्रम'' विगत वर्ष 992-1993 से शुरू किया है जिसके अन्तर्गत गॉव-गॉव में सघ के सदस्य जाकर लूम होल्डरों की जानकारी दे रहे है कि बाल श्रम का उपयोग न करें, क्योंकि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का कालीन बुनाई एव अन्य कार्य में इस्तेमाल करना कानूनी जुर्म है। इस कार्यक्रम को कालीन बाहुल्य इलाकों में व्यापक असर पड़ रहा है।

3. कालीन निर्माता संघ, भदोही के मर्यादपट्टी स्थित कालीन भवन में पहले से ही एक पैथालॉजी चला रही है, जिसके अन्तर्गत बुनकरों, मजदूरों को मुफ्त दवा, स्वास्थ्य परीक्षण, आदि की सुविधा योग्य चिकित्सक द्वारा दी जा रही है।

4. संघ एक सचल गाड़ी भी खरीद रही है, जिसमें एक चिकित्सक रहेगा, जो कालीन बुनकर बाहुल इलाके के दूर दराज गॉवों में जाकर बुनकरों मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के

साथ ही उन्हें मुफ्त में दवा देगी।

5. इसके अलावा संघ भारतीय कालीन के निर्माण से लेकर निर्यात करने में आने वाली सभी समस्याओं के बारे में विस्तार से कार्य करने की योजना बना कर उन्हें कार्यान्वित करने का कार्य कर रहा है।

अध्याय–दो

शोध अध्ययन की परिकल्पना एवं उद्देश्य

2.1 शोध की परिकल्पना

2.2 शोध अध्ययन का उद्देश्य

2.3 शोध अध्ययन विधि

(I.) उपलब्ध साहित्य की समीक्षा

(II.) प्रश्नोत्तरी एव जॉच समस्या

अध्याय–दो

शोध अध्ययन की परिकल्पना एवं उद्देश्य :

2.1 शोध परिकल्पना :

प्रस्तुत शोध ग्रन्थ निम्न परिकल्पनाओं पर आधारित है।

1 उ0प्र0 की अर्थव्यवस्था में कालीन उद्योग की भूमिका किस सीमा तक रही है, तथा अर्थव्यवस्था को कहॉ तक सुचार रूप से व्यवस्थित करने में योगदान प्रदान किया जाता है।

2. कालीन उद्योग के माध्यम से उ0प्र0 राज्य की अर्थव्यवस्था को गति किस प्रकार से प्रदान कर और सृदृढ बनाया जा सकता है।

3. उ0प्र0 राज्य की अर्थव्यवस्था में व्याप्त बरोजगारी को दूर करने में कालीन उद्योग की भूमिका कहॉ तक सफल हो सकती है।

4. उ0प्र0 राज्य के अन्तर्गत जीवन यापन करने वाले निम्न तबके के लोगों के जीवन को कालीन उद्योग के द्वारा कहॉ तक सजीव रूप प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थित को सुदृढ बनाया जा सकता है।

5. उ0प्र0 राज्य के अन्तर्गत पिछड़े हुए क्षेत्रों के विकास के लिए कालीन उद्योग कहाँ तक संजीवनी प्रदान कर सकता हैं।

उपर्युक्त परिकल्पनाओं के आधार पर शोधकर्ता के द्वारा गहन विश्लेषणात्मक अध्ययन कर समाज के लिए निष्कर्ष एवं सुझाव प्रदान करना, प्रमुख उद्देश्य है।

2.2 शोध अध्ययन का उद्देश्य :

भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगों का महत्व हमेशा से रहा है, इसलिए महात्मा गांधी ने कुटीर एव लघु उद्योगों के विस्तार के लिए एवं लोगों को अपनाने के लिए स्वयं चरखा चलाकर सूत कातने एवं कपडा बुनने का कार्य करते रहे। फिर भी ग्रामीण एवं लघु उद्योग आज उस रूप में विकसित नहीं हो पाया है, जिस रूप में गांधी जी ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग को देखना चाहते थे। अत· उपयुक्त होगा कि उन कमियों का पूरा करके, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग को प्रभावी किया जाय। संक्षेप में इस अध्ययन का निम्नलिखित उद्देश्य है –

(I) शोध कार्य का प्रथम उद्देश्य जिन क्षेत्रों में कालीन उद्योग का निर्माण किया जा रहा है, उन क्षेत्रों में क्या आवश्यक है कि कालीन उद्योग को और विकसित किया जाये। यदि इस उद्योग की समस्याएं है, तो उनका समाधान किस तरह से हो सकता है, कि वे समस्याएं इस उद्योग के लिए न रहे–का विस्तृत अध्ययन करना है।

(II) कालीन उद्योग सामान्यत· लघु एवं कुटीर उद्योग की श्रेणी के एक पारम्परिक उद्योग की भॉति ग्रामीण स्तर पर चलाया

जाता है और सामान्यत एक ही परिवार के लोगों द्वारा बुना जाता है, फिर भी यह देखना है, कि उ0प्र0 के आर्थिक विकास में कालीन उद्योग का क्या योगदान है ?

(III) इसी प्रकार कालीन उद्योग यदि देखा जाय, तो यह निर्यान्तोमुखी उद्योग है, जिसका उत्पादन, क्षेत्र में उपलब्ध साधन एवं सुविधाओं को साथ में लेकर किया जाता है। अर्थात उपलब्ध साधनों एवं सुविधाओं का वर्गीकरण करके यह देखना कि इस उद्योग को आगे बढने के लिए उपलब्ध साधन एवं सुविधाएं पर्याप्त है या नहीं।

(IV) कालीन उद्योग की समस्या क्या है जैसेः– सरकारी सहयोग, ढॉचागत सुविधाए, वित्तीय सहायता, डिजाइनों का विकास, बाजार विकास, भुगतान समस्या, निर्यात व्यापार, कच्चे माल की सुविधा, मूल्य निर्धारण, प्रदर्शिनी एव प्रचार, तकनीकी सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वन, पर्यावरण, वैज्ञानिक विचार आदि आन्तरिक एवं वाह्य तत्वों का अध्ययन करना है।

(V) परिवार द्वारा इस प्रकार के उद्योग को लगाने के लिए प्रेरणा का क्या कारण रहा है, कि इस उद्योग को ही स्थापित किये है, और कोई उद्योग को क्यों नहीं चुना ?

(VI) हमारा यह भी उद्देश्य है कि क्षेत्र के सर्वाधिक लोग किस समयावधि एवं आयु में इस उद्योग के प्रति आकर्षित हुए।

(VII) उपर्युक्त सम्पूर्ण उद्देश्यों का, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के

लोगों का अलग–अलग अध्ययन एवं तुलनात्मक विश्लेषण कर उनकी समानता एव विभिन्नता का पता लगाना भी हमारे अध्ययन का उद्देश्य है।

2.3 शोध अध्ययन विधि :

उपरोक्त परिकल्पना एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर उनके प्रत्यक्षीकरण के रूप में उ0प्र0 के आर्थिक विकास में कालीन उद्योग के योगदान के सन्दर्भ में किया गया। शोध की विधि मूलत विश्लेषणात्मक है, जो प्रकाशित ग्रन्थों, सर्वेक्षणों, रिर्पोटो, तथा प्राथमिक एवं द्वितीय आंकडों के आधार पर किया गया है। इस तरह के शोध अध्ययन के आधार पर आशा की जाती है, कि उ0प्र0 के आर्थिक विकास में कालीन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। जिससे न केवल लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को ऊँचा उठाया है, बल्कि पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा अर्जित करने में कालीन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान भी है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन विधि सम्बन्धी विश्लेषण हेतु विभिन्न प्राथमिक एवं द्वितीय आंकड़े ''कालीन निर्यात संवर्धन परिषद'' भदोही एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ भदोही, के द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं एवं उनके द्वारा दी गयी सूचना एवं आंकड़ा पर आधारित है।

कालीन उद्योग का उ0प्र0 के आर्थिक विकास में पारस्परिक सहयोग का अनुपात आदि का सांख्यिकी विधियों से विश्लेषण

किया गया है। सामाजिक स्तर पर रोजगार की बढती हुयी आवश्यकता तथा विदेशी मुद्रा की आवश्यकता को विश्लेषण करने के लिए सारणियों को यथा स्थान प्रस्तुत किया गया है। वहीं उद्योग के भावी विकास के लिए संस्तुतियों को भी प्रस्तुत किया गया हैं। आंकड़ों के साथ-साथ कालीन उद्योग में सरकारी प्रयास एवं सरकारी योगदान को ध्यान में रखकर विवेचना की गयी है। साथ ही उद्योग की भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने में सरकार एवं वित्तीय संस्थाओं के नीतियों में क्या परिवर्तन किया जाय, कि कालीन उद्योग के नवीन समस्याओं एवं परिस्थितियों का समाधान किया जा सकें।

(i) उपलब्ध साहित्य की समीक्षा :

इस महत्वपूर्ण अनुसन्धान के विषय पर किसी के द्वारा कोई विशेष अनुसन्धान नहीं किया गया, यह विषय हमेशा लोगों से उपेक्षित रहा है। इसलिए इस विषय पर सम्बन्धित साहित्य का अभाव रहा है। किन्तु जहॉ तक सम्भव हो सका है, वहां तक इस विषय से सम्बन्धित किताबों, पात्रिकाओं एवं न्यूज पेपर एवं मौखिक सूचना एकत्र करने का हर सम्भव प्रयास किया गया है। यदि हम प्राचीन ऐतिहासिक काल पर दृष्टि डालें तो हस्तकला हमारे देश की पूर्ण संस्कृति की धरोहर रही है, जिनकी प्रशंसा केवल मुगल ही नहीं अंग्रेजी शासनकाल में अंग्रेजों ने किया था। भारतीय कलाकारों के सहयोग से अपने देश में अनेक कलाकृति का निर्माण कराया जो आज भी ऐतिहासिक मिसाल है, भारतीय कला का।

इसी क्रम में भारतीय कालीन का प्राचीन कला में विवरण नहीं के बराबर मिलता है। भारतीय कालीन का प्रचलन मुगलकाल में आरम्भ हुआ। 16वीं शताब्दी के मुगल वंश की स्थापना के साथ ही भारत में कालीन का उल्लेख मिलता है। 16वीं शताब्दी में आगरा, फतेहपुर, तथा लाहौर कालीन निर्माण के प्रमुख केन्द्र रहे हैं। भारतीय कालीनों पर ईरानी शैली का प्रभाव साफ-साफ झलकता है। इस काल में कालीन कला की मुख्य थीम फूल पत्तियों के आकर्षक डिजाइन, बाग-बगीचे तथा शिकार के दृश्य रहे है। लेकिन 17वीं शताब्दी में भारत में कालीन कला में एक पृथक शैली का उद्‌भव हुआ। जिसमें प्राकृतिक सौन्दर्य से सम्बन्धित दृश्यों को प्रमुखता प्रदान की जाती थी। इसके साथ-साथ पशु-पक्षियों, दरबार के दृश्यों, शिकार के दृश्यों को भी प्रमुखता दी जाने लगी। भारत में मुगल राजवश की समाप्ति के बाद कालीन उद्योग में भी अपना स्वर्णिम काल खो दिया, लेकिन वर्तमान समय में यह कला पुनर्जिवित हो गयी है। आज हमारे देश में उन्नत किस्म की कालीन की बुनाई हो रही है। जिनकी न केवल देश में नहीं बल्कि विदेशों में इस कलात्मक निर्मित कालीनों की माँग है।

इस तरह यदि देखा जाय तो कालीन उद्योग का इतिहास आज से 400 वर्ष पहले भारत में उत्पत्ति हुयी, परन्तु यदि साहित्य पर समीक्षा की जाय तो इस उद्योग पर नाम मात्र का साहित्य उपलब्ध है, जो कि "ऊँट के मुँह में जीरा" के समान है। कहने का तात्पर्य यह है कि यह कला राजा रजवाड़ो एवं बड़े-बड़े दरबारों की शानो शौकत रही है परन्तु इस कला पर कभी

किसी ने गम्भीरता से किसी प्रकार की कृति के बारे में नहीं सोचा। इसके साथ-साथ इस विषय पर न तो सरकार ही किसी विशेष प्रकार का अनुसधान के बारे में कोई उल्लेख कराया, अर्थात इस उद्योग पर अनुसंधानकर्ता को साहित्य एवं सूचनाओं को लेकर विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ा है। बावजूद इसके भी अनुसंधानकर्ता इस विषय पर विशेष रूचि के साथ साहित्य एवं सूचनाओं को एकत्रित करने का प्रयास किया है।

अनुसंधानकर्ता "इण्डियन कारपेट इन्डस्ट्री" लेखक बी भट्टचार्या एवं एल. साहू के द्वारा प्रकाशित पुस्तक का अध्ययन किया, तथा अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ मर्यादपट्टी, भदोही द्वारा प्रकाशित स्वर्ण जयन्ती पर पत्रिका का भी अवलोकन एवं अध्ययन द्वारा इस शोध ग्रन्थ को पूरा करने के लिये प्रयोग किया है। इस अध्ययन को पूरा करने के लिये व्यक्तिगत पूछताछ विशेषकर जो इस उद्योग में विशेष अनुभव रखते है, का भी सहारा लिया गया है। क्योंकि साहित्य के अभाव मे इस उद्योग की परम्परागत जानकारी लेना अनिवार्य हो गया था।

इसके अलावा अनुसंधानकर्ता ने कालीन उद्योग पर समाचार पत्रों मे समय-समय पर लेखो, विचारो, सेमिनारों तथा कार्यशाला का भी अध्ययन किया, और क्षेत्र मे कार्यरत एवं उद्योग से जुड़े अधिकारी, कर्मचारियो तथा निर्माताओं एव बुनकरो से भी साक्षात्कार करके उद्योग के सम्बन्ध मे सूचनायें एकत्र किया। जिसका समावेश प्रस्तुत ग्रन्थ में किया गया है। ऐसा इसलिये किया गया, क्योंकि जितना रूचि इस उद्योग द्वारा निर्यातको को

कालीन बुनवा कर निर्यात करने मे है, उतनी रूचि साहित्य या किसी प्रकार का प्रकाशन में कदापि नहीं है। तद्परान्त अनुसंधानकर्ता मर्यादपट्टी, भदोही में स्थित कालीन भवन मे मिनिस्ट्री आफ टेक्सटाइल, भारत सरकार द्वारा स्थापित ''कालीन निर्यात सर्वधन परिषद'' से भी आंकड़े का संकलन एवं व्यक्तिगत वार्तालाप से कालीन उद्योग से सम्बधित सूचनाओं को एकत्रित किया और उनका भी समावेश इस ग्रन्थ में अनुसधानकर्ता द्वारा किया गया है।

(II) प्रश्नोत्तरी एवं जाँच समस्या :

प्रस्तुत शोध ग्रन्थ को पूरा करने हेतु प्राथमिक स्तर पर सर्वप्रथम निर्यातको, निर्माता एवं बुनकरो से पूछे गये प्रश्नो तथा उनके प्रच्युत्तर के परिणाम स्वरूप प्राथमिक आंकड़े प्राप्त किये जा सके। प्राथमिक आकड़ो को प्राप्त करने के लिये प्रयोग किये गये प्रश्नोत्तरी निम्न प्रकार है।

क्रम संख्या.... . ...

कालीन व्यवसाय का आर्थिक सर्वेक्षण

(विशेष– यह आर्थिक सर्वेक्षण भदोही एवं मिर्जापुर के एक प्रमुख व्यवसाय का अध्ययन करने के लिये किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि वांछित सूचनायें प्रदान करने की कृपा करें। अनुसन्धानकर्ता आपको विश्वास दिलाता है कि आपके द्वारा प्रदत्त सभी सूचनायें गोपनीय रखी जायेगी और उनका उपयोग केवल शैक्षिक कार्यो के लिये ही किया जायेगा।)

प्रश्नावली

1 व्यवसाय अथवा फर्म का नाम................................

2. पता..

दूरभाष सं0. ....

3 किस वर्ष में स्थापना हुई थी ....

4 आपको व्यवसाय के संगठन का क्या स्वरूप है?

(I) एकल व्यवसाय

(II) साझेदारी

(III) कम्पनी

5 इस व्यवसाय का सचालन करने वालो का विवरण दीजिये –

नाम	पद	योग्यता	मासिक वेतन
1			
2			
3			
4			
5.			

6 क्या इस व्यवसाय की कोई और शाखा है, यदि है तो उसका नाम तथा पता बताइये ....

....

7 आपका व्यवसाय केवल भदोही में ही सीमित है अथवा आप भारत के अन्य शहरों तथा विदेशों में भी कालीन की बिक्री करते है।

(i) भदोही

(II) अन्य शहरो मे

(III) विदेशों मे

8 उन प्रमुख भारतीय शहरो का नाम बताइयें जहा आप कालीन का विक्रय करते है .. ..

9 आप कालीन का -

(I) स्वय निर्माण करते है या -

(II) उन्हें बुनकरों से क्रय करते है -

10 यदि आप बुनकरो से कालीन का क्रय करते है, तो बताइये कि क्रय मूल्य का निर्धारण करने में आप किन विशेष बातो का ध्यान रखते है . . . . . .

. . . .

11 कृपया अपनी कुल वार्षिक बिक्री का अनुमान दीजिए . कुल बिक्री प्रतिशत

(I) स्थानीय बिक्री .. ..

(II) अन्य भारतीय शहरों में . . . .

(III) विदेशो मे .. . .

12 आप अन्य भारतीय शहरों को माल किस प्रकार भेजते है -

	मूल्य (रू0 मे)	प्रतिशत
(I) कर्मचारियों द्वारा		
(II) रेल द्वारा		
(III) डाक द्वारा		

13 क्या आप अपने माल का बीमा कराते है - हॉ / नहीं

14 सामान्यता निम्न स्थितियो में आप क्रय मूल्य पर कितने प्रतिशत लाभ जोड़कर विक्रय मूल्य का निर्धारण करते है .-

(I) स्थानीय . . .. प्रतिशत

(II) देश में . .. . प्रतिशत

(III) विदेश में . . . . प्रतिशत

15. इस समय आपके व्यवसाय मे कुल कितनी पूजी लगी हुई है तथा उसमे कितनी

(I) कुल पूजी . . . . रू0

(II) निजी पूजी . ... रू0

16 क्या आप किसी राष्ट्रीकृत बैंक में आपना खाता रखते है, यदि हाँ तो कारण सहित बतलाइये कि वह बैंक आपको पर्याप्त आर्थिक सुविधा प्रदान करता है या नहीं .. ..

17 करीब कितने समय में आपकों बिक्री का भुगतान प्राप्त होता है।

(I) स्थानीय बिक्री .. . .

(II) अन्य बिक्री . . .

18 आप किस पद्वति से अपने लेखे रखते है।

(I) भारतीय बही-खाता पद्वति -

(II) दोहरा लेखा-पद्वति।

19. आपके व्यवसाय की प्रमुख कठिनाइयाँ क्या है . . ..

. . ..

20 आपके दृष्टिकोण से इस व्यवसाय का क्या भविष्य है।

(I) उज्जवल, (II) सामान्य, (III) निराशाजनक

21 कालीन व्यवसाय को और सृदुढ तथा समृद्ध बनाने के कुछ उपायुक्त सुझाव दीजिये- . . . .

. . ..

प्रस्तुत शोध ग्रन्थ अनुसन्धानकर्ता को प्राथमिक आंकड़ा एवं द्वितीयक आंकड़ो को एकत्रित करने के लिये क्षेत्र में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

सर्वप्रथम तो जब प्रश्नोत्तरी लेकर कालीन निर्यातको के पास मैं गया, तो उन्होंने किसी भी प्रकार के सहयोग एवं सूचना देने से साफ इन्कार कर देते थे। परन्तु जब हम उन्हें

अपने आप को अनुसंधानकर्ता के रूप में अपने पास के समस्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करते, तो वे फिर काफी डरते-डरते उस समय सूचना देने के बजाय वे अगले बार में आने पर टाल देते थे। परन्तु जब उनसे ये कहा जाता कि हमारी समस्या यह है कि हम इलाहाबाद से आते है, और हमें आपके शहर में रहने की कोई जगह नहीं हैं, तो कभी दो घंटे बाद तो कभी तीन घंटे बाद मिलने के लिए कह देते थे। परन्तु जब हम दो घटे या तीन घंटे के बाद पुनः उनके कार्यालय पर जाते तो वे जान बूझकर उस समय कार्यालय छोडकर अन्य कहीं स्थान पर चले जाते थे, या फिर अगर आफिस में है भी तो अपने आदमी से यह बोल देते थे कि बोल दो नहीं है, यदि है भी तो आवश्यक कार्य में व्यस्त है, या, यह कह दिया जाता था कि कुछ पार्टी से बातचीत कर रहे है और लगभग दो घंटे बाद ही मिल पायेंगे। अब इस परिस्थिति में कोई भी अनुसंधानकर्ता निराश होगा ही, क्योंकि तीन घंटे इन्तजार करने के बाद जब मिलने का समय आया तो दो घंटे की समय अवधि और बढा दी गयी। इस प्रकार मेरा मनोबल बढ़ने के बजाय यह सोचने लगता था कि मैं अनावश्यक इस विषय में शोध कार्य करने लगा।

इस तरह वे लोग व्यवहार करते थे तो हमें लगा कि वे लोग मुझे काफी विश्वास दिलाने के बावजूद सरकारी आदमी या किसी गुप्तचर ऐजेन्सी का आदमी ही समझते थे। क्योंकि इसी प्रकार के बातचीत करते समय एक निर्यातक तो इतना कह डाला कि ये सब आपका दस्तावेज फर्जी है। इसी तरह का एक व्यक्ति और आया था जो सारे परिचय पत्र बगैरह

दिखाने के बाद हमारी फर्म के सारी जानकारी लेने के बाद श्रमायुक्त के आधीन निरीक्षण करवा दिया और उससे हमारा व्यवसाय काफी दिन के लिए बन्द था, काफी दौड़ भाग करने के बाद पुनः संचालित हो पाया। अब बताइये हम आप पर कैसे विश्वास करें। उपरोक्त कठिनाई के अलावा अनुसन्धानकर्ता को इस विषय पर साहित्य की उपलब्धता पर भी विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ा है। क्योंकि सम्बन्धित विषय पर साहित्य की उपलब्धता न के बराबर है अगर संयोग से किसी के पास कुछ पेपर का विज्ञापन या फिर थोडा बहुत इस विषय पर किसी अन्य प्रकार का साहित्य रहता तो उसे अनुसन्धानकर्ता को उपलब्ध कराने से साफ–साफ मना कर देते और यदि उसमें से देता, तो वही पेपर देता जो महत्वहीन साबित होता था।

इस प्रकार अनुसंधानकर्ता मिर्जापुर, वाराणसी, भदोही, गोपीगंज, खमरिया, जौनपुर, गाजीपुर आदि स्थानों पर भ्रमण करता रहा, परन्तु साहित्य के नाम पर नाम मात्र की सामग्री कहीं पर मिल जाती थी, वे भी अपूर्ण। इस प्रकार मेरे आने–जाने से धन और समय दोनों व्यय होता था। अगर इस विषय में हमने कुछ प्राप्त किया तो परिचित लोगों से जो वर्षो से कालीन उद्योग में जुड़े हुए हैं।

चूंकि कालीन उद्योग में साहित्य एवं किसी प्रकार का प्रकाशन न मिलना इसलिए स्वाभाविक लगता था, कि पहली बात तो यह कि यह उद्योग पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होता है। और दूसरी बात यह है कि यह उद्योग

कुटीर उद्योग के रूप में पारम्परिकता के आधार पर चलाया जाता है। परिणाम स्वरूप ग्रामीण जनता या इस काम में लगे लोग उतना ऊँचे सोच विचार के नहीं होते कि हमारे आपके अध्ययन के बारे में सोच-समझ सकें, इसलिए वे लोग कुछ कहने पर डरते थे कि ये हमारी शिकायत कहीं न कर दें, कि हमें लेने के बजाय देना पड़ जायें। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यह उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाता है, परिणाम स्वरूप ग्रामीण जनसंख्या कम पढ़ी लिखी होने के कारण वे किसी भी प्रकार की सूचना देने से अनभिज्ञता व्यक्त करते थे।

चूंकि कालीन का निर्माण निर्माताओं द्वारा कराया जाता है, और निर्माता निर्यातको द्वारा किया जाता है, ऐसी परिस्थिति में निर्माणकर्ता किसी बात को इस लिये नहीं बताता था कि ये जाकर हमारे निर्यातक से कह देंगे और उसका प्रभाव हमारे ऊपर प्रतिकूल पड़ेगा, लिहाजा इस डर से निर्माणकर्ता काफी परेशान सा दिखता था।

कालीन उद्योग से सम्बन्धी जॉच एवं परीक्षण में ग्रामीण इलाके के दूर दराज में स्थापित इकाइयों के होने से उन इकाइयों तक पहुचने की कठिनाई का सामना करना पड़ता था। अत यातायात के नाम पर कोई खास साधनों की अनुउपलब्धता से काफी पैदल यात्रा करनी पड़ती थी। और इस तरह की परेशानियों को पार करते हुए, कालीन उद्योग पर अनुसन्धाता ने कालीन उद्योग पर अपने ग्रन्थ को पूरा किया है।

अन्त में फिर से मैं यह कहना चाहूँगा कि कालीन उद्योग पर लोगों के सहयोग का अभाव ही था, और जिसने कुछ सहयोग किया भी है, तो वह चोरी से या फिर डर से। इसके अलावा अनुसन्धाता को कालीन विषय पर अनुसन्धान करने के दौरान आर्थिक संकट का सामना भी करना पड़ा है और उस संकट को पार करने एवं परिस्थितियों के साथ समझौते किये गये। इस विषय पर ज्यादातर लोगों में जानकारी का अभाव था, क्योंकि कालीन उद्योग में उनकी रुचि जितना बुनने या निर्यात करने में है उतना उस उद्योग को जानने में नहीं। इसलिए अुनसंधानकर्ता को परीक्षण के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इसके बावजूद इसे कृत को साकार रूप देने के लिए अनुसन्धानकर्ता अपनी पूरी कोशिश व लगन के साथ इस पूर्ण किया है।

अध्याय—तीन

3. उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग का विश्लेषण :

3.1 उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग की प्रकृति

3.2 उत्तर प्रदेश में कालीन उत्पादन क्षेत्र

3 3 भदोही—मिर्जापुर क्षेत्र में कालीन उद्योग का इतिहास

3.4 उत्तर प्रदेश में कालीन निर्माण एवं निर्यात ईकाइयॉ

3.5 उत्तर प्रदेश में निर्मित कालीनों की किस्म, गुणवत्ता एव मूल्य

3.6 उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग का संगठनात्मक ढांचा एवं उत्पादन प्रक्रिया

3.7 कालीन उद्योग—ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

3.8 उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कालीन उद्योग का योगदान

(I) उत्तर प्रदेश में कालीन का निर्यात व्यापार

(II) कालीन निर्यात की प्रगति

(III) कालीन निर्यात में वृद्धि के कारण

(IV) कालीन का विश्व—बाजार एवं मांग

3.9 कालीन उद्योग के सम्मुख प्रमुख समस्यायें

(I) कच्चे माल की समस्या

(II) आधुनिक तकनीकी का अभाव

(III) कुशल प्रशिक्षित बुनकरों का अभाव

(IV) आधारभूत संरचना सम्बन्धी समस्यायें

(V) कानून एवं कर सम्बन्धी समस्यायें

(VI) पर्याप्त वित्तीय सहयोग का अभाव

3.10 समस्याओं का संभावित समाधान

(I) सरकारी सहयोग

(II) मूलभूत ढंचागत सुविधायें

(III) वित्तीय सहायता

(IV) कच्चे माल की आपूर्ति

(V) बेहतर विपणन व्यवस्था

(VI) निर्यात बढावा योजनायें

(VII) डिजाइनों का विकास

(VIII) आधुनिक तकनीकी

(IX) बाजार अनुसंधान एव प्रोत्साहन

(X) बाजार विकास फण्ड (MDF)

(XI) प्रर्दशनी एवं प्रचार

(XII) स्पर्धात्मक मूल्य नियत्रांण

अध्याय–तीन

उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग का विश्लेषणात्मक अध्ययन

3.1 उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग की प्रकृति :

उत्तर प्रदेश में हस्त निर्मित कालीन उद्योग का विकास मुख्यतः कुटीर उद्योग के रूप में हुआ है, जो कि आवश्यक रूप से असगठित क्षेत्र के अन्तर्गत है। उ0प्र0 का कलीन उद्योग इसी दृष्टि से देश के अन्य क्षेत्रों के कालीन उद्योग से भिन्न है। भारत के शेष भागों में कालीन उद्योग जहां पर संगठित एव कुटीर उद्योग दोनों रूप में है, वहीं पर उत्तर प्रदेश में यह सम्पूर्ण रूप में ग्रामीण कुटीर उद्योग के रूप में है, जिसमें सम्पूर्ण उत्पादन ग्रामीण कारीगर अपने गाव एवम् घरों में करते हैं। उ0प्र0 में कालीन एवं दरी के बुनकर मुख्यत पुरूष या बाल कारीगर है। कुछ अपवादों को छोडकर महिला बुनकर प्राय. नहीं है। जबकि जम्मू एवं कश्मीर, जयपुर एवं अमृतसर के कालीन उद्योगों में महिला बुनकरों की सख्या अधिक है।

3.2 उत्तर प्रदेश में कालीन उत्पादन का क्षेत्र :

उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग मुख्यतः राज्य के पूर्वांचल में भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया एवं इलाहाबाद जिलों में मुख्य रूप से केन्द्रित है। इसके अतिरिक्त राज्य के पश्चिम में आगरा भी कालीन उत्पादन का महत्वपूर्ण

केन्द्र है। भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में कालीन उत्पादन केन्द्र लगभग 50 हजार वर्ग किमी0 क्षेत्र में फैला हुआ है और जिसमें लगभग 15 लाख बुनकर एवं ग्रामीण श्रमिक अपने गांवों एवम् घरों में कालीन एवं दरी बनाते है। (चित्र संख्या-01)

भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में न तो कालीन उद्योग में प्रयुक्त किसी कच्चे माल का उत्पादन होता है, न ही किसी अन्य श्रोत से उपलब्ध है। तथापि इस क्षेत्र में कालीन उद्योग की परम्परा लगभग 200 वर्ष पुरानी है, और लगातार फल-फूल रही है। यह इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि दक्ष कारीगरों ने ही पीढी दर पीढी कालीन व्यवसाय का स्थायित्व प्रदान किया है। (चित्र संख्या-02)

3.3 भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में कालीन उद्योग का इतिहास :

भारत में कालीन उद्योग का इतिहास मुगलकालीन है, परन्तु भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में इसकी शुरूवात प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की देन है। सन् 1857 के संग्राम में अंग्रेजों की दमन नीति के कारण आगरा, दिल्ली क्षेत्र से बड़ी सख्या में दक्ष कालीन बुनकरों ने भागकर जी0टी0 रोड पर स्थित माधोसिह में शरण ली। जिस गाँव में शरण ली, वर्तमान में भदोही-मिर्जापुर के बीच में स्थित है। इन्हीं बुनकरों के द्वारा यहॉ पर बहुत छोटे स्तर पर कालीन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया।*

---

*After 1857 AD war of freedom which was named by Britishers as muting, Agra, Delhi and other places were fall of turmoil and subsequently a member of Carpet weavers fled from Agra and got shelter in the village of Madhosingh on the G T Road located between Bhadohi and Mirzapur and started carpet weaving on a very small scale (A breif history of Carpet weaving in Bhadohi-Mirzapur Carpet belt Ashfaque Ahmad Waziri, Director National Inland Waterways Board)

चित्र संख्या 1

उत्तर प्रदेश के कालीन उत्पादक क्षेत्र

चित्र संख्य -02

A Sketch Map
of
MIRZAPUR DISTRICT (U P)

V A R A N A
ALLAHABAD
KACHHWA
CHUNAR
MIRZAPUR
AHRAURA
LALGANJ
MARIHA
RAJGARH
SIRSI
DUMANDGANJ
HALIYA
SONBHADRA
PARSIA MURPELI
M P

A Sketch Map
of
BHADOHI DISTRICT
(UTTAR PRADESH)

J A U N P U R

19वीं शताब्दी के अन्तिम वर्षो में सर्वप्रथम मि० ब्राउनफोर्ड नामक अंग्रेज ने इन बुनकरों की दक्षता पर ध्यान दिया एवं कालीन उद्योग के आर्थिक लाभ के पक्ष को समझ कर एक लघु कम्पनी M/s E Hill and Co के नाम से खमरिया नामक गाँव में स्थापित करने का निर्णय लिया। इसके बाद मि० ए० टेलेरी ने भदोही में एक लघु इकाई की स्थापना की। इसके बाद एक के बाद एक कई ब्रिटिश नागरिकों ने छोटी–छोटी इकाइयों की स्थापना की। परन्तु सर्वप्रथम मास्टर पीर मोहम्मद नामक एक भारतीय ने भदोही से कालीन निर्यात की शुरूआत की। इसके बाद कई निर्यात कम्पनियों की स्थापना की जिसमें कुछेक आज भी व्यवसाय कर रहीं हैं।

भदोही में कालीन उद्योग का इतिहास उन प्रारम्भिक कुशल कारीगरों के नाम के उल्लेख के बिना अपूर्ण रहेगा। जब मि० ए० टेलेरी ने भदोही में कारखाना लगाने का निर्णय किया, तो वे अपने साथ मिर्जापुर के उस समय के प्रख्यात कारीगर हाजी मोहम्मद जहूर एवं मुंशी अब्दुल अहाद खान जैसे लोगों को ले आये, जिन्होंने कारीगरों के नमूनो का प्रदर्शन ग्रेट ब्रिटेन के कई बढ़े नगरों में किया। मुंशी अब्दुल अहाद खान बहुत ही ख्यातिनामा डिजाइनर थे। इन्होंने भारतीय इरानी नमूनों का अत्यन्त ही आकर्षक मिश्रण प्रस्तुत किये। वर्तमान समय में इनके पौत्र मोहम्मद मुस्तफा खान एण्ड ब्रदर्स, भदोही के अग्रणी कालीन निर्यातक है, जिनकी फर्म M/s A Aziz Khan & Sons कालीन की दुनिया में विश्व विख्यात है। परन्तु कालीन उद्योग का वास्तविक

विकास सन् 1960 के बाद ही हुआ, जब इस उद्योग का तीव्र गति से विस्तार हुआ एवं उत्पादन में विविधता लाई गयी। इसके पहले तक सिर्फ इग्लैण्ड ही कालीनों का आयातक देश था, परन्तु 1960 के बाद जर्मनी, फ्रांस आदि देशों के बाजारों में प्रवेश के साथ ही भदोही के कालीन उद्योग में क्रांतिकारी परिवर्तन हुयें। पहले 30 गांठ प्रति वर्ग इंच वाले कालीनों का ही उत्पादन होता था, परन्तु इरानी नमूनों एवं किस्म के विकास के साथ 250 गांठ प्रति वर्ग इंच की जटिल परन्तु आकर्षक नमूनों वाली कालीनों का उत्पादन भी तीव्र गति से बढा। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, और कालीन उद्योग के उज्ज्वल भविष्य की ओर इंगित करती है। जहां ईरान में एक क्षेत्र में एक ही नमूनों की कालीन का निर्माण होता है, वहीं भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में प्रत्येक प्रकार के डिजाइन, रंगों का मेल एवं किस्म-हमादान से केसन प्रकार के कालीन का निर्माण किया जाता है।

3.4 उत्तर प्रदेश में कालीन निर्माण एवं निर्यात इकाइयाँ :

उत्तर प्रदेश में हस्त निर्मित कालीन उद्योग निःसन्देह असंगठित क्षेत्र का कुटीर उद्योग है। यह उद्योग परम्परागत आधार पर गांवों से जुड़ा, प्रचुर श्रम, प्रोत्साहक, निर्यातपरक उद्योग है। जो कि राज्य के 15 लाख बुनकरों एवं ग्रामीण श्रमिकों को उनके घरों या गाँवों में रोजगार सुलभ कराता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कालीन कुटीर उद्योग में सुदूर आंतरिक गाँवों में अपने घरों में बुनकर हस्तशिल्पी अपने परिवार के सदस्यों या उसी गाँव के अन्य व्यक्तियों की सहायता से

बुनाई कार्य करता है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 1.5 लाख करघे कालीन निर्माण में लगे हुये है। क्षेत्रवार सूची इस प्रकार है-

भदोही-मिर्जापुर	-	1,25,000
आगरा	-	10,000
अन्य जिले	-	15,000
कुल भारत	-	1,88,000

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है, कि भारत के कुल कालीन निर्माणरत करघों में लगभग 80% अकेले उत्तर प्रदेश में लगे हैं, और उसमें में भी 83% भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में लगें हुये। उत्तर प्रदेश में कालीन निर्माण एव निर्यात में लगी हुयी पंजीकृत इकाइयों की जिलेवार सूची तालिका-। में दी गयी है जो शोध ग्रन्थ में सन्दर्भ सूची के बाद संगल्न है।

3.5 उत्तर प्रदेश में निर्मित कालीनों की किस्म, गुणवत्ता एवं मूल्य :

उत्तर प्रदेश में कालीन निर्माण केन्द्र के रूप में भदोही-मिर्जापुर, आगरा एवं शाहजहांपुर का विशेष महत्व इन केन्द्रों में निर्मित कालीनों की किस्म एवं गुणवत्ता के अनुसार भिन्न-भिन्न है।

उत्तर प्रदेश में आगरा में सबसे उच्चकोटि के मंहगे

कालीनों का निर्माण होता है। ये कालीन एकल बुनाई के होते है जिनमें प्रति वर्ग इंच में 200 से 450 गांठे होती है, जिनके निर्माण में न्यूजीलैण्ड से आयातित ऊन का प्रयोग होता है, जिसमें विशेष उज्ज्वलता एवं चमक होती है। इन्हें ही 'एन्टीक कार्पेट' कहते है। इनकी कीमत भी भारतीय ऊन से बनें कालीनों की अपेक्षा अधिक होती है। [चित्र संख्या-3A]

भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में निर्मित कालीन अपने किस्म, गुणवत्ता, डिजाइनों में विविधता के कारण प्रसिद्ध है। इसी क्षेत्रा में राज्य के 85% कालीन उत्पादन होता है। भदोही में 12-13 प्रकार के डिजाइनों में कालीन मिलते है। गुणवत्ता (Quality) के हिसाब से इनका वर्गीकरण किया जाता है। जैसे पांच सौ चालीस क्वालिटी, बारह सौ साठ क्वालिटी आदि, इनमें प्रति वर्ग इचं 180 गांठे या इससे अधिक भी होती है। मिर्जापुर में केवल एक क्वालिटी का कालीन बनता है। शाहजहांपुर में बने कालीन गुणवत्ता की दृष्टि से सबसे निम्नकोटि के माने जाते है जिनकी कीमत भी अपेक्षाकृत कम होती है। [चित्र संख्या-3B, 3C]

3.6 उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग का संगठनात्मक ढांचा एवं उत्पादन प्रक्रिया :

उत्तर प्रदेश में कालीन उद्योग का संगठनात्मक ढांचा अपने वर्तमान रूप में हर दृष्टि से अनूठा है। शत-प्रतिशत निर्यातपरक उद्योग होते हुये भी इस उद्योग में हर स्तर पर एक प्रकार की अनपौचारिक व्यवस्था है। परम्परागत सन्दर्भ

चित्र संख्या – 3A

उ0 प्र0 में निर्मित कालीनों के विशिष्ट नमूनें

चित्र संख्या – 3A (1)

चित्र संख्या – 3A (2)

चित्र संख्या – 3B

उ0 प्र0 में निर्मित कालीनों के विशिष्ट नमूनें

चित्र संख्या – 3B (1)

चित्र संख्या – 3B (2)

चित्र संख्या – 3B (3)

चित्र संख्या – 3C

उ0 प्र0 में निर्मित कालीनों के विशिष्ट नमूनें

चित्र संख्या – 3C (1)

चित्र संख्या – 3C (2)

में एक भी संयंत्र या उत्पादन केन्द्र नहीं है, वरन् कार्ल
की बुनाई, बुनकरों के द्वारा अपने गाँवों एवं घरों में की ज
है। जहा तक उत्पादन लागत का प्रश्न है, श्रम-मूल्य
अंश सम्पूर्ण लागत में सर्वाधिक है। कालीन निर्माण
प्रयुक्त मुख्य कच्चा माल ऊनी एवं सूती धागा रंग
रसायन हैं। कालीन निर्माण की प्रक्रिया अत्यधिक जटिल
परन्तु अत्यधिक आकर्षक एवं जटिल डिजाईनों की काली
का निर्माण किसी भी प्रकार की मशीन के उपयोग के बि
ही किया जाता है। वस्तुतः इनका निर्माण हाथ से बुनी हु
गांठों के द्वारा साधारण करघे पर किया जाता है।

उत्तर प्रदेश में कालीन निर्माता एवं निर्यातक की संख
काफी अधिक है। इनमें कुछेक तो काफी बड़ी कम्पनियाँ
परन्तु अधिकाश लघु एवं मध्यम दर्जे की हैं। अधिकं
निर्यात इकाईयां कारपोरेट वर्ग में नहीं आती वरन् पारिवारि
व्यवसाय के रूप में पीढ़ी दर पीढी चल रही है। परिण
स्वरूप स्वाभाविक रूप से अधिकांशतः इकाइयाँ आधुनि
प्रबंधन तकनीकी, डिजानिंग, उत्पाद नवीनीकरण एवं विपण
जैसी उद्योग की आधुनिक विधा को अपनाने में असमर्थ

3.7 कालीन उद्योग-ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

उ0प्र0 में कालीन उद्योग रोजगार का आधार, निय
प्रधान कुटीर उद्योग है। इस उद्योग में कालीन निर्माण
समस्त प्रक्रियायें गाँवों में होती है। ग्रामीण परिवार के सद
खेती-बाड़ी एवं अपने प्रतिदिन के कार्यो से खाली होने

बाद शेष समय कालीन बुनाई में लगाते हैं। उन्हें इस कार्य में समय एवं कार्य सीमा की कोई बाध्यता नहीं होती है। वस्तुतः भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में कालीन उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एक अनुमान के अनुसार निर्यात आय की 60% राशि बनुकरों के मजदूरी में व्यय होती है। अनुमानित है कि भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र में 1000 करोड़ रूपये के जिर्यात में से वार्षिक 600 करोड़ रूपये का भुगतान इस क्षेत्रा के कालीन बुनकरों को बुनाई के मद किया जाता है। इससे कालीन बुनाई वाले गॉव की अर्थव्यवस्था उन्नत हुई है तथा बुनकर श्रमिकों के रहन-सहन का स्तर भी ऊँचा हुआ है एवं उनके जीवन में व्यापक खुशहाली आयी है।

बाल श्रमिक निषेध कानून द्वारा बालकों को बुनाई कार्य से हटाये जाने के बाद उत्पन्न शून्य को भरने के लिये महिलाओं को बुनाई प्रशिक्षण देना अपरिहार्य हो गया है। इससे कालीन उद्योग को जहां एक और बुनाई में बल मिलेगा वहीं दूसरी ओर ग्राम्य अर्थव्यवस्था को भी सहायता मिलेगी। वहीं परिवार के आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ गाँवों में जीवन स्तर भी उन्नत होगा। महिलाओं को कालीन बुनाई से विरत रखने की सामाजिक रीति के खत्म होने से जहां एक ओर उनके सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी, वहीं उन्हें आर्थिक स्वतंत्राता भी प्राप्त होगी। अतएव महिलाओं को गृहस्थी से बंचे समय में कालीन बुनाई में लगाने के लिये पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जाना आवश्य है।

३.४ उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में कालीन उद्योग का योगदान :

कालीन उद्योग का उ0प्र0 की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय निर्यात-निष्पादन में उ0प्र0 का योगदान मात्रा 6 प्रतिशत है और राज्य के सम्पूर्ण निर्यात निष्पादन में लगभग 50 प्रतिशत योगदान हाथ से बुनी हुयी कालीनों का है। इस प्रकार कालीन उद्योग राज्य का विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला प्रमुख श्रोत है। बहुमूल्य विदेशी मुद्रा अर्जित करने के अलावा कालीन उद्योग राज्य के लगभग 15 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जों कि मुख्य रूप से कालीन बुनाई एव अन्य सम्बन्धित कार्यो जैसे कालीन की धुलाई एवं फिनिशिंग कार्य में लगें हुये हैं। कालीन उद्योग में लगें हुये बनुकर एवं श्रमिक मुख्यतः ग्रामीण है, एवं समाज के गरीब कमजोर एव पिछडे वर्ग से सम्बन्ध रखते है। कालीन उद्योग इन्हें अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराता है।

(i) उत्तर प्रदेश में कालीन का निर्यात-व्यापार :

उ0प्र0 में कालीन उद्योग सम्पूर्ण रूप से निर्यातपरक उद्योग है। राज्य में निर्मित 95% कालीन का निर्यात किया जाता है। भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र का इस दिशा में महत्वूपर्ण स्थान है। यह क्षेत्र न केवल देश में निर्मित कालीन का 80% कालीन उत्पादन करता है, वरन् इस क्षेत्र के सम्पूर्ण उत्पादन का 99% से अधिक विदेशों को निर्यात कर दिया जाता है।

राज्य में कालीन निर्यात में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका उन कुशल बुनकरों की है, जो कि विभिन्न गुणों, आकार, गाँठ, डिजाइन एवं रंग विन्यास के कालीन बुनने में सक्षम है, जो विदेशी आयातकों की विशिष्टितापूर्ण रूचि को सन्तुष्ट करता है। उ०प्र० में प्रधानतः क्रोम-डाई की रासायनिक रूप से घुली हुयी इरानी डिजाइन की कालीनों का उत्पादन होता है। विगत कुछ वर्षो से भदोही-मिर्जापुर क्षेत्रा विदेशो में विशेषकर जर्मनी में बढती हुयी मांग को देखते हुये नेपाली कालीनों का निर्माण भी होने लगा है।

(II) कालीन निर्यात की प्रगति :

उ०प्र० में कालीन उद्योग का इतिहास यद्यपि काफी पुराना है, परन्तु इसके पूर्णतः निर्यातपरक उद्योग में रूपान्तरण का इतिहास सिर्फ पिछले तीन दशक का है। स्वतंत्राता के प्रथम दो दशकों की स्थिरता के बाद 70 के दशक में अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में अचानक बढी मॉग के कारण कालीन निर्यात में एकाएक कई गुना वृद्धि दर्ज की गयी। कालीन का वार्षिक निर्यात मूल्य जो कि सन् 1947-48 से सन् 1964-65 तक 3 करोड़ रूपये से 5 करोड़ के मध्य स्थिर था वहीं सन् 1971 में अचानक बढ़कर 11 करोड़ रूपये हो गया। भारत में 90 के दशक में शुरू की गयी आर्थिक उदारीकरण के साथ ही सन् 1994-95 में कालीन का वार्षिक निर्यात मूल्य बढ़कर 1822 करोड़ रूपये हो गयीं। इस प्रकार पिछले 10 वर्षो में कालीन निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि हुयी है। तालिका नं० II एवं चित्र नं० 4, 4-A में

कालीन निर्यात की प्रगति को स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है। तालिका III एवं चित्र नं० 5, 5-A में विभिन्न उत्पादों के निर्यात की वृद्धि दर दर्शायी गयी है।

तालिका – 11

कालीन के निर्यात दर में वार्षिक प्रगति

निर्यात वर्ष	निर्यात करोड़ (रू0में)
1961–1962	4.42
1970–1971	10.94
1981–1982	173.48
1990–1991	507.00
1991–1992	745.00
1992–1993	992.00
1993–1994	1390.00
1994–1995	1822.40
1995–1996	1959.80
1996–1997	2060.04

श्रोत : Carpet Export Promotion Council, Bhadohi

चित्र - 4

कालीन के निर्यात दर में वार्षिक प्रगति

चित्र - 4 A

कालीन के निर्यात दर में वार्षिक प्रगति

तालिका– III

विभिन्न कालीन उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर

(करोड रूपये में)

वर्ष	ऊनी कालीन	वृद्धि प्रतिशत	सिल्क कालीन	वृद्धि प्रतिशत	कृत्रिम रेयन कालीन	वृद्धि प्रतिशत
1991-92	628 00	-	52 41	-	64 01	-
1992-93	842 85	+34 2	69 24	+32 36	80 00	+24 9
1993-94	1196 85	+42 04	88 90	+28 49	104 25	+30 31
1994-95	1591 85	+33 02	107 60	+21 25	122 95	+17 98
1995-96	1699 50	+6 76	118 95	+10 60	142 86	+16 31
1996-97	1795 44	+5 65	120 33	+1 16	144 27	+00 99

श्रोत : Carpet Export Promotion Council, Bhadohi.

चित्र - 5

विभिन्न कालीन उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर

चित्र - 5 A

विभिन्न कालीन उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर

(iii) कालीन निर्यात में वृद्धि के कारण :

उ0प्र0 में कालीन निर्यात में हुयी अभूतपूर्व वृद्धि का प्रमुख कारण 70 के दशक में कालीन निर्माताओं के द्वारा प्रसिद्ध प्राचीन डिजाइनों (Oriental) को अपनाना रहा है। हमारे कुशल बुनकरों ने सभी परम्परागत नमूनों को हरप्रकार के रंग-मेल में हुबहू उतार कर यूरोपीय बाजारों में धूम मचा दी। हमारे दक्ष बुनकरों लगभग सभी उपलब्ध डिजाइनों को चाहे वह कितना भी जटिल हों कालीनों में उतराने की सफलता पाई है। परम्परागत नमूनों वाली नई कालीन यूरोपीय बाजारों, विशेषकर जर्मनी में अपनी गुणवत्ता एवं मूल्य के कारण अत्यधिक पसन्द की गयी। पिछले कुछ वर्षो से विशाल अमरीकी बाजार में भी भारतीय कालीन प्रवेश करने से सफल रही है।

(iv) कालीन का विश्वबाजार एवं मांग :

कालीन का विश्वबाजार मुख्यतः पश्चिमी यूरोप के विकसित देश एवं अमरीका तक ही सीमित है। विश्व के सबसे गतिशील कालीन बाजार में विश्व की कालीन निर्यात का 85% अश खपता है। इनमें जर्मनी (43%), संयुक्त राज्य अमेरिका (12%), जापान (8%), इटली, (6%), स्विटजरलैण्ड (5%), इग्लैण्ड (4%), आस्ट्रेलिया (4%), बेल्जियम-लक्जेमवर्ग (2%) एवं स्वीडन (1.5%) प्रमुख आयातक देश है। इनमें जर्मनाी काफी समय से कालीनों का प्रमुख आयातक देश रहा है। जर्मनी के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका

का स्थान है। पिछले कुछ वर्षो से जापान में कालीन की मांग काफी बढ़ी है।

विश्व में कालीन निर्यात में विकासशील देशो का एकाधिकार है। सम्पूर्ण कालीन निर्यात का 90% से अधिक भाग विकासशील देशों द्वारा ही किया जाता है। इरान विश्व में सर्वाधिक कालीन निर्यात करने वाला देश, जिसका कि विश्व के कालीन निर्यात बाजार में 28% भागेदारी है। इसके बाद क्रमश चीन और भारत का स्थान है। सम्पूर्ण निर्यात में भारत लगभग 20% बाजार का अधिकारी है। नेपाल चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। इन चार प्रमुख देशों के अतिरिक्त पाकिस्तान, टर्की, अफगानिस्तान आदि देश भी कालीन का निर्यात करते है।

यद्यपि विश्व कालीन बाजार में भारत 20% हस्तनिर्मित कालीन का निर्यात करता है, परन्तु भारत की सम्पूर्ण कालीन निर्यात में 85% से भी अधिक अकेले उ0प्र0 से निर्यात किया जाता हैं, जिसमें भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है, जहां निर्मित 99% कालीन विदेशों को निर्यात कर दिया जाता है।

जर्मनी भारतीय कालीनो का सबसे बड़ा आयातक देश है। भारत के कुल कालीन निर्यात का लगभग 35% अकेले जर्मनी आयात करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय कालीनों का दूसरा प्रमुख ग्राहक है, जो कि कुल निर्यात का

लगभग 30% का खरीदार है। तालिका नं0 IV चित्र नं0 6 भारतीय कालीनों के प्रमुख आयातकर्ता देशों का विवरण प्रस्तुत किया है।

जहां तक विश्व में कालीनों की किस्म के अनुसार माग का प्रश्न है, 70% मांग हस्तनिर्मित इरानी डिजाइनों की है, जो कि विभिन्न प्रकार के रंग एवं आकार के होते हैं। कालीनों की गुणवत्ता की दृष्टि से विश्व बाजार में उच्च, मध्यम एवं निम्न तीनों कोटि की कालीन की मांग है। यूरोपीय बाजारों में निम्न एव मध्यम कोटि की कालीनों की अधिक मांग है। यूरोपीय देशों द्वारा आयातित 90% कालीन इन्हीं दो कोटि की हैं। जबकि अमरीकी बाजार में उच्च एवं मध्यम कोटि के कालीन की खपत अधिक है। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा आयातित 80% कालीन उच्च एवं मध्यम कोटि की होती है।

जर्मनी, जो कि विश्व में सबसे अधिक कालीन आयात करने वाला देश है, इरानी एवं नेपाली दोनों प्रकार की कालीनों में मध्यम एवं निम्नकोटि के कालीनों की खपत क्रमशः 50% एवं 40% है। जबकि यहां उच्चकोटि की कालीनो की मांग निरन्तर कम हो रही है। निम्नकोटि की कालीनों में प्रति वर्ग इंच गॉठों की संख्या 50 से कम होती है। जर्मनी में इसप्रकार की कालीनों का 40% निर्यात उत्तर प्रदेश के भदोही–मिर्जापुर क्षेत्र से होता है। मध्यम कोटि की कालीन जिनमें गॉठों की संख्या प्रति वर्ग इंच 50 से 300 तक होती है, भी जर्मनी में भदोही–मिर्जापुर क्षेत्र से ही

(20%) निर्यात की जाती है। संयुक्त राज्य अमेरिका में जहाँ मध्यम एवं उच्च कोटि की कालीन की मांग क्रमशः 20% एवं 60% हैं, भारतीय कालीनों का एकाधिपत्य है, क्योंकि राजनीतिक कारणों से अमेरिकी बाजार में ईरानी निर्मित कालीनों को प्रवेश नहीं मिल पाता है।

तालिका - IV

विश्व के विभिन्न देशों में कालीन निर्यात

(मूल्य-करोड़ रूपये में)

क्रम स0	देश	वर्ष 1991-92	वर्ष 1992-93	वर्ष 1993-94	वर्ष 1994-95	वर्ष 1995-96
1	जर्मनी	276 35	385 12	539 71	685 92	686 91
2	सयुक्त राज्य अमेरिका	261 10	332 09	473 34	580 40	592 81
3	स्विटजर लैण्ड	37 81	47 85	52 05	78 25	78 52
4	यूनाइटेड किगडम	27 10	32.16	35 02	56 05	61 80
5	जापान	16.03	27 95	41 15	70 20	87 83
6	इटली	18 34	30 35	40 53	71 35	72 73
7	कनाडा	23 18	27 45	49 44	43 82	49 06
8	नीदरलैण्ड	20 52	24.49	32 32	43 70	44.67
9	फ्रास	13 51	17 71	24 82	28 60	37.12
10	आस्ट्रेलिया	9 96	14 25	19 94	30 18	30 84
11	अन्य देश	41 40	52 58	81 68	134.43	287 53
	कुल योग	745 00	992 00	1390 00	1822 40	1959 80

श्रोत : Carpet Export Promotion Council, Bhadohi

नोट : सभी आंकड़े भारत वर्ष के सन्दर्भ में है।

चित्र - 6

विश्व के विभिन्न देशों मे कालीन निर्यात

3.9 कालीन उद्योग के सम्मुख प्रमुख समस्यायें :

(1) कच्चे माल की समस्या :

हस्त निर्मित कालीन एवं दरी निर्माण में कच्चे माल के रूप में 35 माइक्रान ऊन का प्रयोग होता है। भारत में विशेषतः उ0प्र0 में कालीन योग्य ऊन के उत्पादन में भारी कमी होने के कारण, यहां का कालीन उद्योग पूर्णतः आयातित ऊन पर आश्रित है। उ0प्र0 में कालीनों का निर्माण मुख्यत न्यूजीलैण्ड से आयात किये गये ऊन से होता है, जिससे कालीन के मूल्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में ऊन का उत्पादन बढाया जाय। उ0प्र0 के पहाडी जिलों में जहाँ ऊन उत्पादन हेतु अनुकूल परिस्थितियाँ पायी जाती है, वैज्ञानिक रीति से भेड़ पालन द्वारा कालीन निर्माण योग्य ऊन के उत्पादन को बढ़ाने की पर्याप्त सम्भावना विद्वमान है। इस दिशा में प्रयास करके राज्य के कालीन उद्योग की आयातित ऊन पर निर्भरता कम की जा सकती है, और कालीन उत्पादन लागत को काफी कम किया जा सकता है। भारत में उत्पादित चोकला, मोगरा, नाली एवं जैसलमेरी ऊनी धागें कालीन बुनाई हेतु सर्वश्रेष्ठ माने जाते है, परन्तु इनके उत्पादन में वृद्धि न होने के कारण राज्य के निर्यातक/उत्पादकों को न केवल बहमूल्य विदेशी मुद्रा ऊनी धागे के आयात में व्यय करना पडता है, वरन् विदेशी मुद्रा बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होना पड़ता है, जिनका अन्नतः प्रभाव कालीन के मूल्य पर पड़ता है।

कालीन निर्माण में ऊनी धागे के अरिरिक्त सूती धागों एवं विभिन्न प्रकार के रासायनिक रंग का भी उपयोग किया जाता है। सूती धागे की आपूर्ति स्वदेशी बाजार से ही हो जाती है। परन्तु कालीन निर्माता मुख्यत विभिन्न प्रकार के रासायनिक रंग जिसमें azo डाइ भी शामिल है, रंगों का प्रयोग करते है। azo रंगों के **Carcinogenic** प्रभाव के कारण कई विकसित देशो ने, जिसमें भारतीय कालीन के सबसे प्रमुख आयातकर्ता जर्मनी भी है, इस प्रकार के उत्पादों के आयात पर प्रतिबन्ध लगा दिया है।* इसलिये निर्यातकों ने कुछ अन्य प्रकार के रंगों का प्रयोग, जो कि आयातकर्ता देशों को मंजूर हों आरंभ किया है। सरकार को इस प्रकार के रंगों के अनुसंधान कार्य को विभिन्न अनुसधान केन्द्रों के माध्यम से प्रोत्साहन देना चाहिये।

उ0प्र0 के कालीन उत्पादकों का प्राकृतिक रंगों के प्रति रुझान विगत कुछ वर्षो से बढ़ने से प्रदेश के कालीन उद्योग में एक नये अध्याय की शुरुवात हुआ है। जो कि राज्य के लिये अत्यन्त लाभदायक साबित होगा, क्योंकि प्राकृतिक रंगों के उत्पादन से ग्रामीण जनता को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। ज्ञातव्य हो कि प्राकृतिक रंगों का सबसे महत्वपूर्ण श्रोत वनस्पतियाँ हैं। केवल उ0प्र0 में तीन सौ किस्मों की वनस्पतियाँ उपलब्ध हैं जिनसे रंग प्राप्त किये जा सकते है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में उपलब्ध पाँच सौ प्रकार की

*Due to Carcinogenic effect of azo-based dyes, developed countries, particularly the largest in porter country, Germany, banned the import of textiles / fabrics using azo bassed dyes, (R P Srivastava, Niamatullah)

वनस्पतियों से 14 प्राकृतिक रंगों को संकेन्द्रित अर्क के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के रंग तैयार कर दो घंटे के अन्दर ऊनी–सूती धागे रंगे जा सकते है। इस प्रकार के रंगों के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिये भारत सरकार के उपक्रम नेशनल हैन्डलूम डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 एवं विकास आयुक्त हथकरघा वस्त्र मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से "प्राकृतिक रंगों द्वारा रंगाई एवं छपाई कार्यशाला" का आयोजन किया जा रहा है। देश के विभिन्न भागों में 29 प्रशिक्षण कार्यशालायें प्रायोजित करने के पश्चात् उ0प्र0 कालीन निर्यात निगम के सहयोग से प्रदेश की कालीन नगरी भदोही में 30वां प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के दर्जनों रगसाजों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राकृतिक रंगों के उपयोग के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हासिल की। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक रंगों का मूल श्रोत मुख्यत. वनस्पति अवशेष जैसे प्याज का छिलका, अखरोट का छिलका, अनार व इमली का छिलका आदि। जो कि पर्यावरण संतुलन बनये रखने के लिये अत्यन्त उपयुक्त है। प्राकृतिक रंग पर्यावरण अनुकूल, स्वतः नष्ट हो जाने वाले तथा मनोहारी होते हैं। प्राकृतिक रंग विषैले नहीं होते है और स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालते एवं वातावरण में प्रदूषण भी नहीं फैलाते। अतः विश्व प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए कालीन निर्यातकों को नई तकनीकी विकसित करके कालीन रगई में प्राकृतिक रंगों का अधिकाधिक प्रयोग के लिये प्रयासरत रहना चाहिये। इस दिशा में सरकारी सहयोग एवं प्रोत्साहन भी आवश्यक है।

(II) आधुनिक तकनीक का अभाव :

उ0प्र0 में कालीन उद्योग पूर्णत· निर्यातपरक होते हुये भी अभी भी प्राचीन परम्परागत ढांचे में जकड़ा हुआ है, जिसमें आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के प्रयोग का अभाव है, जो कि अन्ततः कालीन की गुणवत्ता एवं मूल्य को प्रभावित करता है। कालीन की गुणवत्ता न केवल उसमें प्रयुक्त गांठों के घनत्व पर निर्भर है, वरन् डिजाइन, रंग, चमक, ऊन की क्वालिटी आदि भी महत्वपूर्ण है। जबकि प्रदेश के कालीन निर्माण में रंगाई, धुलाई, प्रोसेसिंग एवं डिजाइनिंग आदि में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग न के बराबर है।

उ0प्र0 में कालीनों की बुनाई मुख्यतः लकड़ी के बनें करघे, जिन्हें बुनकर अपने घरों में लगायें रखते है, पर होती है। इन लकडी के करघों की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। एवं कम टिकाऊ होती है, और लगातार प्रयोग से इन करघो के जोड ढीले पड़ जाते है जिनका प्रभाव कालीन की गुणवत्ता पर तो पडता ही है, साथ ही बुनकरों को भी अधिक परिश्रम करना पड़ता है। यें लकड़ी के करघें न केवल अधिक स्थान घेरते है, वरन् इनकों एक निश्चित स्थान पर ही लगाया जाता है, जिसकों बुनकर अपनी सुविधानुसार इधर-उधर स्थान्तरित नहीं कर पाते हैं। इस दिशा में NPC द्वारा तैयार किये गये हल्के स्टील के पोर्टबल करघें काफी सुविधाजनक है। ये करघे काफी मजबूत एवं टिकाऊ हैं साथ ही इनमें जोड़ों के ढीले होने की समस्या नहीं हैं। चूंकि ये करघे पोर्टबल है, इसीलिये इन्हें किसी एक स्थान पर लगवाने की

जरूरत नहीं है। बुनकर इसे अपनी सुविधानुसार अपने घर के कहीं भी रखकर बुनाई का काम कर सकते है। ये करघें बहुत सीमित स्थान घेरते है, और करघे पर ही बुनकर के बैठने के लिये सीट बनी होती है, जिस पर बैठकर बुनकर आराम से बुनाई कर सकते हैं। (चित्र नं0–7)। इनकी कीमत भी अधिक नहीं है। कालीन उत्पादकों को इन करघों के प्रयोग को बढावा देना चाहिये। सरकार को इन करघों पर सबसिडी लागू कर बुनकरों को लकड़ी के बने करघों के स्थान पर NPC द्वारा निर्मित करघों को लगाने में समुचित सहायता एवं प्रोत्साहन प्रदान करना चाहिए। बुनकरों को भी चाहिए कि नाबार्ड आदि सस्थाओं से कम ब्याज पर ऋण लेकर नये करघे लगाने चाहिए। सरकार NPC को आर्थिक सहयोग करके उसके द्वारा विकसित करघो को अधिक मात्रा में उत्पादन करने के लिये प्रेरित करे।

आधुनिक करघों के अतिरिक्त ऊनी धागों की कताई, रंगाई, धुलाई, सुखाने आदि की प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकी के उपयोग से बड़े पैमाने पर उत्पादन को बढ़ावा दिया सकता है। इस दिशा में सरकार द्वारा भदोही में एक कालीन तकनीकी संयंत्र खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि क्षेत्र के कालीन उत्पादकों को तकनीकी सहायता देने का प्रयास करेगा एवं नई तकनीक के लिये अनुसंधान कार्य भी करेगा।

(iii) कुशल प्रशिक्षित बुनकरों का अभाव :

हस्त निर्मित कालीन उद्योग मुख्यतः श्रम प्रधान उद्योग

चित्र संख्या -7

NPC द्वारा विकसित पोर्टेबल लूम

चित्र संख्या 7.B

MAIN FRAME (LEFT)
390
1450
5

MAIN FRAME (RIGHT)
50
50
6
290
600
730
440

चित्र संख्या 7.C

60MMØ 4.5 MM THICK 'C' CLASS ERW PIPE
MATL MC
NO OFF 2

SLIDING BRACKET

100 × 100 × 10 'L' ANGLE
MATL MS NO OFF 2

Component Specifications

है। सम्पूर्ण उत्पादन मूल्य का 40% से 70% केवल श्रम मूल्य के रूप में है। कालीन निर्माण में लगे हुये, सभी प्रकार के कारीगरों में बुनकरों का स्थान सबसे महत्वपूर्ण है। वस्तुतः बुनकरों पर ही कालीन उद्योग का भविष्य निर्भर है। पिछले कुछ वर्षो में कालीन निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि ने, कुशल बुनकरों के अभाव को प्रकट कर दिया। स्वभावत· निर्यात वृद्धि दर को बनाये रखने के लिये कुशल बुनकरों एवं अन्य कारीगरों की संख्या में निरन्तर वृद्धि की आवश्यकता है।

इस सन्दर्भ में बाल श्रमिक समस्या का उल्लेख करना भी आवश्यक है, जिसने कालीन उद्योग को काफी बदनाम किया है। इसके लिये देशी एवं विदेशी मीडिया के कुछ तत्व जिम्मेदार हैं, जिन्होंने कालीन निर्माण में लगे बाल श्रमिकों की संख्या तथा हानिकारक कार्य पद्धति, बधुआ मजूरी, एवं शोषण आदि को काफी बढा–चढा कर प्रस्तुत किया है। वस्तुतः बाल श्रमिक कुशलता की दृष्टि से सबसे निम्नकोटि के हैं तथा वे कालीन बुनाई का कार्य अपने घरों में करते हैं, न कि किसी फैक्टरी में। इसके अतिरिक्त कालीन निर्माता एवं निर्यातक बुनकरों को मेहनताना उनके द्वारा किये गये कार्य की गुणवत्ता एव मात्रा के आधार पर करते है, न कि बुनकरों की आयु एवं लिंग के अनुसार। आयातक देशों को इन तथ्यों की सही जानकारी नहीं है।

इस दिशा में सरकार द्वारा कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसमें हस्तकला विकास कार्यालय द्वारा

चलाया जा रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम उल्लेखनीय है। उ0प्र0 में भदोही में इस प्रकार का केन्द्र है। इन प्रशिक्षण केन्द्रों में अनुभवी मास्टर बुनकरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। पाठ्यक्रम इस तरह विभाजित किया गया है जिससे प्रशिक्षार्थी बुनाई की बुनियादी बारीकियों को सीख सकें तथा अपने कला को निखार सके। इस प्रशिक्षण स्कीम में 1984-85 में कुछ सुधार किये गये एवं नये पाठ्यक्रम के तहत न केवल बुनाई बल्कि कालीन को करघे से उतारने के बाद की जाने वाली प्रक्रियाओं जैसे धुलाई, छटाई, फिनिशिंग आदि को भी शामिल किया गया है।

यद्यपि कालीन बुनकर एक बार गांठ बॉधने की कला को सीखते ही पैसा कमाने लगते है, परन्तु बुनकरो की तमाम क्रियाओं जैसे बुनाई, ऊनी, धागों की रंगाई, धागों को लपेटना, करघा लगाना, नमूनों को ठीक से समझना, छटाई आदि में पूर्णत· पारंगत होने में कई साल लगते है। प्रशिक्षण में लगने वाले इतने लम्बे समय को देखते हुयें इसमें लगे श्रमिकों को कुशलता के आधार पर वर्गीकृत करना आवश्यक है। इतनी जटिल प्रक्रिया में लगे रहने के बावजूद इनकी मजदूरी काफी कम है। यही कारण है कि बहुत से प्रशिक्षित बुनकर कालीन बुनाई के स्थान पर अन्य जीविका अपनाने को मजबूर हो जाते है जिनसें उन्हे अधिक आय की उम्मीद रहती है। इस सन्दर्भ में इस दोषपूर्ण सरकारी नीति का उल्लेख करना आवश्यक है, कि बुनकरों के लिये सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के बराबर है, जिन्हें किसी विशेष प्रकार की

दक्षता की आवश्यकता नहीं है। कालीन उद्योग के भविष्य के लिये जहाँ प्रशिक्षित बुनकरों एवं श्रमिकों की आवश्यकता है, वहीं प्रशिक्षित बुनकरों का आर्कषण कालीन बुनाई पर बनाये रखने के लिये उन्हें यथोचित श्रम-मूल्य देना भी आवश्यक है, अन्यथा इस श्रमप्रधान उद्योग का भविष्य खतरे में पढ सकता है।

(IV) आधारभूत संरचना सम्बन्धी समस्यायें :

उ०प्र० के कालीन निर्माण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, निहित संभावनाओं के अनुसार उद्योग के फलने-फूलने में एक बड़ी बाधा है। भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र निम्न समस्याओं से पीडित है-

सड़के :

किसी भी उद्योग के बहुमुखी विकास के लियें सड़क यातायात का विशेष महत्व होता है। क्योंकि स्थानीय स्तर पर आवागमन के लिये सड़क मार्ग ही सुविधाजनक होते है। भदोही-मिर्जापुर के सम्पूर्ण कालीन परिक्षेत्र में सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण उद्योग में लगे सभी लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। परिणाम स्वरूप विदेशी आयातक इस क्षेत्र में आने से कतराते है। इसमें शीघ्र सुधार की आवश्यकता है। साथ ही निकटवर्ती वाराणसी हवाई-अडडें से भदोंही कालीन क्षेत्र में सीधा सड़क मार्ग न होने से भी निर्यातकों एवं आयातको दोनों को असुविधा का

सामना करना पड़ता है।

बिजली :

सम्पूर्ण कालीन उत्पादन क्षेत्र बिजली की अघोषित कटौती से पीड़ित रहता है। जिसका सीधा प्रभाव कालीनों के उत्पादन पर पड़ता है। उद्योग के विकास के लिये आवश्यक है कि पूरे कालीन उत्पादन परिक्षेत्र में बिजली की 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

दूरसंचार व्यवस्था :

सम्पूर्ण कालीन उत्पादन क्षेत्र में दूर संचार व्यवस्था विश्वसनीय नहीं है। यद्यपि हाल ही में इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज के स्थापित हो जाने से टेलीफोन एवं फैक्स की सुविधा उपलब्ध है लेकिन अक्सर ये लाइन खराब रहती है। कालीन जैसे निर्यातपरक उद्योग के लिये विश्वसनीय दूर संचार व्यवस्था अति आवश्यक है। साथ ही परिक्षेत्र को INTERNET सेवा से भी जोड़ना समय के अनुसार मांग है।

होटल-आदि व्यवस्था :

उ0प्र0 के कालीन उत्पादन परिक्षेत्र में अच्छे होटल आदि का भी अभाव है। फलस्वरूप विदेशी ग्राहकों को वाराणसी में ठहरना पड़ता है, एवं कालीन परिक्षेत्र में आने के लिये 3-4 घंटों की अत्यन्त कष्टदायक यात्रा धूल भरी टूटी सड़कों पर

करना पड़ता है। यही कारण है कि विदेशी आयातक भदोही–मिर्जापुर क्षेत्र की यात्रा करने से कतराते है एवं व्यवसाय दिल्ली–मुम्बई जैसे महानगरों से ही संचालित करते है। परिणामस्वरूप कालीन निर्यात व्यवसाय धीरे–धीरे महानगरों में ही केन्द्रित होने लगा है।

जल अभाव एवं निकासी की समस्या :

सम्पूर्ण कालीन उत्पादन परिक्षेत्र के प्रमुख स्थानों जैसे भदोही, ज्ञानपुर, गोपीगंज, खमरिया, माधोसिंह, घोषिया, नयी बाजार आदि में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था के अभाव में सर्वत्र नारकीय दृश्य दिखायी पड़ता है। सड़को–गलियों में गंदे पानी के जमाव से वातावरण प्रदूषित रहता है। जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु समस्त निकायों को सीवर तथा नालियों के निर्माण को प्राथमिकता देनी चाहियें।

(V) कानूनी एवं कर सम्बन्धी समस्यायें :

हस्त निर्मित कालीन उद्योग शत प्रतिशत निर्यातपरक ग्रामीण कुटीर उद्योग है, परन्तु वर्तमान समय में यह तमाम कानूनी एवं कर अधिनियमों के जाल में जकड़ा हुआ है, जिससे उद्योग की वृद्धि एवं विकास प्रभावित हो रहा है।

व्यापार कर अधिनियम :

हस्त निर्मित ऊनी कालीन एवं दरियों की बिक्री राज्य के

अन्दर एवं देश में नगण्य है, परन्तु व्यापार कर से सम्बन्धित विविध प्रक्रियाओं को पूरा करने की वैधानिक वाध यता है, जिसमें पर्याप्त समय एवं शक्ति की बर्बादी होती है। अतएव कालीनों एवं दरियों की ग्रामीण कुटीर उद्योग का उत्पादन होने के कारण इसे उ0प्र0 व्यापार कर के प्रावधानो से मुक्त किया जाना आवश्यक है।

साथ ही साथ ऊनी कालीन एवं दरियों की बुनाई में प्रयुक्त होने वाले ऊनी धागों पर व्यापार कर 2% + अधिभार तथा अन्य कच्चे मालों पर ऊँचे दर व्यापार कर का प्रावधान है। जबकि उत्पादित कालीन एव दरियाॅ शत–प्रतिशत विदेशों को निर्यात कर दी जाती है। अतएव ऊनी धागों तथा अन्य प्रयुक्त होने वाले कच्चे मालों पर व्यापार कर का कोई औचित्य नहीं है। इसे समाप्त किया जाना चाहिये। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि व्यापार कर के रूप में कालीन उद्योग से प्राप्त आय की तुलना में अधिक धन एवं शक्ति इसे प्राप्त करने में व्यय करना पड़ता है।

उ0प्र0 के आस–पास के प्रान्तों में भी कालीनों एवं दरियों पर कोई व्यापार कर नहीं है। इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है, कि कालीन बुनाई का कार्य पड़ोस के प्रान्तों जैसे बिहार, मध्य प्रदेश में भी तेजी से फैल रहा है, तथा बुनाई के पश्चात् तैयार कालीनों के उ0प्र0 के अन्दर आते समय सम्बन्धित सीमा पर स्थित चेक पोस्ट पर व्यापार कर अधिकारियों द्वारा भी अनावश्यक रूप से कच्चा माल ले जाते एवं तैयार कालीन वापस लाते समय सम्बन्धित व्यक्तियों का

उत्पीड़न किया जाता है। कालीन उद्योग के सतत् विकास हेतु इस प्रकार की अड़चनों को दूर किया जाना चाहिये, क्योंकि बुनकरों एवं कालीन निमार्ताओं के बीच कोई सीधा व्यापारिक सम्बन्ध नहीं होता है।

आयात लाइसेंसों की बिक्री एवं हस्तान्तरण पर व्यापार कर :

भारत सरकार द्वारा कालीन निर्यात की वृद्धि हेतु निर्यातकों को भारत के बाहर से कच्चे माल आदि को आयात करने हेतु लाइसेंस जारी किये जाते है। पूर्व में इन लाइसेंसों की बिक्री तथा हस्तान्तरण पर व्यापार कर का प्रावधान कर दिया गया था, परन्तु उ0प्र0 शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक 06.10.95 की अवधि के पूर्व प्राप्त लाइसेंसों पर व्यापार कर समाप्त कर दिया गया। परन्तु निर्यातकों को इस प्रकार के आयात लाइसेंस दिनांक 06.10.95 के बाद भी भारत सरकार द्वारा जारी किये गये जिन्हें निर्यातकों द्वारा कच्चे माल के आयात हेतु बिक्री या हस्तान्तरित करने पर उन्हें उ0प्र0 में व्यापार करके रूप में 10% व्यापार कर तथा 2% अधिभार कुल 12% भुगतान करना पड़ता है, जबकि दिल्ली में यह मात्रा 2% है एवं गुजरात राज्य में इसे समाप्त कर दिया गया। अन्य राज्यों में इसे जल्द ही समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा भी सभी राज्यों में इसे समाप्त करने के निर्देश दिये गये है। उ0प्र0 में भी इसे शीघ्र ही समाप्त किया जाना चाहिये।

आयकर अधिनियम के अन्तर्गत 'श्रोत पर कर की कटौती' प्रावधान :

आयकर अधिनियम के अन्तर्गत रूपये 20,000 से अधिक भुगतान किये जाने पर 'स्त्रोत पर कर की कटौती' (TDS) के अन्तर्गत कालीन बुनकरों तथा अन्य कारीगरों के समस्त भुगतान पर 2% की दर से उक्त कर की कटौती अनिवार्य है। कालीन उद्योग के ग्रामीण रोजगारपरक कुटीर उद्योग के स्वरूप को देखते हुये 'स्त्रोत पर कर की कटौती' का प्रावधान बुनकरों तथा अन्य कारीगरों पर पूर्णतः अव्यवहारिक एव गलत है, क्योंकि इस उद्योग में विभिन्न प्रक्रियाओं में लाखों मजदूर लगे हुये है। जिन्हें अनावश्यक रूप से इस प्रावधान के कारण परेशान होना पड रहा है, जबकि आयकर की सीमा के अन्तर्गत वे नहीं आते है। इस सम्बन्ध में 'वाणिज्य सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति' (1995-96) द्वारा 'कालीन उद्योग के सम्बन्ध में' अपने 22वें प्रतिवदेन में की गयी, सिफारिश का उल्लेख करना आवश्यक है। 'समिति ने बुनकरों को 20,000 अधिक के भुगतान पर टी0डी0एस0 के रूप में 2 प्रतिशत कटौती के मामले पर विचार किया और यह पाया कि जबकि ऐसी बात सच हो सकती है कि कोई बुनकर बहुत से निर्माताओं से 20,000 रूपये से अधिक का भुगतान ले सकता है, परन्तु अधिकांशत. बुनकरों का एक समूह एक कालीन का उत्पादन करने में शामिल होता है, जो अन्ततः इस राशि को आपस में बॉट लेते है। अत समिति टी0डी0एस0 की जारी रखने में कोई औचित्य नहीं समझती और इसकी बजाय सरकार से यह आग्रह

करती है, कि वह इसे समाप्त कर दें।

कारखाना अधिनियम एवं श्रम कानून :

उ0प्र0 कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत सभी इकाईयाँ जिसमें विद्युत चालित मशीनें नहीं है, तथा 10 कारीगर कार्य करते है, तथा वे इकाइयाॅ जहां विद्युत चालित मशीनों के साथ 5 कारीगर कार्य करते है, कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत आते है। जबकि संशोधित कारखाना अधिनियम सं0 1361 दिनांक 8 मई 1993*के अनुसार कालीन विनिर्माण से सम्बन्धित कार्यो के सम्बन्ध में एक व्यक्ति पर भी कारखाना अधिनियम नहीं लागू होता है, जिसके कारण कालीन उद्योग के समक्ष कुटीर उद्योग के रूप में अनेक कठिनाइयां उत्पन्न होती है। जबकि देश के अन्य राज्यों में स्थिति इससे भिन्न है। उ0प्र0 में इस अधिनियम में संशोधान की आवश्यकता है। 'वाणिज्य सम्बन्धी संसदीय समिति' (1994-96) ने भी अपने 22वें प्रतिवेदन में कालीन उद्योग के सन्दर्भ में निम्न सिफारिश की है -

"उद्योग के विकास को सरल बनाने की दृष्टि से यह आवश्यक है, कि श्रम कानूनों की समीक्षा की जाय, और एक ही छत के नीचे 50 व्यक्तियों तक के नियोजन की छूट देने पर विचार किया जाये।"[1]

---

* राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी, 1997

[1] राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी, 1997

उधार (Clean D/A) की शर्तों पर निर्यात से उत्पन्न समस्यायें :

वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा उदारीकरण के नाम पर कालीन निर्यात को पूरी तरह से बंधन मुक्त कर दिया है, जिसका फायदा कालीन आयातक उठा रहे है और दुष्परिणाम कालीन निर्यातक उठा रहे है। वर्तमान समय में भारत सरकार ने कालीन को उधार निर्यात करने की छूट दे दी है, जबकि अप्रैल 1995 के पूर्व बिना बैंक द्वारा भुगतान की गारन्टी के कालीन निर्यात नहीं होता था।[2] परन्तु 1 अप्रैल, 1995 से कालीन निर्यात के सम्बन्ध में यह शर्त हटा दी गई, जिसके फलस्वरूप कालीन आयातक, आवश्यकता तथा अपने भुगतान क्षमता से अधिक कालीन आयात कर ले रहे है, जो विदेशों में 'डम्प' हो रहा है जिसके कारण हमारे कालीनों के वास्तविक मूल्य में गिरावट आ रही है, तथा वे भुगतान करते समय मूल्यों में डिस्काउन्ट की मांग करते है। फलस्वरूप करोड़ो रूपये की विदेशी मुद्रा का भुगतान समय पर नहीं हो पाता है। इस प्रकार इस नीति का फायदा कालीन आयातक तथा दुष्परिणाम निर्यातक उठा रहे है। इस नीति पर तुरन्त प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिये, अर्थात कालीनों का निर्यात बिना बैंक गारन्टी या लेटर आफ क्रेडिट (L/C) के नहीं किया जाना चाहिये।

---

[1] राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी, 1997

कालीन उद्योग : खतरनाक उद्योग की सूची में :

कालीन उद्योग को खतरनाक उद्योगों की श्रेणी में रखा गया है, जो कि अत्यन्त ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वर्तमान समय एव परिस्थिति में इस उद्योग में कोई भी प्रक्रिया ऐसा नहीं है, जिसके कारण इसे खतरनाक उद्योगो की सूची में रखा जाय। कालीन बुनाई का कार्य विश्व के कई देशों में होता है, परन्तु यह कही भी खतरनाक उद्योगों की श्रेणी में नही आता।

कालीन बुनाई में प्रयुक्त हाने वाले सभी प्रकार के ऊनी ध ागे अब पूर्ण रूप से परिष्कृत एव अत्याधुनिक मशीनों द्वारा तैयार किये जाते है, जो किसी भी प्रकार से स्वास्थ्य के लियें हानिप्रद नहीं है। अतएव इसे खतरनाक उद्योगों की श्रेणी मे रखने का कोई औचित्य नहीं है। भारत सरकार की 'वाणिज्य सम्बन्धी ससदीय स्थायी समिति' (1995-96) ने भी अपने 22वें प्रतिवेदन में इसे खतरनाक उद्योगो की श्रेणी से हटाने की सिफारिश की है।

"कालीन उद्योग में वर्तमान में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया अब अधिक जोखिमपूर्ण नहीं है, इसलिए समिति सिफारिश करती है कि इस कानून को पुनरीक्षा करने की आवश्यकता है, जिसमें कालीन उद्योग के रूप में वर्जित किया गया है। सरकार को धागा उतारने इसके मिश्रण आदि से लेकर कालीन बुनाई की विभिन्न स्थितियों एवं प्रक्रियाओं का अध्ययन करना चाहिए और उद्योग को जोखिमपूर्ण उद्योग की सूची से हटा देना चाहिए।"*

---

* राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी, 1997

बाल श्रम अधिनियम 1986 :

इस अधिनियम के अन्तर्गत कालीन बुनाई आदि कार्यो में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित करना संगीन अपराध है। जिससे सजा एवं जुर्माना दोनों का प्राविधान है। बाल श्रमिक समस्या पर बिस्तार से चर्चा अलग से अलगे अध्याय में की गई हैं।

(VI) पर्याप्त वित्तीय सहयोग का अभाव :

कालीन उत्पादन एक लम्बी निर्माण प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है, इसीलिये कालीन उद्योग की जरूरते भी काफी अधिक है। इस तुलना में बैंक एवं अन्य वित्तीय सस्थाओं द्वारा विनियोग काफी कम है। वित्तीय संस्थाओं द्वारा विनियोग एवं कालीन निर्माण एवं निर्यात का अनुताप 1:2 से अधिक नहीं है, जबकि अधिकांश वित्तीय संस्थायें यह अनुपात 1:3 या 1:4 होने की अपेक्षा एवं अनुमान करती है। फलस्वरूप कालीन उद्योग को अपर्याप्त वित्तीय विनियोग का खामियाजा भुगतना पडता है, जिसका फायदा आयातक उठाते है। इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया है कि कालीन बिक्री में कमी के दौरे में एवं मंदी के दौरान वित्तीय संस्थाओं एवं आयातकों द्वारा निर्याताको को अकारण ही परेशान किया जता है। अतएवं इस दिशा में विशेष उपाय करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में वित्तीय संस्थाओं द्वारा कम दर पर दी जाने वाली वित्तीय उधार की व्यवस्था इस प्रकार है–

1. प्रीशिपमेंट एडवांश, 180 दिनों तक - 7.5% वार्षिक
2. पोस्टशिपमेंट एडवांश, राष्ट्रीय ट्रांसजिट - 8.6% वार्षिक काल तक
3. पोस्टशिपमेंट एडवांश, Usance बिल - 8.6% वार्षिक के लिये, 180 दिनों तक
4. अधिकतम उधार दर, सभी अन्य प्रकार - 15% वार्षिक एडवांश पर

उपर्युक्त उधार दर अन्य सेक्टरों के उधार दर की तुलना में यद्यपि कम है ,तथापि कालीन निर्यातक अन्य देश जैसे-चीन, पाकिस्तान, ईरान आदि की तुलना में जहॉ ब्याज दर 6% वार्षिक से कम है, काफी अधिक है। अतः इन देशों से प्रतिस्पर्धा बनाये रखने के लिये कालीन निर्यातको को निम्न ब्याजदर पर वित्तीय सहायता की व्यवस्था करना आवश्यक है।

3.10 समस्याओं का संभावित समाधान :

हस्त निर्मित कालीन एवं दारियों का विश्व बाजार निरन्तर बढ़ता जा रहा है और ऐसा अुनमान है कि सन् 2000 के बाद भी कालीनों की माग बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में कालीन उद्योग को, जो कि अनेक समस्याओं से ग्रस्त है, एवं जिसे विश्वबाजार में ईरान, चीन, नेपाल एवं पाकिस्तान जैसे देशों से तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, अतः अपनी साख बनाये रखने के लिये अधिक प्रयास करने पड़ेगें।

भारत में पाँचवी पंचवर्षीय योजना तक कालीन उद्योग को विदेशी मुद्रा अर्जनकारी एवं रोजगार के महत्वपूर्ण श्रोत के रूप में मान्यता नहीं मिल पायी थी। विगत दो दशकों में कालीन उद्योग के अभूतपूर्व विकास ने योजनाकारों को इस उद्योग में निहित संभावनाओं पर विचार करने को मजबूर कर दिया। वर्तमान समय में उ0प्र0 में कालीन उद्योग के समस्याओं के समाधान हेतु एवं इस उद्योग में निहित संभावनाओं के पूर्ण विकास हेतु निम्न कदम उठाये जाने आवश्यक है-

(I) सरकारी सहयोग :

हस्त निर्मित कालीन उद्योग यद्यपि असंगठित क्षेत्र का कुटीर उद्योग है परन्तु यथोचित सरकारी सहयोग एव प्रोत्साहन मिलने से न केवल उद्योग की उत्पादकता बढायी जा सकती, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ाये जा सकते है। निम्न क्षेत्र में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

ढांचागत सुविधाओं जैसे मानव संसाधन विकास, कर्ज-सुविधा, कच्चे माल की आपूर्ति, विपणन आदि का प्रसार एवं निर्माण में सरकारी सहयोग आवश्यक है। क्योंकि विकासशील अर्थव्यवस्था में बाजार शक्तियाँ (श्रम, उत्पाद, पूंजी) असंतुलित रहती है, एवं संसाधन मूल्य निर्धारित करती है, जो कि उनके वास्तविक मूल्य को नहीं दर्शाती है। इसलिए असंगठित क्षेत्र के उद्योग को असंतुलित बाजार व्यवस्था की कठिनाईयों से

बचाने के लिये सरकारी हस्तक्षेप आवश्यक है।

औद्योगिक विकास के तकनीकी पक्ष में भी सरकारी सहयोग की आवश्यकता है। यद्यपि कालीन उद्योग में आधुनिक तकनीकी के स्थान्तरण की संभावना काफी कम है, क्योंकि कालीन उद्योग का महत्व ही उसके हस्तनिर्मित होने में है, लेकिन तकनीक का उपयोग करघों में सुधार, डिजाइनों के

नवीनीकरण एवं बाजार अनुसंधान एवं व्यवसाय सम्बन्धी सूचनाओं के प्रसार एवं आदान-प्रदान में आवश्यक है। इन सुविधाओं के प्रसार एवं वृद्धि से ही कालीन उद्योग विश्व-बाजार में प्रतिद्धन्द्धिता कर सकता हैं।

(II) मूलभूत ढांचागत सुविधायें :

* प्रशिक्षण कार्यक्रम :

कालीन उद्योग एक श्रम प्रधान उद्योग है, एवं कालीन बुनकर इस उद्योग की जान है। इन्हीं पर उद्योग का भविष्य निर्भर करता है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिये एवं उत्पादन बढाने के लिये बुनकरों की सख्या एव कुशलता दोनों बढ़ाने की आवश्यकता है।

कालीन निर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा मानव संसाधन के विकास का प्रयास किया गया है, एवं बुनकरों के लिये अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम

चलाये गयें है, परन्तु इस दिशा में सीमित सफलता ही प्राप्त हुयी है, क्योंकि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से बनुकरों में अपेक्षित दक्षता बढ़ाने में विशेष सफलता नहीं मिली है। इसीलिये उन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बुनाई कला के गुणात्मक सुधार की ओर ध्यान देना आवश्यक है। प्रशिक्षण को और अधिक बाजारोन्मुख बनाने एवं परम्परागत कुशलता को आधुनिक तकनीकी के समावेश से उच्चकोटि का बनाने की आवयकता है। सरकार को इस तरह की संस्थाओं को मुख्य कालीन क्षेत्रों में स्थापित करने की प्राथमिकता देनी चाहिये, क्योंकि निर्यातक स्वतंत्र रूप से इस तरह की प्रशिक्षण संस्थायें न स्थापित कर सकते है, और न चला सकते है।

(iii) वित्तीय सहायता :

असंगठित क्षेत्र के किसी भी उद्योग में अनौपचारिक संस्थानों के लिये पर्याप्त पूंजी जुटाना सबसे बड़ी समस्या है। कालीन उद्योग के मुख्य स्तम्भ बुनकरों के द्वारा संस्थागत ऋण की मांग न के बराबर है, क्योंकि उन्हें आवश्यक पूंजी निर्यातक ही उपलब्ध कराते है। ~~निर्यातक~~ विभिन्न व्यवसायिक बैंकों के द्वारा चलाये गये विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत निर्यात ऋण प्राप्त कर सकते है। परन्तु समस्या उन छोटी स्वंतत्र इकाईयों की है, जो कि कालीन उत्पादन सीधे बाजार में बेचने के लिये करते है। यद्यपि बैंक एवं वित्तीय संस्थायें इस तरह की इकाईयों को ऋण देने के लिये कुछ नई स्कीमें चला रही है तथापि इस क्षेत्र में अभी कोई भी प्रभावी एवं विश्वसनीय वित्तीय आदान-प्रदान व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

NABARD (National Bank of Agricultural and Rural Development) द्वारा Composite Loan Scheme के अन्तर्गत स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली इकाईयों को 10 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण देने का प्रावधान है। जबकि बैक इस तरह की इकाईयों को Refianance Scheme के अन्तर्गत 6.5 प्रतिशत की दर प्रति बुनकर अधिकतम रूपये 30,000 ऋण प्रदान करती है। परन्तु बैंक किसी नामी मार्केटिंग संस्था के साथ गठजोड़ की शर्त पर ही कर्ज देने के लिये तैयार होते है, जिसे ऋण अदायगी में कोई समस्या न हों।* इस तरह के शर्त से स्वतंत्र इकाईयों के लिये ऋण प्राप्ति कठिन हो जाता है। फलस्वरूप स्वतंत्र इकाईयां अपने पारिवारिक फण्ड पर ही आश्रित रहती है, और अपना कारोबार नहीं बढ़ा पाती।

(iv) कच्चे माल की आपूर्ति :

कच्चे माल के अन्तर्गत केवल ऊनी, सूती, धागे, रासायनिक रंग ही नहीं आते वरन् अर्द्धनिर्मित माल एवं उद्योग के लिये आवश्यक यंत्र आदि भी इसमें शामिल है। कालीन जैसे ग्रामीण कुटीर उद्योग के लिये कच्चे माल की आपूर्ति की समस्या तीन स्तर पर होती है–अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर पर एवं स्थानीय स्तर पर। कालीन निर्यातक/व्यापारी राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय बाजार से कच्चे माल प्राप्त करते हैं, एवं इनकी रंगाई के बाद यह बनुकरों

---

*I NABARD's Policy on financing weavers and other Artisans A.N Singhal

के पास पहुँचती है। सरकार इस क्षेत्र में देश में ऊन के उत्पादन को बढ़ाकर एवं विदेशों से ऊन के आयात पर प्रतिबन्ध लगाकर जहां सस्ते एवं उच्च कोटि के ऊन की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकती है। वहाँ इस प्रयास से कालीन के मूल्य में भी गिरावट आयेगी, जो अन्ततः भारतीय कालीनों को विश्वबाजार में प्रतिद्धन्द्धात्मक बढ़त प्राप्त करने में आसानी होगी।

इसके अतिरिक्त रंगाई के लिये आवश्यक रंग विशेषकर प्राकृतिक रंगों के प्रयोग को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जहां तक कालीन निर्माण में प्रयुक्त यन्त्रों का प्रश्न है, बुनकरों को साधारण औजार जैसे कैंची, पंजा, एव घोड़े के नाल के आकार के चाकुओं की आवश्यकता होती है। इन साधारण औजारों की गुणवत्ता विश्वसनीय होना आवश्यक है।

(V) बेहतर विपणन व्यवस्था :

किसी भी उद्योग एवं उत्पाद के लिये वास्तविक परीक्षा स्थल बाजार ही होता है। चूंकि कालीन का विश्व बाजार काफी विस्तृत है एव उपभोक्ताओं की प्राथमिकतायें भी भिन्न है, इसके लिये एक चुस्त एवं पूर्णकालिक विपणन व्यवस्था का होना आवश्यक है।*

---

*The real test of the product is at the market place As the market for the carpet industry is quite wide and consumers' preferences very, there is a need for having full fledged marketing intelligence (A K Vohra)

वर्तमान समय में कालीन के निर्यात को बढ़ावा देने एवं आवश्यक रणनीति निर्धारण करने का कार्य डेवलपमेंट आयुक्त (हैन्डीक्राफ्ट) जो कि टेक्सटाइल मन्त्रालय के साथ सलंग्न है, के हाथ में है। जबकि वाणिज्य मन्त्रालय के द्वारा अन्तिम निर्णय लिया जाता है। इस दिशा में निर्यातक समूह के निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिये सन् 1980 में कालीन निर्यात सर्वधन परिषद (CEPC) की स्थापना की गयी। यह समिति सरकार को निर्यात प्रभावित करने वाले तथ्यों के बारे में सलाह देती है। विपणन व्यवस्था को सुदृढ करने के लिये निम्न तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक है-

खरीददारों की स्तर की पहचान :

दुर्भाग्य से हमारा निर्यात व्यवसाय आयातकों के चुनाव पर विशेष ध्यान नहीं देता है। निर्यातक हर स्तर के खरीददारों को एक नजर से देखते एवं विदेशी बाजार में आयातक की साख को जानने का प्रयास नहीं करते है। फलस्वरूप हर वर्ग के ग्राहक चाहे वह छोटी दुकान का मालिक हो अथवा बड़ी आयातक संस्था का एक स्तर की सेवा प्रदान की जाती है। वस्तुतः आयातको के स्तर एवं स्थिति की पहचान करना आवश्यक है, एवं उन्हें यह भी अहसास कराना जरूरी है कि आयातक एवं निर्यातक दोनों ही व्यापार के लिये समान रूप से महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में निर्यातक आयातकों, डिपार्टमेटंल स्टोरों व्यापारियों को एक ही मूल्य पर कालीन बेचते है। जबकि अक्सर यह

देखा गया है, कि डिपार्टमेंटल स्टोर एवं अन्य समूह अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिये स्थापित यूरोपीय आयतकों के आर्डर कैंसिंल कर देते है, बदले में स्थापित आयातक भारतीय निर्यातकों को तरह-तरह की बहानेबाजी करके कान्ट्रेक्ट समाप्त करने के लिये मजबूर करते है। इस तरह आर्डरों को निलंबित होने पर निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पडता है। इस तरह की परेशानियों से बचने के लिये ग्राहकों के स्तर की पहचान आवश्यक है। उसी के अनुसार कालीनो के मूल्य निर्धारण होने चाहिये।

स्टाक की अधांधुध बिक्री :

अक्सर निर्यातक अपने एकत्रित स्टाक की बिक्री बहुत ही कम मूल्य पर अंधाधुध कर देते है। इसमें उन्हें तत्कालिक आर्थिक क्षति तो उठानी ही पडती है साथ ही भविष्य में भी आयातक बिक्री मूल्य के निर्धारण में अनावयक रूप से मोल-तोल करने की लाभदायक स्थिति में हो जाता है। इस प्रवृत्ति के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि अधिकांश निर्यातक आर्थिक संसाधनों के अभाव में बहुत लम्बे समय तक अपने उत्पादन को रोके रखने की स्थिति में नहीं होते है, परन्तु इस तरह की बिक्री से आयातक उद्योग एवं व्यवसाय को अपूर्णनीय क्षति तो पहुचाते ही है और साथ-साथ निर्यातकों को अपने उत्पाद के मूल्य को कम रखने पर भी विवश करते है।

मंदीकाल में केन्द्रीय संस्था द्वारा खरीददारी :

पर्याप्त पूंजी की अनुपलब्धता हर वर्ग के निर्यातक को चाहे वह छोटा हो या मध्यम एवं बड़ा हो, लम्बे समय तक अपने स्टाक को रोके रखने में अक्षम बनाती है। उन्हें नये उत्पाद के लिये अपने स्टाक को हानि उठाकर भी बिक्री के लिये मजबूर होना पड़ता है। अन्यथा उनके उद्योग की निरन्तरता नहीं बनी रहती है। इस समस्या का समाधान सरकारी स्तर पर ही सम्भव है। इसके लिये किसी भी केन्द्रीय संस्था के द्वारा मंदी के समय काल में कालीनों की खरीददारी उचित मूल्य पर की जाने की व्यवस्था की जानी चाहिये।*

केन्द्रीय संस्था द्वारा मूल्य निर्धारण :

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (CEPC) एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (AICMA) मिलकर हर डिजाइन एवं गुणवत्ता के कालीनों के मूल्य निर्धारण कर अपने सदस्य निर्यातकों को निर्धारित मूल्य पर कालीनों को बिक्री करने के लिये बाध्य कर सकती है। इस तरह की स्कीम निर्यातकों में एक ही डिजाइन एवं एक ही गुणवत्ता के कालीनों के लिये गला काट प्रतियोगिता को रोकने के लिये आवश्यक है। अलग-अलग निर्यातकों द्वारा एक ही डिजाइन एवं गुणवत्ता के कालीनों के अलग-अलग मूल्य पर बेचे जाने से आयातकों

---
*Marketing Indian Carpets A R Takyar, Silver Jubilee Special

का विश्वास भंग होता है। अतः जितनी जल्दी इस तरह की स्कीम को लागू किया जाय कालीन उद्योग के दीर्घकालीन हित में लाभदायक है।

(vi) निर्यात बढ़ावा योजनायें :

कालीन उद्योग के विकास के लिये निर्यात को बढ़ाने के लिये आवश्यक है कि उसे उन तमाम अधिनियमों एवं कानूनों के जाल से मुक्त किया जाय , जो निर्माता–निर्यातकों के लिये समस्या बन गयी है। सबसे जरूरी है कच्चे माल के आयात के लिये नियमों एवं कानूनों को ढीला बनाना। निर्यातकों को वर्तमान आयकर नियमों से छूट देकर उन्हें व्यवसाय को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित करना आवश्यक है, वरना् कालीन उद्योग प्रगति के स्थान पर स्थिरता की ओर अग्रसर होगा, जो अन्तत· उसे विनाश के कगार पर ला सकता है।

(VII) डिजाइनों का विकास :

हस्तनिर्मित कालीनों की सुन्दरता एवं आभिजात्य उसके परंपरागत नमूनों में ही है जो कि मशीनों द्वारा नहीं बनायी जा सकती है। कालीन की आर्कषकता उसके नमूनों एवं रगों के मेल पर निर्भर करती है। भारतीय बुनकर प्रधानतः ईरानी डिजाइनों की ही नकल उतारते है, परन्तु हमें अपने डिजाइनों का भी विकास करना चाहिये, जिसमें देश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का मिश्रण हो। भगवान बुद्ध, शिव, कृष्ण, राम की प्रतिमा और इनसे जुड़ी हुयी धार्मिक कथाओं

पर आधारित डिजाइनों का विकास आवश्यक है। अंजता-एलोरा की गुफाओं में अनेक आर्कषक भारतीय मोटिफ़ उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मोर, तोता, हिरन जैसे देशी पशु-पक्षी आधारित डिजाइन भी बनाये जा सकते है। विश्व बाजार में नई पीढ़ी की रूचि में बदलाव को देखते हुए प्राकृतिक रंगो, रंगो के मेल एवं विभिन्न मोटिफों के मेल द्वारा नव प्रर्वतन आवश्यक है अन्यथा भारतीय कालीन डिजाइनों की पुनरावृत्ति से अपनी साख खो देंगे।* इसके साथ ही समय की मांग को देखते हुये कम्प्यूटर एडेड डिजाइनों (CAD) का प्रवेश भी आवश्यक है।

(viii) आधुनिक तकनीक :

यद्यपि कालीन उद्योग में आधुनिक तकनीक के अधिक उपयोग के अवसर कम है, क्योंकि उद्योग का महत्व ही इसके तकनीकी रूप से पिछडेपन में है। तथापि बुनाई के अतिरिक्त कालीन निर्माण से जुडी अन्य प्रक्रियाओं में आधुनिकीकरण संभव है, एवं इसकी आवश्यकता भी है। मुख्यतः ऊनी धागों की कताई, रंगाई की सुविधाओं, बेराई, धुलाई आदि प्रक्रियाओं में आधुनिक तकनीकी का उपयोग करके बड़ी निर्याणक इकाईयां स्थापित की जा सकती है। सबसे क्रांतिकारी परिवर्तन NPC द्वारा निर्मित पोर्टबल करघों के प्रयोग को बढ़ावा देकर लाया जा सकता है।

---

*The tradilional designs are good no doubt, but we have to develop our own designs depicting the rich cultural heritage of India Indols of Buddha, Shiva, Krishna, Rama may be incorporated through which the history and rich legends are commemorat Indian motifs, as available in Ajanta and Ellora cover nad matifs of birds and animals like peacocks, parrots, deer, and . may be incorporated (Dr. (Mrs) S Patwardhan and Mr T R Rao)

देश में अभी तक कालीन पारम्परिक रूप से छोटे प्लान्टो पर धोये एवं तैयार किये जाते है। इस प्रकार से तैयार किये गये, कलीनों में वह 'गेटअप' नहीं आ पाता है, जो आधुनिक स्वाचालित प्लान्टो द्वारा धुलाई आदि किये गये कालीनों में आती है। देश में कालीनों की धुलाई के लिये आधुनिक तकनीक न उपलब्ध होने के कारण भारतीय कालीन श्रेष्ठ होते हुये भी ईरानी कालीनों से कम मूल्य प्राप्त करते है। इस दिशा में आधुनीकिरण की तत्काल आवश्यकता है।

(IX) बाजार अनुसंधान एवं प्रोत्साहन :

किसी निर्यातपरक उद्योग में बाजार अनुसंधान का महत्व अत्यधिक है , जिसके अन्तर्गत व्यापारिक सूचनाओं का आदान–प्रदान, क्रेता–विक्रेता सम्मेलन, अर्न्तराष्ट्रीय व्यापार मेलों एवं प्रदर्शनियों में भाग लेना आदि सम्मिलित है। निर्यातकों के लिये आवश्यक है, कि वे विश्वबाजार की निरन्तर बदलती रूचि एवं मांग को प्रभावित करने वाले तथ्यों को समझने के लिये सदैव प्रयत्नशील रहे। इसके साथ ही मांग पूर्वानुमान क्षमता के विकास की भी आवश्यकता है। निर्यातक एवं उत्पादकों के लिये आवश्यक है कि भविष्य में किन डिजाइनों एंव रगों की माग बढेगी, उसका बाजार अनुसंधान के माध्यम से पहले से ही अनुमान कर सके इसके लिये विश्व बाजार के निरन्तर गहन अध्ययन की आवश्यकता है। इसके अभाव से विश्व बाजार की उभरती मांग के साथ उत्पाद समायोजित सम्बन्ध करना कठिन होगा। विशेषता कालीन निर्माण की लम्बी प्रक्रिया के सन्दर्भ

में यह बहुत जरूरी है। बाजार की गुप्त सूचनाओं के अभाव में सबसे अधिक छोटे नियार्तक प्रभावित होते है। CEPC जैसी संस्थायें सेमीनार आदि का आयोजन करके छोटे निर्यातकों को उभरते हुये विश्व परिदृश्य एवं विश्व–बाजार की प्राथमितकाओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान कर सकती है। सरकार ने बाजार अनुसंधान के लिये निम्न विशिष्ट संस्थाओं को नियुक्त किया है –

-Indian Trade Promoation Organisation (ITPO)

-Indian Institute of Foriegn Tade (IIFT)

-Carpet Export Promotion Council (CEPC)

पहली दो संस्थायें मुख्यतः बाजार अनुसंधान एवं बाजार अध्ययन, क्रेता–विक्रेता सम्मेलन एवं वाणिज्य सूचनाओं के प्रचार–प्रसार का कार्य करती है, जबकि CEPC देश में व्यापार मेला प्रर्दशनियों का आयोजन करती है, एवं विश्व के अन्य स्थानों में आयोजित मेलों एवं प्रर्दशनियों में भाग लेती हैं।

(x) बाजार विकास फण्ड (MDF) :

भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नियंत्रित Market Development Fund को और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है।*

---

*Organisation and Support Services D K Mukherjee

वर्तमान समय में कालीन निर्यात के सन्दर्भ में निम्न परियोजनाओं के तहत MDF का सहयोग लिया जा सकता है –

* बाजार/उत्पाद अनुसंधान, क्षेत्र सर्वेक्षण एवं अन्य अनुसंधान कार्यक्रम,
* निर्यात पब्लिसिटी एवं सूचनाओं का प्रसार।
* व्यापार मेलो एवं प्रर्दशनियों में भाग लेना।
* व्यापार प्रतिनिधि मंडल एवं अध्ययन टीम।
* विदेशो में शाखाओं एवं कार्यालयों की स्थापना।
* गुणवत्ता नियंत्रण एवं मालवहन पूर्व निरीक्षण।
* निर्यात बीमा।
* भारत के लिये बाजार–विकास हेतु अन्य कोई भी योजना,

MDF की सहायता मुख्यत· केन्द्रीय संस्थाओं एवं प्रतिष्ठित निर्यात समूहों को ही उपलब्ध होती है। इसलिये इसे अधिकाधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है, जिससे छोटे निर्यातक भी इसका लाभ उठा सके।

(XI) प्रदर्शनी एवं प्रचार :

कालीन का विश्व बाजार प्रधानतः उपभोक्ताओं के रूचि एवं मूल्यबोध पर पूर्णतः आश्रित है। कालीनों के ग्राहक, कला–सामग्रियों के संग्रहकर्ता एव साधारण नागरिक जो मुख्यतः गृह सज्जा के लिये कालीन खरीदते है, दोनों प्रकार के है। इस संदर्भ में प्रदर्शनियों एवं विज्ञापन कालीन की मांग को बढ़ाने में बहुत ही सहायक होते है। परन्तु

अधिकाशंत निर्यातक, निर्यात बढ़ाने के लिये अपने व्यक्तिगत सम्बन्धों पर ही निर्भर पर भी करते है। परन्तु आधुनिक मीडिया एंव विज्ञापन युग में प्रदर्शनियों एवं विज्ञापनों का महत्व अत्यधिक है। विदेशी पत्रिकाओं में कालीनों का विज्ञापन देना भी अत्यधिक सफल हो सकता है। परन्तु भारतीय निर्यातक कदाचित ही ऐसा करते है। अन्य देशों से प्रतियोगिता के लिय भारतीय निर्यातको को व्यापार मेलों एवं प्रर्दशनियों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। CEPC, ITPO द्वारा इस दिशा में और भी सार्थक कदम उठाने की आवश्यकता है।

(XII) स्पर्धात्मक मूल्य नियंत्रण :

निर्यातकों के लिये विश्व बाजार में अपने उत्पादों की स्पर्धात्मक मूल्य को बनाये रखने के लिये पर्याप्त ध्यान देना अति आवश्यक है। कालीनों के मूल्य में गिरावट नहीं लानी चाहिये अन्यथा ग्राहकों को कालीनों की गुणवत्ता पर भ्रम होगा और वे अन्य निर्यातकों की ओर उन्मुख होने के लिये विवश हो सकते है। निर्यातक अपने उत्पादों के मूल्य को तभी बनाये रख सकते है, जब उन्हें सभी कच्चे माल उचित मूल्य पर लगातार उपलब्ध हो। इसके लिये उच्च स्तरीय प्रबंधन व्यवस्था का होना आवश्यक है। निर्यातकों को आधुनिक प्रबंधन तकनीकी को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये, जिससे वे अपने उत्पादन मूल्य को नियंत्रित रख सके, एवं विश्व बाजार में अपने उत्पादों के स्पर्धात्मक मूल्य को एक निश्चित स्तर पर बनाये रख सके।

अध्याय–चार

उत्तर प्रदेश के कालीन उद्योग में बाल श्रमिक : एक विश्लेषण

4.1 कालीन उद्योग में बाल श्रमिक : पृष्ठभूमि

4.2 कालीन उद्योग में बाल श्रम की प्रकृति

4 3 कालीन निर्माण में बाल श्रमिकों की भूमिका

4.4 कालीन उद्योग में बाल श्रमिको की कार्य परिस्थितियाँ एवं मजदूरी

4.5 कालीन उद्योग में बाल श्रमिक : विदेश एवं देशी आपत्तियाँ

4.6 कालीन निर्माण में बाल श्रमिक · कारण

4 7 बाल श्रमिक एव बधुआ मजदूर समस्या

4.8 कालीन उद्योग में बाल श्रमिको की संख्या

4 9 कालीन उद्योग में बाल श्रमिको के विषय में भ्रांतियाँ

4.10 कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों का अर्थशास्त्र

4.11 बाल श्रमिक समस्या . समाधान

(I) सरकारी भूमिका एवं प्रयास

(II) निर्यातको/उत्पादकों एवं करघा मालिको की भूमिका

(III) आयतको की भूमिका

(IV) गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका

(V) विश्वसनीय मानक लेबिल व्यवस्था

अध्याय–चार

उत्तर प्रदेश के कालीन उद्योग में बाल श्रमिक : एक विश्लेषण

4.1 कालीन उद्योग में बाल श्रमिक : पृष्ठभूमि

कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की भूमिका को सम्पूर्ण रूप से समझने के लिये इस उद्योग की संक्षिप्त पृष्ठभूमि एवं वर्तमान में इसके विद्यमान स्वरूप को जानना बहुत आवश्यक है। किसी भी देश की सामाजिक और भौगोलिक परिस्थितियाँ वहाँ की हर गतिविधियों को प्रभावित करती रहती है। शिक्षा, रोजगार और व्यवसाय भी उस देश की भौगोलिक और सामाजिक व्यवस्थाओं से अछूते नहीं रह सकते। कालीन उद्योग का इतिहास इस देश में जितना पुराना है, उतना ही गौरवशाली भी। सामाजिक बनावट के आधार पर परिवार के हर सदस्य की भागेदारी इस उद्योग की आवश्यकता बनती चली गयी। कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की उपस्थिति इसी सन्दर्भ में है। उल्लेखनीय है कि कालीन उद्योग में बुनाई परम्परागत परिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आधारित है। भारतीय परम्पराओं एवं संयुक्त पारिवारिक परिवेश में यह लघु उद्योग पनपता रहा तथा खेतिहर ग्रामीण खेती के कामों से खाली होने पर अपने परिवार के साथ संयुक्त रूप से मिलकर कालीन बुनाई का काम करना, इस उद्योग की मुख्य संस्कृति है। परिवार का बच्चा भी स्कूल, खेलकूद से निवृत्त होकर तथाकथित कालीन बुनाई सीखता है, ताकि बड़े होकर अपने पैरों पर खड़ा हो सकें और

स्वावलम्बी बने एवं अपने पारिवारिक धंधे को आगे बढाये।

4.2 कालीन उद्योग में बाल श्रम की प्रकृति :

कालीन बुनाई की पारिवारिक परम्परा के अन्तर्गत परिवार में बच्चा लगभग 10 वर्ष की उम्र से कालीनों में गॉठ बाधने की कला सीखना आरम्भ करता है एवं चार-पाँच वर्षो तक अपने परिवार के बड़ों के देखरेख में निरन्तर प्रयास से वह एक कुशल बुनकर के रूप में परिणत होता है। एक बाल श्रमिक न तो स्वतंत्र रूप से कालीन बुनने का कान्ट्रैक्ट प्राप्त करता है और न ही सीधे उसे किसी प्रकार का कार्य निर्यातको द्वारा दिया जाता है। वरन् जब वह पूर्ण रूप से वयस्क हो जाता है एवं एक कुशल बुनकर के रूप में अपनी पहचान बना लेता है, तभी वह स्वतंत्र रूप से यह कार्य करता है। 10-15 वर्षो तक लगातार बुनाई के बाद एक बाल श्रमिक एक कुशल बुनकर बन जाता है एवं उच्चकोटि के जटिल नमूनों वाली कलीन बनाने में सक्षम होता है।

भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र के अधिकांश बुनकर छोटे किसान है, जिनके पास एक एकड़ से कम कृषि भूमि है जो कि उनके लिये अर्थिक बीमा के रूप में हैं, क्योंकि कालीन व्यवसाय में मंदी के दिनों में वह कृषि पर निर्भर करते है। कालीन बुनाई का कार्य वह अपनी इच्छा एवं जरूरत के अनुसार करता है, न कि किसी प्रकार के दवाब या विवशता के कारण। बुनकरों के ऊपर कालीन बुनाई का कार्य किसी खास समय अवधि के अन्दर करने का बन्धन नहीं होता है।

कालीन बुनाई की यह पारिवारिक परम्परा कई शतकों से चली आ रही है, और किसी एक स्थान पर एक ही छत के नीच किसी मास्टर बुनकर के देखरेख में बाल श्रमिकों के द्वारा सिर्फ कालीन बुनाई करने के दृष्टान्त नाम मात्र ही है। वह भी पिछले कुछ वर्षो में अर्न्तराज्य श्रम स्थान्तरण के फलस्वरूप कुछेक दशाओं में एक ही छत के नीचे बाल श्रमिकों के द्वारा कालीन बुनाई का कार्य करने के उदाहरण देखने को मिलते है। ऐसे दृष्टान्त अधिक नहीं है इनके आधार पर यह निष्कर्ष निकालना कि कालीन उद्योग बाल श्रमिक पर निर्भर है, उचित नहीं है, क्योंकि परिवार में रहकर बच्चें द्वारा कालीन बुनाई की कला को सीखने की परम्परा बहुत प्राचीन है।

4.3 कालीन निर्माण में बाल श्रमिको की भूमिका :

कालीन उद्योग में कालीन निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं में 8 से 14 वर्ष के बच्चे ही लगे हुये है। ये कालीन निर्माण में मुख्यत बुनाई, बोराई एवं ऊनी-सूती धागों को खोलना एवं उनसे कबली बनाने का कार्य करते है। कालीन उद्योग में कार्य करने वाले कुल बाल श्रमिकों में लगभग 80% बुनाई का कार्य करते है। कालीन उद्योग की प्रकृति ऐसी है, कि बच्चे अपने घर में रहकर ही परिवार के साथ कालीन बुनाई का कार्य करते है, और पारिवारिक आय को बढ़ाने में सहयोग देते है। इस कार्य को करने के लिये उन्हें घर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

कालीन उद्योग की प्रकृति एव परम्परा को देखते हुये कहना अन्यथा न होगा कि बाल श्रमिक कालीन उत्पादन के लिये न केवल जरूरी है बल्कि निम्न सामाजिक आर्थिक कारणों के लिये इस उद्योग के लिये महत्वपूर्ण भी है –

* बाल श्रमिक पारिवारिक आय में महत्वपूर्ण योगदान देते है।

* इस उद्योग में किसी प्रकार की विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत नहीं है क्योंकि इसमें किसी प्रकार की मशीन का उपयोग नहीं होता। फलतः यह बच्चों के लिये पूर्णतः सुरक्षित है। इसीलिये अभिभावक अपने बच्चों द्वारा कालीन बुनाई का कार्य करने में किसी प्रकार का खतरा नहीं महसूस करते है।

* बच्चें अपने घरों में अपनी पसन्द की जगह पर अपनी गति से कार्य कर सकते है। इसलिये उन पर किसी प्रकार का दबाव नहीं होता है।

* कालीन बुनाई से प्राप्त आय बच्चों द्वारा की जाने वाले अन्य कार्य से प्राप्त आय की अपेक्षा काफी अधिक है। फलस्वरूप बुनकर अपने बच्चों को कालीन बुनाई के कार्य में लगाना अधिक श्रेयस्कर एवं लाभप्रद समझते है।

* कालीन बुनाई के कार्य में लगे रहने से न केवल पारिवारिक परम्परा बनी रहती है, बल्कि ग्रामीण जनसंख्या के शहर की ओर पलायन की समस्या भी नहीं उत्पन्न होती।

* उ0प्र0 में महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा कालीन बुनाई की प्रथा लगभग न के बराबर है, जैसा कि कश्मीर एवं जयपुर में है। परिणामस्वरूप अपनी परम्परा को अपनाये रखने के लिये अभिभावक परिवार के बालको पर ही निर्भर करते हैं।

4.4 कालीन उद्योग में बाल श्रमिको की कार्य परिस्थितियाँ एवं मजदूरी :

कालीन उद्योग में लगे हुये बाल श्रमिकों को किस तरह की परिस्थितियों एवं वातावरण में कालीन बुनने का कार्य करना पड़ता है, समझने के लिये कालीन उद्योग एवं निर्माण में लगे लोगों को निम्न समूहों में वर्गीकृत करना आवश्यक है –

* वर्ग–1. निर्यात कम्पनियाॅ/इकाइयाँ
* वर्ग–2. करघा मालिक/कान्ट्रैक्टर/दुकानदार
* वर्ग–3. बुनकर

निर्यात कम्पनियाँ स्वतंत्र रूप से कालीन निर्माण का कार्य बहुत कम ही करती है। वरन् निर्यात के लिये कालीनों का निर्माण वर्ग–2 के प्रतिनिधियों से निम्न में से किसी एक तरीके से करवाती है–

कच्चा माल करघा मालिको/कान्ट्रैक्टरों/बिचौलियों को उपलब्ध कराती है एवं उन्हें अपनी आवश्यकतानुसार डिजाइनों के मिलीमीट्रिक ग्राफ देकर कालीन निर्माण करवाया जाता

है। ऐसी दशा में करघों के मालिक बुनकरों के लिये निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अतिरिक्त 6000 गाँठों पर 25 प्रतिशत कमीशन जिसे स्थानीय भाषा में दिहाड़ी कहते है, प्राप्त करती है।

निर्यात कम्पनियाँ केवल आवश्यक डिजाइनों के मिलीमीट्रिक ग्राफ एवं कलर चार्ट ही निर्देश के रूप में देती है, ऐसी दशा में कान्ट्रैक्टर कच्चा माल की व्यवस्था स्वयं ही करते है एवं प्रति वर्ग मीटर के अनुसार हर कालीन को बेचते है।

कालीन एवं दरियों का निर्माण करघों के मालिक/कान्ट्रैक्टर स्वतंत्र रूप से करते हैं, एवं उन्हें निर्यात कम्पनियों को बेंच देते है।

इस तरह निर्यात कम्पनियों का बुनकरों एवं बाल बुनकरों से सीधा सम्बन्ध लगभग न के बराबर होता है। इस तरह कालीन उद्योग में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका करघा मालिको/कान्ट्रैक्टरों की रहती है, जो कि न तो निर्यात–उत्पादन कम्पनियों के कर्मचारी होते है, और न ही बुनकरों के प्रतिनिधि। यद्यपि वें उन्हें क्षेत्रों से सम्बन्ध रखते है, जिन क्षेत्रों के बुनकरों से ये कालीन बुनवाते है। करघा मालिक बुनकरों को मजदूरी देकर कालीन बुनवाते है। ये बुनकर मास्टर बुनकर भी होते है, और उनके अधीन सीखने वाले बाल बुनकर एवं वयस्क बुनकर भी। जबकि कान्ट्रैक्टर गाँवों में बुनकर परिवारों को कच्चा माल एवं डिजाइन देकर कालीन का निर्माण करवाते हैं। करघा मालिक जिन नये सीखने वाले

बुनकरों को रखते है, उन्हें शुरू में कम मजदूरी देते है और ज्यों–ज्यों उनकी कुशलता बढती है, उनकी मजदूरी भी बढ़ती जाती है।

बुनकरों को साधारणतः मजदूरी उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के दर पर दी जाती है, जो कि प्रति वर्ग मीटर में बुनी गयी गॉठों के आधार पर होती है। मजदूरी की दर श्रमिकों की उम्र पर नहीं निर्भर है। यहां पर यह भी उल्लेख करना आवश्यक है, कि अधिकांश बाल श्रमिक अपने घरों में ही बुनाई का कार्य करते है, एवं ऐसी दशा में यह आवयक नहीं की उनकी कार्य परिस्थितियाँ एवं वातावरण सदैव हानिप्रद हो या उन्हें बलपूर्वक कालीन बुनाई के लिये बाध्य किया जाता है। कुछ करघा मालिको के यहॉ परिस्थितियॉ अनुकूल नहीं भी हो सकती है, परन्तु कालीन उद्योग के साथ वर्तमान समय में अस्वास्थकर परिवेश में भूखमरी से पीड़ित बच्चों से बलपूर्वक कालीन बुनवाने की जो भयावह छवि जोड़ी जा रही है, वह हास्याप्रद है। निश्चित रूप से बलपूर्वक भूखमरी से पीड़ित बच्चें कलात्मक कालीन की बुनाई नहीं कर सकते है।

4.5 कालीन उद्योग में बाल श्रमिक : विदेशी एवं देशी आपत्तियाँ

बाल श्रमिकों की समस्या एक विश्वव्यापी समस्या है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बच्चों की मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक अधिनियम पारित किया है और सन् 1992 में

पारित इस अधिनियम पर भारत ने भी हस्ताक्षर किये है। यद्यपि भारत में अनेक उद्योग जैसे तमिलनाडु के शिवकासी में माचिस उद्योग, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश में कॉच उद्योग, मुरादाबाद में पीतल उद्योग, अलीगढ में ताला उद्योग, मंदसौर, म0प्र0 में स्लेट उद्योग, मर्कपुर आन्ध्र प्रदेश में स्लेट उद्योग तथा इसके अतिरिक्त होटल, स्टेशन, बस स्टैण्ड तथा लोगों के घरों में 2 करोड़ बाल श्रमिक कार्यरत है, तथापि कालीन उद्योग के बाल श्रमिक समस्या को सबसे अधिक प्रचार मिला है। इसका मुख्य कारण है कि भारत तथा विदेशो की कुछ बाल अधिकार संगठन द्वारा भारत में कालीन उद्योगों में बाल श्रमिकों के शोषण, बंधुआ बाल मजदूर एवं कालीन उद्योग के बाल श्रमिकों की अमानवीय दशाओं में कार्य करने के बारे में जोरदार प्रचार किया है।

यूरोपीय देशो में उपभोक्ता किसी ऐसी वस्तु के इस्तेमाल को उचित नहीं समझते, जो कि बाल श्रमिकों के द्वारा निर्मित है, क्योंकि यह उन देशो के कानून एवं सामाजिक प्रथा के विरूद्ध है। सबसे अधिक प्रचार जर्मनी के विकास एजेन्सियों के द्वारा किया गया है एवं UNICEF जैसी संस्थाओं ने भी कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की समस्या को उजागर किया है। टेलीविजन एवं रोडियो पर कालीन उद्योग में कार्यरत बच्चों के शोषण की भयवाह तस्वीरों के प्रसारण से भी पश्चिमी देशों की जनता पर प्रभाव पड़ा है, जहां यह गम्भीरता से माना जाता है "बाल्यकाल किसी व्यक्ति के जीवन का वह काल है जहां उसे शिक्षा एवं प्रशिक्षण मिलना चाहिये न कि रोजगार परिश्रम करना। यह हर बच्चे का

मूलभूत अधिकार है।''*

4.6 कालीन निर्माण में बाल श्रमिक : कारण

बाल श्रम के उद्भव का मुख्य कारण गरीब एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के शोषण की प्रथा है। इस कारण लाभ के लिये बच्चों का शोषण किया जाता है एवं उनको मूलभूत अधिकारियों से वंचित किया जाता है।

* गरीबी बाल श्रम का सबसे बडा कारण है। गरीब परिवार अपने जीवन-यापन के लिये हर सम्भव तरीके से रोजगार के लिये संघर्ष करने पर मजबूर होता है। यह भी समान रूप से सत्य है, कि बाल श्रमिक गरीबी की निरन्तरता को बनाने रखते है, एवं बच्चें पीढ़ी दर पीढी चलने वाली वंशात्मक शोषण चक्र का हिस्सा बन कर रह जाते है। भारत में गरीबी की जड़े सामाजिक असमानता एवं जातिगत छुआ-छूत के कारण अपनी जड़े काफी मजबूती के साथ जमा रखी है जिसके कारण बाल श्रमिकों का लगभग सम्पूर्ण भाग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवार के है। जो कि मुख्यत· निम्न रूप से शोषित होते है-

-अपने अभिभावकों द्वारा लिये गये कर्ज को चुकाने के लिये बधुआ मजदूर बनने को मजबूर है।

-अभिभावकों अथवा परिवार के अन्य सदस्यों के रोजगारहीन होने के कारण।

---

*Childhood is a period of one's life that should be devated not be work but to education and training (The ILO and child Labour Ms Leyla Tegmo-Reddy)

–अपने कार्य के लिये न्यूनतम् मजदूरी नहीं प्राप्त करते।
–मालिकों के द्वारा शारीरिक, मानसिक एवं यौन शोषण का शिकार होते है।

उ0प्र0 में कालीन उद्योग में बाल श्रमिको के कार्यरत होने का एक अन्य कारण है पर्याप्त शिक्षा व्यवस्था का उपलब्ध न होना। इसलिये अनेक बच्चें अन्य कोई उपाय न होने के कारण कालीन बुनाई का कार्य सीखने के लिये मजबूर हो जाते है। साथ ही गरीब परिवार अपने बच्चों को घर से दूर शिक्षा प्राप्त करने के लिये भेजने में असमर्थ होते हैं। उनके लिये अपने बच्चों को घर में ही अथवा आस–पास के गांव में कालीन बुनाई का प्रशिक्षण देने के अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं रहता है। इससे जहां बच्चे–पारिवारिक आय में योगदान देते है वही बुनाई की कला को सीखकर आगे चलकर स्वावलम्बी भी बन सकते है।

4.7 बाल श्रमिक एवं बंधुआ मजदूर समस्या :

उत्तर प्रदेश में कालीन निर्माण में कार्यरत बाल श्रमिकों के साथ बधुआ मजदूरी की समस्या जुड़ी हुई है। भारत में बधुआ मजदूर मुक्ति आन्दोलन के सदस्यों ने इस तथ्य का विदेशों में अत्यधिक प्रचार–प्रसार किया है एवं यूरोपीय देशों में बाल श्रमिक समस्या के इसी पक्ष पर अधिक चिन्ता व्यक्त किया गया है। इस समस्या के समाधान हेतु अनेक गैर सरकारी संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं द्वारा सर्वेक्षण एवं खोजबीन की गई है एवं सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा

संदिग्ध निर्माण इकाइयों के परिक्षेत्र में छापे भी डाले गये है। परन्तु भारत सरकार द्वारा पारित बधुआ मजदूर निवारण अधिनियम, 1976 के अनुसार बहुत ही कम बाल श्रमिक बधुआ मजदूर के रूप में कार्यरत पाये गये है। जिन बाल मजदूरों को बधुआ मजदूर के रूप में चिन्हित किया है उनमें अधिकांश पड़ोसी राज्य बिहार के पालामऊ जिले के प्रवासी मजदूर है जो कि उ0प्र0 के कालीन इकाईयों से मुक्त किये जाने बाद अपने घरों को लौटने के लिये राजी नहीं है। यद्यपि इन मुक्त किये गये बाल श्रमिको को उनके गृह जिलों में भेज दिया गया है, परन्तु अधिकारियों के समक्ष उन्हें पुर्नवासित करने की समस्या बनी हुयी है। इससे यह अभिप्राय नहीं है कि उ0प्र0 के कालीन उद्योग में कार्यरत बाल श्रमिक बधुआ मजदूर नहीं है। कुछेक घटनायें सामनें आयी है जिसमें बाल श्रमिक बधुआ मजदूर के रूप में कार्य कर रहे थे। परन्तु सभी बाल श्रमिक को बधुआ मजदूर मानना एवं प्रचार करना अनुचित है। क्योंकि अर्न्तराज्यीय प्रवासी बाल श्रमिकों को बधुआ मजदूर मानना कालीन उद्योग को कंलकित करती है। भारत सरकार के बधुआ मजदूर अधिनियम, 1976 के धारा–2 (f) एवं धारा–2 (g) के अन्तर्गत बधुआ मजदूर को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है–

धारा–2 (f) "बधुआ मजदूर" का अर्थ है, एक मजदूर जो खुद बधुआ ऋण ग्रस्त है अथवा जिसके उपर बधुआ ऋणग्रस्त होने का दायित्व है।

धारा–2 (g) "बधुआ मजदूरी व्यवस्था" से ताप्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जिसके अन्तर्गत किसी मजदूर को बलपूर्वक

महाजन से निम्न शर्त पर ऋण लेने के लिये बाध्य किया गया है .–

(I) किसी ऐसे अग्रिम भुगतान के सन्दर्भ में जो खुद उसके द्वारा लिया गया हो या उसके किसी पूर्वज द्वारा (चाहे ऐसे अग्रिम का कोई कागजी प्रमाण न हो) या किसी अग्रिम के व्याज के रूप या ऋण के ब्याज के रूप में।

(II) किसी प्रचलित/सामाजिक कर्तव्य के रूप में।

(III) किसी ऐसे बंधन या कर्तव्य के तहत जो कि उसे उत्तरदायित्व के रूप में मिला है।

(IV) किसी ऐसे आर्थिक सहयोग के लिये जो खुद उसे प्राप्त हुआ हो अथवा उसके कुल के किसी पूर्वज को।

(V) किसी विशेष जाति या वर्ग में जन्म लेने के कारण वह –खुद या अपने परिवार के सदस्य के माध्यम से अथवा उस पर आश्रित किसी भी व्यक्ति के माध्यम से कर्जदाता के लिये किसी निश्चित अथवा अनिश्चित अवधि के लिये, बिना वेतन लिये मजदूरी करेगा।

–अपने रोजगार चुनने की स्वाधीनता को निश्चित समय अथवा अनिश्चित समय तक के लिये जब्त रखेगा।

–देश के किसी भी क्षेत्र में घूमने–फिरने की स्वतंत्रता को निश्चित/अनिश्चित अवधि के लिये जब्त कर देगा।

–अपने या अपने परिवार के किसी सदस्य अथवा अपने किसी आश्रित द्वारा तैयार उत्पाद अथवा सम्पत्ति को अपनी इच्छानुसार मूल्य अथवा बाजार भाव पर बेचने की स्वाधीनता जब्त कर देगा यदि वह ऋण चुकाने के समर्थ न हो।

बधुआ मजदूरी की उक्त परिभाषा के अनुसार, कोई भी

व्यक्ति जो कि कालीन उद्योग एवं कालीन निर्माण की प्रक्रिया की थोड़ी बहुत जानकारी रखता है, समझ सकता है कि कालीन उद्योग में बहुत बड़े पैमाने पर बधुआ बाल मजदूर नहीं कार्य कर सकते है। क्योंकि कालीन उद्योग मुख्य रूप से एक कुटीर उद्योग है एवं कालीन बुनाई एक वास्तुकला है न कि यांत्रिक क्रिया जो बधुआ मजदूरी की दशा में नहीं फल-फूल सकता है। परन्तु कतिपय बधुआ बाल मजदूरी के दृष्टान्त कालीन उद्योग में भी पाये गये है और जिन्हें मुक्त कराने की आवश्यकता भी है। अनेक गैर सरकारी संगठन, जिनमें बाल बधुआ मुक्ति मोर्चा अग्रणी है, तथा विदेशी संगठन भी इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहे है। परन्तु कालीन निर्माण में कार्यरत, सभी बाल मजदूरों को बंधुआ बाल मजदूर की संज्ञा देना अतिशयोक्ति है जो कालीन उद्योग को कंलकित कर रही है, एवं पिछले कुछ वर्षो में इस दुष्प्रचार के चक्र में फंसे कालीन उद्योग को इस संकट से उबारने के प्रयास की आवश्यकता है अन्यथा राज्य के इस गौरवशाली उद्योग का भविष्य अंधकार में रहेगा।

4.8 कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की संख्या :

हस्तनिर्मित कालीन उद्योग मूलतः एक श्रम प्रधान उद्योग है। कालीन निर्माण प्रक्रिया में अधिकांश कार्य हाथ से ही किये जाते है, मशीनों का प्रयोग नाम मात्र ही होता है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि कालीन उद्योग में कुल पूंजी निवेश का लगभग 75 प्रतिशत केवल श्रमिकों, जिनमें 80 प्रतिशत बुनकर है, को मजदूरी के रूप में दी जाती है।

कालीन जैसे श्रम प्रधान उद्योग के साथ जब बाल श्रमिकों के मुद्दे को इतनी व्यापकता से लिया जाता है तब इस सम्बन्ध जिस प्रकार का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, उससे यह निष्कर्ष निकालना कि कालीन निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण रूप से बाल श्रमिकों पर ही निर्भर है, स्वाभाविक ही है। परन्तु वस्तुस्थिति इससे कुछ भिन्न है।*

विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा किये गये सर्वेक्षण एवं मीडिया द्वारा बार-बार प्रचार किये जाने वाले एवं नमूने के रूप में सर्वेक्षण किये गये बाल श्रमिकों की संख्या तथा कालीन उद्योग में कार्यरत बाल श्रमिकों की संख्या के बीच वास्तविकता से काफी भिन्नता है। हाल ही में भारत सरकार के हस्तशिल्प विकास आयुक्त द्वारा नियुक्त 'नेशलन काउंसिल ऑफ एप्लाइड एकोनोमिक रिसर्च' (NCAER) ने व्यापक सर्वेक्षण के पश्चात् कालीन उद्योग में कार्यरत कुल 15 लाख श्रमिकों में मात्र 7.58 प्रतिशत बाल श्रमिकों जिनकी उम्र 8 से 14 वर्ष के बीच है, कि कालीन उद्योग से समबद्धता को स्वीकार किया है। इस 7.58 प्रतिशत बाल श्रमिकों में भी लगभग 4 प्रतिशत बच्चें पारिवारिक है, जों अपने परिवार के साथ रहकर कालीन बुनाई का कार्य करते है। शेष 3.58 प्रतिशत बच्चे मजदूरी पर रखे बाल श्रमिक है जो कि बाहरी है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह भी बताया गया है, कि बाहरी बाल श्रमिकों में 56 प्रतिशत उन प्रवासी परिवारों से है, जो पूर्वी उ०प्र० के अन्य जिलों एवं बिहार से रोजगार के लिये

---

*Child lababour in the carpet industry, in particular has attracted a share of attention disproportionate to the member of children cumployed in the industry (Ms Lelya Tegmo-Reddy)

कालीन क्षेत्र में आ बसे है। ये बाहरी बाल श्रमिक भी अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही कालीन बुनाई का कार्य करते है। शेष 44 प्रतिशत बाहरी बाल श्रमिक क्षेत्र के ही आस-पास के गांव से आकर कार्य करते है। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट पर आधारित निम्न आंकड़ा इस बात का पूर्ण रूपेण द्योतक है कि मजदूरी पर कार्यरत बाल श्रमिकों के उन्मूलन से कालीन उद्योग पर कोई संकट नहीं आ सकता। वास्तविक संकट बाल श्रमिक समस्या को बढ़ा-चढ़ा कर बताने, बाल श्रमिकों के बर्बरता पूर्ण शोषण के मनगढन्त भयावह छवि प्रस्तुत करने एवं बाल श्रमिकों की वास्तविक संख्या के सन्दर्भ में भ्रामक प्रचार करने से उत्पन्न विदेशों में भारतीय कालीनों की साख में आयी गिरावट से है। कई पश्चिम देशों ने इस पर प्रतिबंध भी लगा दिया है।

4.9 कालीन उद्योग में बाल श्रमिक के विषय में भ्रांतियाँ :

भारत में बाल श्रमिक समस्या एक व्यापक समस्या है, परन्तु सवाल ये पैदा होता है, कि कालीन जैसे उद्योग जहा बाल श्रमिकों का प्रतिशत इतना कम है, इसके बावजूद इस उद्योग को चर्चा का विषय चुना गया जबकि दूसरे अन्य उद्योगों में बाल श्रमिकों की बहुतायत है। इसका कारण है कि अनेकानेक भ्रांतियों जो कालीन उद्योग में कार्यरत बाल श्रमिकों के बारे में प्रचारित है। इनमें से कुछेक की चर्चा करना प्रासंगिक है-

(I) भ्राँति– यह कि कालीन उद्योग मुख्यतः बाल श्रमिकों पर ही आश्रित है। कुछ संस्थाओं द्वारा प्रचारित किया गया है कि कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की संख्या कुल श्रमिकों का 50–75 प्रतिशत है।

वास्तविकता – सरकार द्वारा नियोजित 'नेशनल काउसिंल आफ एप्लाइड इकोनामिक रिसर्च' द्वारा किये गये सर्वेक्षण रिपोर्ट से ही स्पष्ट है कि कालीन उद्योग में कार्यरत बाल श्रमिकों का प्रतिशत 7.58 प्रतिशत है। जिसमें 4 प्रतिशत पारिवारिक बाल श्रमिक है। NCAER एक विश्वसनीय संस्था है। जबकि अन्य कई गैर सरकारी सर्वेक्षण में बाल श्रमिकों की संख्या काफी बढ़ा–चढा कर बहुत अधिक प्रर्दशित किया गया है जो कि कुछ विशेष क्षेत्रों में की गयी सर्वेक्षण पर आधारित है अतः कालीन उद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

(II) भ्राँति – सबसे ज्यादा लोकप्रिय भ्रांति यह है कि बच्चे अपने नन्हें एवं मुलायम ऊंगलियों की वजह से अच्छे से अच्छा गलीचा एवं दरी बनाते है। अन्य वयस्कों के अनुपात में उनकी ऊंगलियों में लोच ज्यादा होता है इसलिये वे कठिन से कठिन डिजाइन वाले कालीन बुनने में अधिक सक्षम होते है।

वास्तविकता – यह बहुत ही गलत धारणा है एवं इसका इस तरह से प्रचार किया गया है कि पश्चिमी देशों में इसे विश्वनीय माना जाने लगा है। वास्तविकता यह है कि बच्चे

वयस्कों के मुकाबलें बहुत ही खराब कालीन बुनते है, क्योंकि उनमें अनुभव एवं प्रशिक्षण का अभाव होता है। अच्छे एवं कलात्मक कालीनों की बुनाई सदैव कुशल वयस्क बुनकरों के द्वारा की जाती है क्योंकि उन्हें विगत वर्षो का अनुभव रहता है एवं नमूनों की जटिलता को भी वें भली भांति समझते है।

(III) **भ्राँति** – बाल श्रमिकों को लूम मालिकों द्वारा अधिक प्राथमिकता दिया जाता है, क्योंकि बच्चों के छरहरे बदन के कारण कालीन बुनाई किये जाने वाले संकरे स्थान पर आसानी से प्रतिस्थातिप किये जा सकते है।

वास्तविकता – यह भ्रांति अत्यन्त निराधार है। क्योंकि सभी प्रकार के लूम के ताने के पीछे लगभग दो से ढाई फीट चौड़ी जगह बुनाई के लिये उपलब्ध होता है जो कि वयस्क बुनकर के काम करने के लिये पर्याप्त होती है।

(IV) **भ्राँति** – ऐसा साधारणतया माना जाता है कि बाल श्रमिकों को कालीन के कारखानों में भयावह, प्रदूषित परिस्थतियों में गुलामों की तरह बुनाई का कार्य करना पड़ता है।

वास्तविकता – कालीन उद्योग हर प्रकार से प्रदूषण रहित उद्योग है। कालीन की बुनाई कारखानों में नहीं होती है अपितु गांव के छोटे कच्चे घरों में होती है जिनमें बुनकर परिवार रहते है। ऐसे कच्चे घरों में काम करने का वातावरण निःसन्देह खराब है फिर भी यह लूम मालिकों के घर या लूम मालिकों के द्वारा नियोजित श्रमिक के घर के वातावरण से

ज्यादा बद्तर नहीं है। इसके अतिरिक्त अपने घर में रहकर अपने परिवार के सान्धिय में बुनाई का कार्य करना बाल श्रमिकों के लिये हर प्रकार से ज्यादा सुविधाजनक है।

(v) **भ्रॉंति** – लूम मालिकों द्वारा बच्चों को प्राथमिकता दिये जाने की यह भी एक कारण है कि वयस्कों के मुकाबले उन्हें कम मजदूरी दिया जा सकता है।

वास्तविकता – कालीन उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा बुनाई का पारिश्रामिक हिस्सों में भुगतान किया जाता है जो कि 6 हजार गांठ प्रति इकाई के दर पर आधारित होता है चाहे यह इकाई बाल श्रमिक द्वारा बुनी जाय या किसी वयस्क बुनकर द्वारा। अतः बाल श्रमिक एवं वयस्क श्रमिकों के बीच मजदूरी सम्बन्धित अन्तर का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है। यदि कोई बाल श्रमिक कम मजदूरी पाता है, तो वह इस कारण कि उसमें वयस्क बुनकर के मुकाबले उत्पादक क्षमता कम होती है। वास्तव में अयोग्य एव अनुत्पादक श्रम जो कि ज्यादातर बाल श्रमिक पैदा करते है, लूम मालिकों के लिये वयस्क बुनकरों की अपेक्षा ज्यादा खर्चीला साबित होता है। यद्यपि जिस अवधि में बाल श्रमिक लूम मालिकों के यहाँ बुनाई सीखते है उसके दौरान उन्हें मासिक भुगतान दिया जाता है। परिवार के साथ कालीन बुनाई करनें एवं सीखने वाले बाल श्रमिकों पर यह बात नहीं लागू होती है।

(vi) **भ्रॉंति** – अगर बाल श्रमिकों को उसके रोजगार से अलग कर नि·शुल्क शिक्षा दी जाय तो उनकी काफी भलाई होगी।

वास्तविकता – **NCAER** द्वारा किये गये सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह पता चलता है, कि भाड़े पर रखे गये बाल श्रमिकों के वर्ग में 85 प्रतिशत बाल श्रमिक ऐसे परिवारों से सम्बन्धित जहां प्रति परिवार 9.7 सदस्य है।

(VII) भ्राँति – कालीन उद्योग में कार्यरत बाल श्रमिको की शिक्षा एवं चिकित्सिय सुरक्षा हेतु कोई भी प्रावधान नहीं है।

वास्तविकता – अनेकों राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे बाल श्रमिको के उन्मूलन हेतु अर्न्तराष्ट्रीय कार्यक्रम (आई.पी ई.जी.), नेशनल चाइल्ड लेवर प्रोजेक्ट (एन.सी एल पी.) एवं चाइल्ड लेवर एक्शन खण्ड सपोर्ट–प्लान (सी.एल.ए. एस.पी.) ये सभी कार्यक्रम उन्मूलन हेतु सहयोग के लिए संचालित किये जा रहे है। राज्य एवं जिला स्तर पर टास्क कोर्स का गठन किया गया है।

इससे यह स्पष्ट जाहिर होता है कि मॉ–बाप इतने बड़े परिवार का बोझ उठाने में आर्थिक रूप से असमर्थ है, जिससे उन्हें बच्चों को कालीन उद्योग में जीविकोपार्जन के लिये मजबूरी वश भेजना पड़ता है अन्यथा बच्चे भुखमरी के शिकार हो जायेंगे। अतएव सिर्फ निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने से ही कालीन उद्योग से बाल श्रमिकों का उन्मूलन असम्भव ही है। इसमें एक प्रमुख यूरोपीय आयातक श्री टूशमद सालेद के विचार उल्लेखनीय है। यह विचार उन्होंने भदोही–मिर्जापुर कालीन क्षेत्र के भ्रमण के उपरान्त व्यक्त किये। श्री सालेद के विचार में "जीवित रहने के लिये किसी

बच्चे का कार्यरत होना अपराध नहीं है, अगर इस समस्या को विश्व स्तर पर देखा जाये तो पता चलता है गरीबी के कारण दुनिया में 10 करोड़ बच्चे भुखमरी के शिकार है ऐसी स्थिति में अगर बच्चे अपनी भूख मिटाने और जीने के लिये काम करते है तो इसमें कोई बुराई नहीं है।''

4.10 कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों का अर्थशास्त्र :

कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों के नियोजन के दुष्प्रचार के परिणाम स्वरूप कुछ पश्चिमी राष्ट्रो विशेषकर जर्मनी जो कि भारतीय कालीन का सबसे बड़ा आयातक है, ने कालीन के व्यापार पर प्रतिबन्ध लगाने का सुझाव दिया है। अतः यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि बाल श्रमिक उन्मूलन से कालीन उद्योग पर क्या आर्थिक प्रभाव पड़ेगा ?

इस संदर्भ में एक बार पुनः उल्लेख करना आवश्यक है कि कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों का प्रतिशत अन्य कई उद्योगों से इतना कम है, कि आर्थिक दृष्टि से यह विशेष प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। दूसरी बात कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की मौजूदगी मुख्यत. पारिवारिक श्रमिक के रूप में है यद्यपि कुछ करघा धारक बच्चों को रोजगार पर रखते है, लेकिन इनका प्रतिशत कुल नियोजित श्रम का मात्र 3 प्रतिशत है।

दूसरा तथ्य जो कालीन उद्योग में बाल श्रमिक के अर्थशास्त्र से जुड़ा है, वह यह कि बाल श्रमिक अपेक्षाकृत कम मजदूरी पर कालीन बुनाई का कार्य करते है, जो कि

एक भ्रामक प्रचार है। कालीन निर्माताओं द्वारा कालीन बुनाई की मजदूरी 6000 गांठ प्रति इकाई के अनुसार दिया जाता है न कि बाल या वयस्क बुनकर के आधार पर। कुछ लूम धारक बाल श्रमिकों को कालीन बुनाई सीखने के लिये रखते है एवं जिस अवधि में बाल श्रमिक कालीन बुनाई सीखता है, उस दौरान उन्हें मासिक भुगतान किया जाता है।

अतः कालीन उद्योग में बाल श्रमिक के अर्थशास्त्र को समझने के लिये यह भली भांति समझ लेना चाहिये कि इसके उन्मूलन से कालीन उद्योग पर विपरीत आर्थिक कुप्रभाव नहीं पड़ेगा। ऐसे कतिपय लूम मालिक है, जो कि बाल श्रमिकों को नियोजित कर कालीन बुनना सीखाते है एवं कुछ अल्प समय के लिये लाभोपार्जन करते होंगे, जबकि यह तथ्य संदेहास्पद है। क्योंकि अयोग्य एवं अनुत्पादक श्रम अधिकांशतः मंहगा होता है, भले ही मजदूरी कम ही क्यों न हो। अकुशल एवं अनुभवहीन ऊॅगलियां अच्छी कलात्मक कालीन भी नहीं बुन सकती है, और समय भी अधिक लेती है। इसी कारणवश ज्यादातर समझदार लूम मालिक पारिवारिक बाल श्रमिकों को छोड़कर जो कि बड़े होकर कुशल बुनकर बनेंगे एंव अधिक धनोपार्जन करेंगे, अन्य अकुशल बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं कर सकते। यदि तर्क के लिये यह मान भी लिया जाता कि कालीन निर्माण में बाल श्रमिकों के उन्मूलन से ऐसे बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले लूम धारको को आर्थिक हानि होगी। परन्तु यह हानि दीर्घकालिक कदापि नहीं हो सकती क्योंकि एक तो ऐसे लूम धारकों की संख्या काफी कम है, दूसरे ये सभी लूम धारक वयस्क,

ढूढ़ने के लिये बाध्य करेंगी अथवा वे किसी दूसरे व्यवसाय से जुड जायेंगे।

कालीन उद्योग में बाल श्रमिक समस्या के समाधान के लिये सबसे पहले यह आवश्यक है कि समस्या को पूर्णरूप से स्वीकार किया जाये। समय–समय पर इस सम्बन्ध में अलग–अलग तरह के विचार व्यक्त किये गये है, एवं समस्या की गम्भीरता पर भी एवं बाल श्रमिकों की संख्या के विषय में विरोधाभासी तथ्य प्रदर्शित किये जाते है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कालीन उद्योग में बड़ी संख्या में बाल श्रमिक कार्यरत है, चाहे वे पारिवारिक बाल श्रमिक हों या फिर लूम मालिकों द्वारा नियोजित बाल श्रमिक हो अथवा अन्य राज्य के प्रवासी बाल श्रमिक। समस्या को कम आंकने से विदशों में कुछ छुपाने एवं गुप्त रखने की छवि बनती है। अतः समस्या को स्वीकार कर सभी सम्बन्धित पक्ष द्वारा इसके समाधान हेतु सम्मिलित प्रयास ही वांछित है। अत यह सबकी जिम्मेदारी है चाहे केन्द्रीय या प्रान्तीय सरकारी, निर्यातक/उत्पादक, लूम मालिक, आयातक, एवं अन्य क्रेतागण सभी बाल श्रमिक उन्मूलन में अपनी भूमिका निभाये।

(I) सरकारी भूमिका एवं प्रयास :

भारत में न्यूनतम 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी प्रकार का रोजगारपरक श्रम के लिये नियोजित करना कानून विरोधी है। साथ ही भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बाल अधिकार सम्बन्धी घोषणा संधि पर हस्ताक्षर किये है। अतः केन्द्र सरकार का यह कर्तव्य है कि कालीन उद्योग में बाल

श्रमिकों के नियोजन पर कठोर रूप से पाबन्दी लगायें एवं जरूरी कानूनी कदम भी उठाये। गत कुछ वर्षो में केन्द्रीय सरकार एवं प्रान्तीय सरकार ने कुछ विशेष कदम उठाये है जो निम्न रूप में है –

उत्तर प्रदेश सरकार ने भदोही के लिये 'स्पेशल लेबर सेल' का गठन किय है जो बाल श्रमिक के प्रयोग को हर स्तर पर रोकगी। इसी क्रम में सचल अदालत का भी प्रस्ताव है।

उ0प्र0 सरकार ने बाल श्रमिक उन्मूलन हेतु एक विशेष कमेटी का गठन किया है, जो जिलाधिकारी के समन्वय स्थापित करके इस समस्या का निराकरण करेंगी।

राज्य सरकार ने बाल श्रमिकों सम्बन्धी मामलों पर कार्यवाही को तेज कर दिया तथा सितम्बर 1992 से निरीक्षण का कार्य श्रम-विभाग द्वारा कराये जा रहे है। अब तक 55 मामले इस सम्बन्ध में पाये गये है। श्रम विभाग के अनुसार 679 प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान मात्र 8 प्रतिशत बाल श्रमिक पाये गये जो ज्यादातर अपने परिवार के ही साथ पाये गये।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में श्रमिकों के मजदूरी पुर्ननिरीक्षण की कार्यवाही तेजी के साथ हो रही है।

उ0प्र0 सरकार बुनकरों का सेन्सस तैयार कर रही है जिससे उनको विकास से सीधा जोड़ा जा सके।

सरकार ने 'राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना' के अन्तर्गत 20 विशेष स्कूल वाराणसी व मिर्जापुर जनपद में स्थापित किया है जिसमें 40 बच्चे प्रति स्कूल होंगे। उक्त परियोजनान्तर्गत मध्यान्ह भोजन के साथ 100 रूपये प्रतिमाह बजीफे के रूप में बच्चों को दिया जाता है।

अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के सहयोग से 8 कार्यक्रम भारत कार्यक्रम भारत सरकार ने 'इन्टरनेशनल प्रोग्राम फार एलिमिनेशन आफ चाइल्ड लेबर' के तहत शुरू करने का निश्चय किया है।

महिलाओं को कालीन बुनाई का प्रशिक्षण दिलाने के लिये 4 केन्द्र स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से शुरू कराया गया है तथा 3 महिला प्रशिक्षण केन्द्र अखिल भारतीय निर्माता संघ (भदोही) के माध्यम से शुरू किया गया है।

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को अपने प्रयास के साथ ही इस दिशा में विदेशी सहायता प्राप्त करने के लिये हिचकिचाना नहीं चाहिये। उदाहरण के लिये बाल श्रमिकों के लिये पर्याप्त संख्या में स्कूलों की व्यवस्था एवं उसके प्रबन्धन के लिये सरकार को गैर सरकारी समाज सेवी सस्थाओं का भी सहयोग बाल अधिकार सम्बन्धी नियमों के निरन्तर मानिटरिंग के लिये लेना चाहिए।

(ii) निर्यातकों/उत्पादकों एंव करघा मालिकों की भूमिका :

कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों के उन्मूलन हेतु

निर्यातकों/उत्पादकों एवं करघा मालिकों का सहयोग भी बहुत आवश्यक है। उनका यह उत्तरदायित्व है कि वे लाभ के लिये बाल श्रमिकों का नियोजन कालीन बुनने में न करें वरन् बुनकरों के मध्य यह जागरूकता उत्पन्न करें कि बच्चों को स्कूल जाना अधिक महत्वपूर्ण है। इस सन्दर्भ में कालीन निर्माताओं की सबसे बड़ी (एकमा) संस्था 'अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एकमा) द्वारा उठायें गये कतिपय कदमों का उल्लेख करना आवश्यक है।

'एकमा' एवं कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने अपने सदस्यों हेतु आचार संहिता तैयार किया है। जिसके अन्तर्गत सदस्य सुनिश्चित करेंगे कि किसी करघे पर बाल श्रम उपयोग न हो। साथ ही दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से कालीन दरी लूमों का पंजीयन आवश्यक किया है। कोई भी निर्यातक गैर रजिस्टर्ड करघों को बुनने का कान्ट्रैक्ट नहीं देगा। यदि करघा धारक बाल श्रम का उपयोग करते पकड़ा गया तो उसका पंजीकरण निरस्त कर उसके विरूद्ध संवैधांनिक कार्यवाही का प्राविधान किया गया है।

अ0भ0 कालीन निर्माता संघ (एकमा) ने 'ग्रामीण चेतना' कार्यक्रम सितम्बर 1992 से शुरू किया है जिसके अन्तर्गत गांव-गांव ये सदस्य करघा मालिकों को जानकारी दे रहे है कि 'बाल श्रम' का उपयोग न करें क्योंकि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का इस्तेमाल करना 'कानूनी जुर्म' है। इस अभियान का कालीन बुनाई के क्षेत्रों में व्यापक असर पड़ रहा है।

* कालीन निर्माता संघ भदोही के मर्यादपट्टी स्थित कालीन भवन में पहले से ही एक पैथालाजी चल रही है जिसके अन्तर्गत बुनकरों मजूदरों को मुफ्त दवा, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सुविधा योग्य चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है।

* संघ ने एक सचल गाड़ी की व्यवस्था की है जिसमें एक चिकित्सक की व्यवस्था है। यह वाहन कालीन बुनाई वाले दूर दराज के गांवों में जाकर बुनकरों मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उन्हें मुफ्त दवा प्रदान करती है।

* संघ अन्य संगठनों के साथ मिलकर समय-समय पर सेमिनार का आयोजन करता है, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा 'बाल श्रम समस्या एवं उनके निवारण' हेतु विस्तार से विचार-विमर्श किया जाता है।

(III) आयातकों की भूमिका :

यद्यपि कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की समस्या का समाधान भारत द्वारा एवं भारत में ही किया जाना है, तथापि आयातक भी समस्या के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। कुछ पश्चिमी देश इस दिशा में सहायता करने को तैयार भी है। आयातक कुछ गाइड लाइन्स तैयार सकते है, जिससे निर्णय एवं कार्यवाही दोनों ही सही दिशा में हो। आयातक सरकार एवं गैर सरकारी संस्थाओं को बाल श्रमिकों के पुर्नवास एव शिक्षा परियोजनाओं को वित्तिय सहयोग भी प्रदान कर सकते है। आयातक निर्यातकों पर परिस्थिति के बदलाव में सहयोग करने के लिये आवश्यक

दवाब भी डाल सकते है।

(IV) गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका :

कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों की समस्या को प्रकाश में लाने में विभिन्न गैर सरकारी समाज सेवी संस्थाओं ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। समस्या के उन्मूलन में भी इनकी भूमिका उल्लेखनीय है। सर्वप्रथम सभी गैर सरकारी संस्थाओं को यह निश्चित करना चाहिये कि वे सभी सम्मिलित रूप से बाल श्रमिकों के उन्मूलन का प्रयास करें। क्योंकि विभिन्न संस्थाओं में इस विषय पर काफी मतभेद है। गैर सरकारी सस्थायें बाल श्रमिकों के उन्मूलन हेतु निम्न उपाय कर सकती है-

* बाल श्रमिक की प्रथा को समाप्त करने हेतु आवश्यक सामाजिक आर्थिक वातावरण तैयार करना एवं लोगों को बाल श्रमिक नियोजित करने के लिये निरुत्साहित करना।

* बाल श्रमिकों के अभिभावकों एवं परिवारों को इस सन्दर्भ में जागरुक एवं प्रोत्साहित करना।

* विभिन्न पुर्नवास, शिक्षा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी देने के लिये सघन अभियान चलाना।

* जो कालीन उत्पादक एवं करघा मालिक आर्थिक लाभ हेतु बाल श्रमिकों को नियोजित करते है उन्हें विशेष लक्ष्य बनाया जाय एवं उन्हें साफ तौर पर यह बता देना कि कानून का

उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

* बुनकर समुदाय में शिक्षा की मांग को बढ़ाने के लिये अभियान चलाना।

* यह निश्चित करना कि उन बाल श्रमिकों को पर्याप्त सहायता मिलें जिन्होंने बुनाई का कार्य छोड़ दिया है विशेषतः उनकी शिक्षा को सुनिश्चित कराना बहुत आवश्यक है।

* संस्थाओं को प्रयास करना चाहिये कि गांव के ही किसी ऐसी निगरानी समिति का गठन किया जा सके जो स्थानीय रूप से बाल श्रमिक उन्मूलन के प्रयत्नशील रहे एवं स्वयं ही अपने गांव में बाल श्रमिकों का सम्पूर्ण रूप से उन्मूलन कर सके।

* संस्थाओं को उन एजेन्टों एवं दलालों पर कड़ी नजर रखनी चाहिये, जो बाल श्रमिकों की आपूर्ति में लगे हुये है। इनके विरूद्ध अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने में भी सहयोग करना चाहिये।

* संस्थाओं को गांव में सामुदायिक कोष एवं स्वयं सहायता समितियों के गठन का भी प्रयास करना चाहिये, जिससे बाल श्रमिक परिवारों को आवश्यक आर्थिक सहयोग एवं सलाह प्रदान की जा सके।

* बेरोजगार युवकों एवं महिलाओं को कालीन बुनाई का

प्रशिक्षण देने की प्राथमिकता देनी चाहिये जिससे बाल श्रमिक के कालीन बुनाई के कार्य से हट जाने पर कालीन उद्योग में बुनकरों की कमी न हो पाये।

(v) विश्वसनीय मानक लेबिल व्यवस्था :

पिछले कुछ वर्षो में कालीनों को बाल श्रम से रहित घोषित करते हुये कई तरह के लेबिल का उपयोग किया जा रहा है जिन्हें अलग-अलग संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों द्वारा जारी किया गया है। इनमें 'एगमार्क', 'केयर एण्ड फेयर', 'स्टेप' तथा कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा निर्धारित 'कालीन' लेबिल प्रमुख है। ये लेबिल अलग-अलग तरह के आश्वासन उपभोक्ताओं के समक्ष प्रस्तुत करते है। परन्तु इस प्रकार के अलग-अलग लेबिल पश्चिमी देशों के ग्राहकों के सम्मुख भ्रम भी फैलाते है। इस क्षेत्र में यह संभावना हमेशा बनी रहती है कि जाली लेबिल का इस्तेमाल होने से और इसके पकड़े जाने पर आयातकों का विश्वास टूट सकता है। यद्यपि किसी भी लेबिल से बाल श्रमिक समस्या का समाधान नहीं हो सकता फिर भी जब तक कालीन उद्योग से बाल श्रमिकों का उन्मूलन पूर्णरूप से नहीं हो जाता तब तक सरकार द्वारा किसी एक मानक लेबल को मान्यता दिया जा सकता है एवं अन्य लेबल को निरस्त किया जाना भी चाहिये जिससे लेबल को लेकर भ्रम की स्थिति न रहे।*

संक्षेप में कहा जा सकता है कि बाल श्रमिक समस्या

---

*A label it self will not solve the problem . . there should be a standard label and there should be only one lable. (Rager Edberg)

